Page 11



खेल

आईपीएल 2024 : यश दयाल के शानदार प्रदर्शन से बेंगलुर की चेन्नई पर 27 रन की जीत

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

जेल से बाहर आने के लिए छटपटा रहा गुरमीत राम-रहिम, बोला-पैरोल के हकदार हूं

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 20 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 159 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 74, 620 | ₹93,000 |



## आज का इतिहास

- 1965 : कमांडर एम.एस. कोहली के नेतृत्व में पहला भारतीय दल माउंट एवरेस्ट सम्मेलन में पहुँचा।
- 2012 : इटली में आए भूकंप में 27 लोगों की मौत हो गई।

## न्यूज बाइट्स

### महिला सशक्तिकरण के लिए योग का आयोजन

नईदिल्ली (ए.)। नयी दिल्ली 18 मई (वार्ता) अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'नारी सशक्तिकरण के लिए योग' का आयोजन करेगा जिसमें कई जानी-मानी हस्तियां भाग लेंगी। संस्थान की निदेशक डॉक्टर तनुजा नेसारी ने शनिवार को यहां बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दसवें संस्करण की तैयारी के रूप में नयी दिल्ली में 21 मई को एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के कार्यक्रम की मुख्य विषय-वस्तु 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' है।

### दिल्ली पुलिस ने सीएम आवास से सीसीटीवी डीबीआर किया जब्त

नईदिल्ली (ए.)। आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस सीएम केजरीवाल के आवास पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी और डीवीआर जब्त कर लिया है और उसे लेकर जांच टीम वहां से निकल चुकी है। पुलिस ने बताया कि सबूत घटनास्थल का डिजिटल वीडियो रिकॉर्ड (डीवीआर) था, लेकिन इसे अभी तक पुलिस को उपलब्ध नहीं कराया गया है। पुलिस हिरासत की मांग करने वाली याचिका के अनुसार, सीएम आवास के एक जूनियर इंजीनियर ने यह स्वीकार किया कि उसे उस स्थान तक पहुंच नहीं थी, जहां डीवीआर और सीसीटीवी कैमरे लगे थे।

### फल पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने विशेष रूप से आम के मौसम के दौरान फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड पर प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई ने फल कारोबारियों को फल, विशेष रूप से आम पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई ने संबंधित अधिकारियों को कैल्शियम कार्बाइड का प्रयोग फलों को पकाने में 'प्रतिबंध' सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अलावा फल पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का प्रयोग करने वाले व्यापारियों, फल विक्रेताओं, खाद्य व्यवसायियों संचालकों को चेतावनी दी है।

### नगर निगम आज से निःशुल्क आरओ का पानी बांटेगा

पटना (नि.सं.)। भीषण गर्मी में लोगों को ठंडा और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम सोमवार से आरओ का पानी निःशुल्क वितरित करेगा। इसके लिए राजवंशी नगर में आरओ का प्लांट लगाया गया है। प्लांट में एक बार में 4 हजार लीटर पानी का शुद्ध किया जाएगा।

# पांचवां चरण का मतदान आज

**इसमें आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर होगी वोटिंग**

- बड़े शहरों में वोटिंग के लिए नहीं निकल रहे लोग

एजेंसी | नई दिल्ली

पांचवां चरण का मतदान आज है। पांचवां चरण के मतदान से पहले चुनाव आयोग ने लोगों से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। खासकर शहरी लोगों से आयोग ने विशेष अनुरोध किया है। आयोग का कहना है कि मुंबई, ठाणे और लखनऊ जैसे शहरों में पिछले चुनावों में वोटिंग को लेकर उदासीनता देखी गई है। आयोग का कहना है कि दूसरे चरण में भी अन्य शहरों के मुकाबले महानगरों में मतदान कम हुआ था। ऐसे में आयोग ने मतदान से पहले बड़े शहरों के मतदाताओं से खास अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए उपस्थित हों और कम मतदान प्रतिशत के ट्रेंड को बदलें। शहरी मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर उदासीनता को लेकर रणनीति बनाने के लिए आयोग ने मेट्रो शहरों के आयुक्तों के साथ बैठक भी की थी। इससे पहले आयोग ने बताया था कि पिछले चार चरणों में अब तक 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें लगभग 45.1 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस साल फरवरी में मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 97 करोड़ थी। चार चरणों के मतदान में अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 379 सीटों के लिए मतदान पूरा हो चुका है। आज पांचवां चरण के चुनाव में बिहार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके अलावा ओडिशा की 35 विधानसभा सीटों पर भी आज मतदान होगा। इस दौरान 94,732 मतदान केंद्रों पर लगभग 9.47 लाख मतदान अधिकारी तैनात रहेंगे। कुल 8.95 करोड़ से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 4.69 करोड़ पुरुष एवं 4.26 करोड़ महिला और 5409 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

### बिहार में 95,72,186 वोटर करेंगे 80 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला



बिहार में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सारण, हाजीपुर, मधुबनी मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी में वोटिंग होगी। कड़ी सुरक्षा के बीच 20 मई को वोट डाले जाएंगे। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुल 80 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनमें से 5 महिला हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास ने बताया है कि प्रशासन मुस्तैद है। मतदान केंद्रों पर हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे। सेंट्रल फोर्स के जवान की भी तैनाती की जाएगी। मतदान केंद्रों पर गहन निगरानी रखी जाएगी। शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में मतदान को लेकर आयोग पूरी तरह से तैयार है। 9 हजार 433 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। तीन सहायक पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। शहरी क्षेत्रों में 1214 और ग्रामीण इलाकों में 8219 पोलिंग केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुल 11 हजार 323 ईवीएम का प्रयोग किया जाएगा। पांचवें चरण में कुल 95 लाख 72 हजार 186 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें से 49 लाख 99 हजार 627 पुरुष, 45 लाख 11हजार 259 महिला और 300 थर्ड जेंडर वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण में हाजीपुर सुरक्षित सीट पर सबसे अधिक 19 लाख 72 हजार 915 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, सारण सीट पर सबसे कम 18 लाख 790 मतदाता वोटिंग में हिस्सा लेंगे।

### भारत-नेपाल की सीमा 72 घंटे तक सील

भारत नेपाल सीमा के सभी मार्गो पर दोनों देश में आने जाने पर पूर्ण रोक लगा दी गई है। केवल एम्बुलेंस और मेडिकल इमरजेंसी के लिए रियायत दी जा सकती है। एसएसबी अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारत नेपाल की सीमा को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। 20 मई की रात तक दोनों देशों के बीच आपातकालीन सेवा को छोड़कर आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। आपातकालीन सेवा के लिए जिला निर्वाची पदाधिकारी की अनुमति अनिवार्य की गई है। एसएसबी अधिकारी के मुताबिक चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 48 वीं वाहिनी के सीमा क्षेत्र में भारत नेपाल के बीच आवागमन के सभी मार्ग को सील कर दिया गया है। इसकी सीमा जयनगर के बेतौनहा से मधवापुर परसा तक फैली है। आवागमन की सभी सेवाओं पर शुक्रवार रात से 21 मई की सुबह तक पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। 21 मई की सुबह छह बजे से फिर से आवागमन पूर्व की तरह चालू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को दी खुशखबरी

# बिहार में शिक्षकों की और बढ़ेगी संख्या

- बिहार में सुशासन के साथ हर क्षेत्र में विकास हुआ

निज संवाददाता | सिवान



सिवान के बड़कागांव में सीएम नीतीश कुमार ने रैली को संबोधित करते हुए इंडी गहठबंधन पर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने एनडीए से जदयू प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। सीएम नीतीश ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कभी जातीय जनगणना नहीं करा सकते हैं। सीएम नीतीश कुमार ने 400 का आंकड़ा पार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन के साथ हर क्षेत्र में विकास हुआ है। लाखों युवक युवतियों को नौकरी मिली है। 2025 से पहले 10 लाख युवाओं को शिक्षक बनाया जाएगा। अन्य क्षेत्रों में रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने बिहार में हुए जातीय जनगणना को अपने सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए लोगों से पूछा कि कांग्रेसिया कभी जातीय जनगणना करा सकता है क्या? उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से जदयू प्रत्याशी को वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब मैं महागठबंधन के साथ था तो कांग्रेस जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। जब मैं फिर एनडीए गठबंधन के साथ हूं तो कांग्रेस जातीय जनगणना का राग अलाप रहा है। ये लोग कभी जातीय जनगणना नहीं करा सकते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न की धरती से जंगल राज का सफाया करने की उपलब्धि गिनायी। उन्होंने आधी आबादी को आरक्षण और सात निश्चय योजनाओं के तहत किए गए कार्यों को लोगों से नहीं भूलने की अपील की।

## बिहार के 173 एफिलिएटेड कॉलेजों में होगी प्रधानाचार्य की नियुक्ति

पटना(नि.सं.)। बिहार में राज्य के 173 अंगीभूत महाविद्यालयों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर की जाएगी। इसमें नई नियमावली का अनुपालन किया जाएगा। संबंधित पदों के लिए आयोग द्वारा 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। अभ्यर्थियों के लिए पीएचडी की अर्हता अनिवार्य की गई है। इसके अतिरिक्त 15 वर्षों का शिक्षण अनुभव का होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों के अकादमिक करियर पर 80 अंक और साक्षात्कार पर 20 अंक दिए जाएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानाचार्य पद के अभ्यर्थियों का ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा। इसके लिए बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग पोर्टल एक जून से सुलभ होगा। उसके बाद प्रधानाचार्य पद के अभ्यर्थी 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन की डाउनलोडेड हार्ड कॉपी और सभी आवश्यक कागजात, जिसमें प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति, दो प्रतियां स्पाइरल बाइंडिंग के रूप में शामिल होंगी। स्पीड पोस्ट या निबंधित डाक से 10 जुलाई को शाम पांच बजे तक आयोग में भेजना अनिवार्य है। प्रधानाचार्य पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन प्रपत्र का प्रारुप तथा विश्वविद्यालयवार एवं आरक्षण कोटिवार पदों की संख्या सहित आवेदन करने से संबंधित आवश्यक नियम एवं शर्तें जारी किया गया है। प्रधानाचार्य पद के लिए पीएचडी की डिग्री अनिवार्य की गयी है। इस पद के लिए कम-से-कम 15 वर्षों का शिक्षण अनुभव रखने वाले प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर ही आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के लिए यह भी अनिवार्य किया गया है कि कम-से-कम 10 रिसर्च जर्नल में पब्लिश हो। अभ्यर्थियों के लिए एकेडमिक कैरियर पर 80 एवं इंटरव्यु पर 20 अंक निर्धारित किये गये हैं। प्रधानाचार्य का कार्यकाल पांच वर्षों का होगा। उनके प्रदर्शन के आकलन के आधार पर पांच वर्षों के लिए कार्यकाल में विस्तार का प्रविधान है। राज्य के जिन 12 विश्वविद्यालयों के अंगीभूत महाविद्यालयों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की होगी उनमें कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## नरेन्द्र मोदी जेल का खेल बंद कर हमें एक साथ जेल में डाल दें : केजरीवाल

एजेंसी | नयी दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली कमुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप सबको जेल में डाल दीजिए। श्री केजरीवाल ने ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली और देश की जनता देख रही है कि किस तरह से ये लोग आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद श्री सौरभ भारद्वाज और सुश्री आतिशी को भी जेल में डालेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं यह सोच रहा था कि हम सब लोगों को ये जेल में क्यों डालना चाहते हैं। हमारा कसूर क्या है? हमारा कसूर यह है कि हमने दिल्ली के अदर गरीब बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया, सरकारी स्कूल शानदार बनाए। ये लोग शानदार सरकारी स्कूल नहीं बना सकते।

लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बिहार के बेतिया पहुंचे, कहा

## पीओके भारत का है, हम इसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

निज संवाददाता | बेतिया



लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को बिहार के बेतिया पहुंचे। जहां रमना मैदान में उन्होंने पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय जयसवाल के लिए लोगों से वोट करने की अपील की। अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चार चरण का चुनाव हो चुका है। पांचवें चरण का चुनाव कल है। मोदी जी चार चरणों में ही 270 का आंकड़ा पार कर चुके हैं। वहीं, इंडी गठबंधन वालों को चालीस सीट भी नहीं मिल रही है। गृह मंत्री इस दौरान पीओके और आरक्षण पर भी बोले। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। कांग्रेस पार्टी के नेता मणिशंकर अय्यर और लालू यादव के साथी फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, पीओके की बात मत करो। हम भाजपा कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते, ये मोदी की गारंटी है, पीओके भारत का है और रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि बेतिया का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान दे सकता है। अमित शाह ने कहा कि मैं लालू जी से पूछना चाहता हूं कि जब कांग्रेस की सरकार थी, उस समय कोई भी बम धमाका कर के चला जाता था और चुप रहते थे। आप चुप क्यों बैठे रहे थे। लालू यादव पर हमलावर गृह मंत्री ने आगे कहा कि आप इतने दिनों तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे, केंद्र में भी मंत्री रहे। लेकिन क्या आपने कभी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दें का प्रयास किया। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम पीएम मोदी ने किया। अमित शाह ने कहा कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता। लालू यादव कहते हैं मुसलमानों को आरक्षण देना चाहिए। लालू जी किसका आरक्षण काट कर मुसलमानों को दोगे। दलितों का, महादलितों का, पिछड़ों का या आदिवासियों का आरक्षण। इसको स्पष्ट करिए आप।

अमित शाह ने इंडी गठबंधन पर भी जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि अगर ये लोग लोकसभा का चुनाव जीत गए तो प्रधानमंत्री कौन होगा। क्या ममता बनर्जी पीएम बनेगी, या राहुल गांधी पीएम बनेंगे। अरविंद केजरिवाल को तो फिर से जेल जाना है। पाकिस्तान की गोली का जवाब कौन देगा। चांद पर चंद्रयान कौन भेजेगा। इनके पास कोई नेता ही नहीं है। पीएम सिर्फ नरेंद्र मोदी ही बन सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि केंद्र में 10 साल तक सोनिया गांधी-मनमोहन सिंह की सरकार थी। लालू यादव भी मंत्री थे। मैं लालू यादव से पूछना चाहूंगा कि बिहार को कितने रुपये दिए? सिर्फ 2 लाख 80 हजार करोड़। वहीं मोदी जी ने 10 साल में बिहार को 14 लाख 80 हजार करोड़ रुपया दिया है। गृह मंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले जनता को गुमराह करके राजनीति में जीत हासिल करना चाहते हैं। ये झूठका व्यापार करने वाले लोग हैं।

## राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित थे सुशील कु. मोदी : राज्यपाल



पटना (नि.सं.)। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रविवार को कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी पूरी तरह से राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित थे। अपना तन, मन और जीवन समर्पित करने के बाद भी उनकी चाहत थी कि वे समाज के लिए और भी कुछ करें। वे लोगों की मदद के लिए हमेशा खड़ा रहते थे। उनका निधन अत्यन्त पीड़ादायक है। राज्यपाल मां वैष्णो सेवा समिति की ओर से दरियापुर में आयोजित सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुशील मोदी के कार्यों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## आठ दिनों के भीतर दूसरी बार आज बिहार आएंगे पीएम

निज संवाददाता | पटना



महज आठ दिनों के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। बीते 12 मई को पटना में रोड शो में शामिल होने के बाद यहां रात्रि विश्राम करने वाले पीएम आज फिर पटना में रुकेंगे। मंगलवार को वे बिहार के दो लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 25 मई को भी प्रधानमंत्री बिहार के तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरे में वे सातवें चरण के चुनाव क्षेत्रों पाटलिपुत्रा, काराकाट और बक्सर में जनसभा करेंगे। पार्टी नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। आज शाम वे पटना पहुंचेंगे। पटना एयरपोर्ट से वे सीधे हाल ही में दिवंगत हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के परिजनों से मिलने राजेन्द्रनगर जाएंगे। पीएम सुशील मोदी के परिजनों को ढांढ़स बंधाने के लिए आ रहे हैं। इसके बाद पीएम प्रदेश भाजपा कार्यालय आ रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है जब देश के पीएम पार्टी कार्यालय आ रहे हैं। पार्टी कार्यालय में मौजूद दल के नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा कर्मियों से वे मुलाकात करेंगे। खासकर चुनाव प्रबंधन में लगे लगभग आठ दर्जन लोगों से पीएम की मुलाकात हो सकती है। इसके बाद वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रदेश कार्यालय आगमन को देखते हुए उसे बेहतर तरीके से सजाया गया है। पार्टी कार्यालय की करीने से साफ-सफाई की गई है। दो दिनों तक प्रदेश कार्यालय के भीतर किसी गाड़ी की पार्किंग नहीं होगी।

## मानसून निकोबार पहुंचा, 31 मई को आएगा केरल

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अंडमान-निकोबार पहुंच गया है। 31 मई तक यह केरल पहुंच जाएगा। पिछले साल भी मानसून ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई को ही दस्तक दी थी, लेकिन केरल में 9 दिन देरी से 8 जून को पहुंचा था। इस साल मानसून सामान्य तारीख से पहले ही केरल में दस्तक दे सकता है। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। यानी मानसून 28 मई से 3 जून के बीच कभी भी आ सकता है।

# दिल्ली-यूपी समेत उत्तर भारत में गर्मी ने तोड़ा कई सालों का रिकॉर्ड, 47 डिग्री के पार हुआ तापमान



एजेंसी | नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली का हाल गर्मी से बेहाल होना शुरू हो गया है। दिल्ली से सटे नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी तापमान 46-47 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। रविवार (19 मई) को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भीषण गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा जैसे राज्यों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में बढ़ते तापमान के बीच नोएडा के स्कूल भी गर्मी की छुट्टियों के लिए बंद कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश में गर्मी और हीटवेव की स्थिति को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने शनिवार को परिषदीय स्कूलों में करीब 1 महीने के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, मई के महीने में दिल्ली के सफदरजंग में वर्ष 1944 में अब तक का सबसे अधिक तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिल्ली में 80 साल के बाद यह पहला मौका है जब नजफगढ़ में तापमान 47 डिग्री को पार कर गया। नोएडा में भी अधिकतम तापमान 46-47 डिग्री दर्ज किया गया है।

### 15 जून तक मानसून के प्रवेश करने की संभावना

बिहार में 10 जून से मानसूनी हवा चलने लगेगी। 15 जून तक मानसून भागलपुर जिला में प्रवेश कर जाएगा। भागलपुर में औसतन 1100 मिलीमीटर बारिश मानसूनी मौसम में होती है। 2023 में मानसून 20 जून से 13 अक्टूबर तक 116 दिन सक्रिय रहा था। इस दौरान रिकार्ड 1425 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई थी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में 200 मिलीमीटर तक बारिश हुई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस बार 31 मई तक मानसून के केरल तट पर पहुंचने की संभावना जताई है। इसके 10 दिन बाद यानी 10 जून तक मानसूनी हवाएं बिहार के किशनगंज समेत सीमांचल में सक्रिय हो जाएंगी। सीमांचल से कोसी व पूर्व बिहार तक मानसून को पहुंचने में दो से पांच दिन का समय लग सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 15 जून तक भागलपुर, बांका व मुंगेर समेत पूर्व बिहार में झमाझम बारिश शुरू हो सकती है।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### मुफस्सिल थाना क्षेत्र से चोरी गई बाइक बरामद

**मानपुर।** मुफस्सिल पुलिस द्वारा मोहनपुर थाना क्षेत्र के इटवा बाजार से चोरी गई बाइक महज 48 घंटे के भीतर बरामद कर मोहनपुर पुलिस को सौंप दिया।इस दौरान एक युवक को भी हिरासत में लिया है।हिरासत में लिए गए युवक की शिनाख्त बोधगया थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी सुनील पाण्डेय के बेटे स्वराज कुमार के रूप में हुई।बताया जाता है कि तीन बाइक लिफ्टारों द्वारा गुरुवार अपराह्न मोहनपुर थाना के इटवा बाजार से बहोरा निवासी प्रमोद कुमार की बाइक बीआर 02 एटी 3013 गायब कर दिया था। जिसके बाद से ही पीड़ित के परिजन सक्रिय हो गए और बाइक के तलाश में जुट गए। सूत्रों कि माने तो पीड़ित के परिजन बाइक को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसंडा खेल मैदान में देख मामले की सूचना मुफस्सिल थाना को दी।जिसके बाद मुफस्सिल थाना में पदस्थापित पीएसआई रविराज कुमार मौके पर पहुंचे और बाइक सहित लिफ्टर गिरोह के सदस्य को धर दबोचा।

### हत्या के मामले में अभियुक्त दोषी करार, सजा 30 मई को

**गया।** हत्या के एक मामले में अदालत ने एक अभियुक्त को दोषी करार दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम संजय कुमार की अदालत ने गुड्डू कुमार उर्फ नीरज चौधरी को दोषी करार दिया ।जबकि इस मामले के एक अन्य आरोपी संतोष कुमार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया । मामले मे अभियोजन पक्ष से अपर लोक अभियोजक राजीव नारायण ने बताया कि मृतका सूर्यमणि देवी के पति ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी । प्राथमिकी में उन्होंने कहा था कि 23 अक्टूबर 2016 को हरवे हथियार से लैस होकर अभियुक्त गुड्डू कुमार उर्फ नीरज चौधरी ने जमीनी विवाद के कारण सूर्यमणि देवी को गोली मार दी । जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी । मामले में अभियोजन पक्ष से 6 लोगों की गवाही हुई थी । मामले में अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की है । मामला बोधगया थाना कांड संख्या 424/ 2016 से संबंधित है ।

### अफसरों का एक हफ्ते का कटेगा वेतन

**गया।** डीइओ ने तीन माह से स्कूल का निरीक्षण कर रहे शिक्षा विभाग के अफसर व कर्मियों का एक सप्ताह का वेतन कटौती करने का आदेश दिया गया है। बिहार शिक्षा परियोजना के परियोजना निदेशक बी कार्तिकेय धनजी के निर्देश के आलोक में ये कार्रवाई हुई है। जिलास्कूल के निरीक्षण के दौरान मिशन दक्ष के तहत संचालित विशेष कक्षा में चयनित 101 बच्चों में महज आठ ही उपस्थित थे। स्कूल के लैब की स्थिति ठीक नहीं मिली और विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य असंतोषजनक पाया गया था। इसमें कार्यक्रम पदाधिकारी से लेकर निरीक्षण करने वाले अन्य कर्मियों पर कार्रवाई करने दिया गया। साथ ही नवस्थापित उच्च माध्यमिक विद्यालय में 4 साल से अनुपस्थित शिक्षिका के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

### गया क्लब के कार्यकारिणी सदस्य राजन सिन्हा के निधन पर शोक

**गया।** गया क्लब के कार्यकारिणी सदस्य राजन सिन्हा का आकस्मिक निधन हो गया है। ऐसे में गया के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर सह निगम के स्टैंडिंग मेम्बर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने शोक व्यक्त किया है। मेयर ने कहा कि राजन सिन्हा के आकस्मिक निधन अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि राजन सिन्हा जी के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उनका आकस्मिक निधन समाज के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। वहीं शोक व्यक्त करने वाले में उदय श्रीवास्तव, संजू श्रीवास्तव, नवीन बिहारी, बिपिन सिन्हा सहित अन्य शामिल हैं।

### करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**नीमचक बथानी।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के होरमा गांव में एक युवक की मौत बिजली की चपेट में आने से हो गई। मृतक की पहचान होरमा गांव के चंदन कुमार पिता रामोतार यादव उम्र 24 के रूप में हुई है। प्राप्त खबर के अनुसार चंदन कुमार शुक्रवार की रात अपने घर के एक कमरे में सोया था। सुबह उसे कमरे में रहे तूफान पंखा के पास गिरा हुआ पाया गया, जब उसके पिता उसे उठाने की कोशिश की, तो उन्हें बिजली का झटका लगा, फिर बिजली काटकर उसे उठाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद घर मे मातम का माहौल है।

### ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार दो सगे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी

**इमामगंज।** इमामगंज पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र के सेवती गांव में बीती रात अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार दो सगे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में एक भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सेवती गांव निवासी कारु ठाकुर के 27 वर्षीय पुत्र श्रवण ठाकुर के रुप में हुई है। वहीं दूसरा भाई 22 वर्षीय विनय ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इमामगंज में भर्ती करवाया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सलैया थानाध्यक्ष विद्या शंकर, कोठी थानाध्यक्ष संजीत कुमार सहित एसएसबी के अधिकारी और जवानों ने घटनास्थल पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए एएनएमएमसीएच भेज दिया।

### आधार का कोई आधार ही नहीं

**नीमचक बथानी।** आप का घर देश में हो या फिर विदेश में या कहीं भी हो, बस पॉकेट में 1000 हजार रुपए होने चाहिए। आपका या आपके संतान का आधार कार्ड बन जाएगा। जन्म तिथि, नाम और पता समेत किसी भी तरह का सुधार आप मनचाहे तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए किसी अन्य स्थान पर नहीं खिजरसराय प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित आधार सेंटर पर आना होगा और बिचौलियों से सम्पर्क करना होगा। आधार सेंटर का नेटवर्क बाजार में स्थित कई ऑनलाइन दुकानों में भी है। जहां से ऐसे लोगों को आधार सेंटर पर लाया जाता है। फिर उसका आधार कार्ड बनाने का या सुधारने का काम फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के सहारे किया जाता है। इस पूरे नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब ठगी का शिकार हुआ एक व्यक्ति आधार कार्ड डाउनलोड कराने खिजरसराय पंजाब नेशनल बैंक के समीप उस ऑनलाइन करने वाले दुकान पर गया, जहां उससे आधार कार्ड बनाने के लिए 1000 रुपए लिया गया था और प्रखंड कार्यालय में आधार कार्ड बना था। पहले मामले के अनुसार पीएनबी के समीप सिटी प्लाजा नामक मार्केट स्थित दुकान में खिजरसराय बाजार के रविभूषण कुमार ने अपनी पत्नी के साथ अपने पुत्र उत्सव कुमार और पुत्री रिद्धि कुमारी का आधार कार्ड बनाने के लिए सम्पर्क किया। वहां उनसे इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र की मांग की गई। कहा गया कि प्रति आधार कार्ड 2 सौ रुपए लगेंगे। लेकिन जैसे ही दुकानदार को बताया गया कि उनके पास कोई प्रमाण पत्र नहीं है तो बताया गया कि प्रति आधार कार्ड एक हजार रुपए लगेंगे। लेकिन किसी तरह दो आधार कार्ड बनाने के लिए एक हजार में बात फाइनल हुई। फिर दुकानदार ने पैसा जमा लेकर उस महिला व दोनों बच्चों को लेकर प्रखंड कार्यालय गया, जहां उससे बिना कोई प्रमाण पत्र लिए ही थोड़ी देर में आधार कार्ड बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन करने के बाद उसके हाथ में एनरोलमेंट नम्बर का स्लिप दे दिया गया। आधार सेंटर पर उससे न तो कोई पैसा लिया गया और न ही कोई प्रमाण पत्र लिया गया। बस बिचौलिए के माध्यम से सारा काम हो गया।




# चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

## गया के अतरी विधानसभा में अंतिम चरण में होनी है वोटिंग, 338 बूथों पर जुटेंगे मतदाता

निज संवाददाता। गया

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का समय नजदीक आते ही जिला पुलिस और प्रशासन की गतिविधियां तेज हो गईं है। हालांकि गया लोकसभा का चुनाव पहले चरण में समाप्त हो गया है लेकिन पड़ोसी जिला जहानाबाद लोकसभा में 1 जून को मतदान होना है। जहानाबाद लोकसभा में गया जिले का अतरी विधानसभा भी आता है। इस वजह से गया पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी अंतिम चरण को लेकर बढ़ी हुई है। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला पुलिस ने पूरी ताकत झोंक दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती लगातार दौरा कर रहे हैं। लोगों से मिलकर सुरक्षा के मसले पर बातचीत भी कर रहे हैं। गया जिले के अतरी विधानसभा के 338 बूथों पर मतदान होने हैं। मतदान केंद्रों का एसएसपी आशीष भारती लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की भी जानकारी ले रहे हैं।



**जेठियन पुलिस चौकी के लिए आभार किया प्रकटः** इसी क्रम में जेठियन मतदान केंद्र का निरिक्षण किया गया। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि जेठियन पुलिस चौकी के निर्माण से लोग अब ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं। देर शाम तक दुकानें खुली रहती है। देर रात को आवागमन में सुविधा होती है। साथ ही अतरी थाना से दूरस्थ क्षेत्रों और यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाती है। गौरतलब है कि बीते वर्ष 30 दिसम्बर को जेठियन पुलिस चौकी का शुभारंभ एसएसपी आशीष भारती ने किया था।

# संविदा कर्मी सैफ जवान पर शुरू हुई अनुशासनिक कार्रवाई

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के बिहार थाना क्षेत्र के धनेश्वरघाट मोहल्ले में शुक्रवार को संविदाकर्मी सैफ जवान और 112 वाहन के कर्मियों ने बीच सड़क पर एक युवक को बेरहमी से पीटा था। इसका वीडियो वायरल हो गया था। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर एसपी अशोक मिश्रा ने बिहार थानाध्यक्ष रामशंकर सिंह को जांच का जिम्मा सौंपा था। एसपी ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि उन्होंने जांच रिपोर्ट समर्पित कर दिया है। इसमें तीन कर्मियों को दोषी ठहराया गया है। तीनों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। स्पष्टीकरण के बाद कार्रवाई की जाएगी।



♦ नालंदा में युवक को पीटते हुए वीडियो हुआ था वायरल, तीनों जवान से मांगा गया है स्पष्टीकरण

**112 वाहन के कर्मी हैं तीनोंः** दरअसल, रास्ते से गुजर रहे संविदाकर्मी सैफ जवान ने युवक से मारपीट की थी। उनकी सूचना पर 112 वाहन वहां पहुंचा था। उसके चालक सैफ जवान और एक अन्य पुलिसकर्मी ने भी युवक के साथ मारपीट की थी। वायरल वीडियो में यही तीन पुलिसकर्मी दिख रहे हैं। कार्रवाई की गाज भी इनपर ही गिरेगी। सूत्रों की माने तो जिस युवक के साथ मारपीट की गयी थी। वह पुलिस की चंगुल से भाग गया था। इस बारे में वरीय अधिकारी कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। दरअसल धनेश्वर घाट मोहल्ले में कई कोचिंग और ट्यूशन संचालित होते हैं, जहां से अक्सर छेड़खानी के मामले सामने आते रहते हैं। इन्हीं विवादों में छात्रों के गुटों में भी झड़प होते रहती है। शुक्रवार को भी छात्रों का दो गुट आपस में झगड़ रहा था। इसके बाद बाइक से वहां संविदा कर्मी सैफ का जवान पहुंचा और उनमें से एक युवक को पकड़कर पिटाई कर दी।

# 21 मई से लगेगा शरण बाबा महतो महोत्सव सह मेला

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के सरमेरा प्रखंड के परनावां गांव में 21 से 24 मई तक चार दिवसीस राजकीय मेला लगेगा। इसकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खेल तमाशा से लेकर पूजा पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में है। समिति के अध्यक्ष केदार महतो ने कहा कि दो दर्जन स्वयंसेवी मेला में भीड़ को नियंत्रित करेंगे। वो मेले में आए सभी भक्तों की हर सुविधा का ख्याल रखेंगे। यहां श्रीश्री 108 श्री शरणवास बाबा महतो साहब महोत्सव सह मेला लगेगा। भीषण गर्मी को देखते हुए ठहरने और पानी की व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। 30 अप्रैल 2018 को सीएम नीतीश कुमार ने इसे राजकीय मेला का दर्जा दिया था। तब से इस मेले में और चार चांद लग चुकी है। पौने 3 करोड़ की लागत से सभी सुविधाओं से लैस ऑडिटोरियम लोगों के रहने के लिए बनाया गया है।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने पूर्व में ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि साफ सफाई, विधि व्यवस्था, पेयजल, लाइटिंग, शौचालय, अग्निशमन दस्ता, स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के तहत मेला का आयोजन किया जाए। मेला एवं पूजा के सफल आयोजन को लेकर विधि व्यवस्था संधारण को ध्यान में रखते हुए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनुक्ति की जाएगी।

# 250 जरूरतमंदों के बीच टोपी, गमछा और छाता वितरण, भीषण गर्मी में मदद के लिए आगे आई हेल्पिंग हैंड टीम

निज संवाददाता। नालंदा

भीषण गर्मी में गरीबों की मदद के लिए हेल्पिंग हैंड टीम आगे आई है। इस टीम के युवाओं ने रविवार को बिहारशरीफ के अस्पताल चौक, भरावपर, अंबेर, सोहसराय, नईसराय, रामचंद्रपुर और अन्य जगहों पर जाकर कड़ी धूप में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले करीब 250 दुकानदारों और ठेला चालकों को टोपी, गमछा और छाता बांटा। टीम के संयोजक आशुतोष कश्यप ने बताया कि उनका मकसद गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाना है। उन्होंने कहा कि टीम के सदस्य अपनी पॉकेट मनी से गरीबों की मदद करते हैं। ठंड में कंबल, त्योहारों में मिठाई, होली में अबीर गुलाल, जरूरतमंदों को रक्तदान और वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की सेवा करना भी टीम का काम है।



♦ पॉकेट मनी से कर रहे पहल

**आम लोग पहले की सराहना कर रहेः** टीम गरीब और स्लम एरिया में रहने वाले बच्चों को भी मुफ्त शिक्षा देती है। फिलहाल, शहर के बड़ी पहाड़ी, नईसराय और सरकारी बस स्टैंड में तीन स्कूल चल रहे हैं, जिनमें करीब 200 बच्चे पढ़ते हैं। सामग्री वितरण में अमन राज, विवेक कुमार, कर्मवीर कुमार, जया शाह और भारती कुमारी ने मदद की। इस कार्य से गरीबों को काफी राहत मिली है। हेल्पिंग हैंड टीम की इस पहल की आम लोग काफी सराहना कर रहे हैं।

# डुमरीचट्टी मुख्य बाजार में नाली जाम हो जाने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

निज संवाददाता। फतेहपुर

फतेहपुर प्रखंड के डुमरीचट्टी मुख्य बाजार का नाली जाम हो जाने के कारण नाली का गंदा पानी बीच सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क पर बह रहे नाली के गंदा पानी के दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं व बीमारी फैलने की संभावना भी बनी है। प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों के उदासीन बने रहने से लोगों में असंतोष व्याप्त है। बताया गया है कि डुमरीचट्टी बाजार में पिछले एक माह से सड़क जाम है तथा नाली का गंदा पानी बीच सड़क पर बह रहा है। लोग मजबूर होकर इसी नाली के गंदा पानी से होकर सड़क से गुजर रहे हैं। इसी रास्ते से बाबा संडेश्वर नाथ धाम, हनुमान मंदिर, देवी मंदिर पूजा करने के लिए लोग जाते हैं। उन्हें भी उसी गंदा पानी से होकर मन्दिर जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने व उससे निकलने वाले दुर्गंध से बीमारी फैलने की संभावना से भी बाजार के लोग डरे-सहमे हैं।डुमरीचट्टी बाजार के दुकानदार रघुनंदन केशरी, शंभु प्रसाद केशरी, दयानंद गुप्ता, शिवनंदन केशरी, सुखालू साव, सुधीर कुमार आदि ने बताया कि नाली जाम रहने और गंदा पानी सड़क पर बहने से व्यवसाय पर काफी प्रभावित हो रहा है। सड़क पर गंदा पानी जमे रहने से ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। दुकानदारों ने कहा कि समस्या का निदान कराने की मांग प्रखंड प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य सहित प्रशासन से की गई है। लेकिन किसी के द्वारा इस ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।



# फतेहपुर के नक्सल व संवेदनशील इलाकों में एसएसबी ने किया एरिया डोमिनेशन



निज संवाददाता। फतेहपुर

बिहार और झारखंड की सीमा पर स्थित गुरपा थाना क्षेत्र के नक्सल व संवेदनशील इलाकों में एसएसबी व पुलिस ने शनिवार को विशेष सर्च अभियान चलाया। इस दौरान कई संदिग्ध ठिकानों पर और पुल-पुलियों में मेटल डिटेक्टर से सघन जांच भी किया गया। बताया गया है कि सीमा से सटे झारखंड में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव एसएसबी 32वीं के कमांडेंट ललित कुमार के निर्देश पर जी समवाय गुरपा के सहायक कमांडेंट ज्ञानेश्वर सिंह और गुरपा थानाध्यक्ष राजेश पासवान के नेतृत्व में एसएसबी व पुलिस ने संयुक्त रूप से सीमा से सटे नक्सल प्रभावित व संवेदनशील पतवास, बसकटवा, गिधनी, दुन्दु, अलखडीहा, रेंगैनी, टेगैनी, चोढ़ी, गोली आदि इलाके में विशेष सर्च अभियान चलाया। इस दौरान कई संदिग्ध ठिकानों पर और सड़क व पुल-पुलियों का हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं डीप सर्च मेटल डिटेक्टर से सर्च व सघन जांच किया गया। एसएसबी व पुलिस इस जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में लगातार कॉबिंग ऑपरेशन, एरिया डोमिनेशन कर रही है।

# नालंदा में बदमाशों ने चार लोगों को मारी गोली, बिजली का तार लगाने को लेकर हुआ विवाद

## तीन को पैर और एक को सीने में लगी है गोली

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शनिवार की देर शाम मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में एक किशोर समेत 4 लोगों को गोली लग गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवीनगर गांव का है। गोली से घायल लोगों को इलाज के लिए परिजन के द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। घायल के परिजन ने बताया कि गांव में बिजली तार लगाने का काम चल रहा था। बदमाश जबरन बिजली मिस्त्री को दूसरे जगह से तार लगाने का दबाव बना रहे थे। बिजली मिस्त्री ने दूसरी जगह से तार लगाने से मना कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने चार लोगों पर फायरिंग कर दी, जिसमें शैलेंद्र प्रसाद का बेटा नीतीश कुमार (30), नरसिंह प्रसाद का बेटा शिव कुमार (30), रामप्रवेश यादव का बेटा सुजीत कुमार (30) और मुरारी प्रसाद का बेटा छोटू कुमार (12) गोली लगने से जख्मी हो गया। नीतीश, शिव कुमार और सुजीत कुमार को पैर में गोली लगी है, जबकि छोटू कुमार को सीने में गोली लगी है। सभी जख्मी को सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।



**क्या बोली पुलिसः** इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि गोलीबारी की सूचना पर पुलिस गांव में कैंप कर रही है। बिजली का तार लगाने को लेकर विवाद हुआ है। सभी जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# सड़क हादसे में बहन की मौत, भाई घायल, तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शनिवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला है। बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार भाई-बहन जख्मी हो गए। इलाज के क्रम में युवती की मौत हो गई। मृतका बेन थाना क्षेत्र के आर्ट बिशुनपुर गांव निवासी अखिलेश प्रसाद की (19) वर्षीया पुत्री अनुष्का भारती थी। वहीं अनुष्का भारती का भाई रोशन कुमार निजी क्लीनिक में इलाजरत है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि रौशन कुमार अपनी बहन को बाइक पर बैठाकर रहुई थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव अपने ननिहाल से परीक्षा दिलाने बिहार शरीफ के राम लखन सिंह यादव कॉलेज आ रहा था। इसी बीच शोशनदी गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां अनुष्का की मौत हो गई। अनुष्का बीए पार्ट 2 की परीक्षा दे रही थी।



बीए पार्ट 2 की परीक्षा दे रही थी अनुष्का

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। इसके उपरांत स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

दोनों युवक बाइक पर सवार होकर किसी कार्य के लिए भभुआ गए थे, वहां से गांव लौटने के दौरान हुए हादसे का शिकार

# बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत, चालक फरार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बेतरी-मुंडेश्वरी पथ पर मोकरी गांव के पास बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों व ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। दोनों घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मोकरी गांव निवासी श्रीनिवास राम का 20 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश और स्व.सुरेंद्र राम का 23 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक पर सवार होकर किसी कार्य के लिए भभुआ गए थे। वहां से गांव लौटने के दौरान हादसे का शिकार बन गए। इस घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही भभुआ के जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल मोकरी पहुंचे। इस दौरान थानाध्यक्ष मुकेश कुमार भी दल बल के साथ मौजूद रहे। वहीं जिला पार्षद ने दोनों गरीब पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए अंत्येष्टि संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग किया। बताया कि दोनों का परिवार काफी गरीब हैं। इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ हूं। दोनों परिवार पूरी तरह से सदमे मे है क्योंकि दोनों परिवार ने अपना नौजवान बेटा खोया है। एक के पिता कुछ वर्ष पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह चले गए थे। परिवार का वही सहारा था। वह सहारा भी छीन गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कर दिया गया है। इस दौरान उपमुखिया भीम कुमार, बिक्की खरवार, जगत कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुटे थे।

## बाइक पलटने से पति-पत्नी एवं पुत्र घायल

**चांद (कैमूर) (नि. सं.)।** स्थानीय नहर के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर पति-पत्नी व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चांद थाना क्षेत्र के भरोहिया गांव निवासी छोटू राम, उसकी पत्नी मुआ देवी व पुत्र सोविंद कुमार शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि सभी लोग एक ही बाइक पर सवार होकर हाटा बाजार से शादी समारोह की खरीदारी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चांद नहर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे तीनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें चांद सीएचसी लाया गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा तीनों घायलों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# डीएम ने साइकिल पर सवार होकर मतदाताओं को किया जागरूक

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** सासाराम लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग के लिए मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर रविवार को डीएम सावन कुमार जिला के अन्य पदाधिकारियों के साथ साइकिल पर सवार होकर निकल पड़े। इस दौरान डीएम ने हाथों में स्लोगन लिखा तख्ती लेकर लोगों को जागरूक किया। साइकिल से यात्रा करते हुए भभुआ के नगर परिषद मैदान के रास्ते जिला मुख्यालय के कई जगहों पर गए। 5 किलोमीटर लंबी यात्रा के बाद डीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि सासाराम संसदीय क्षेत्र में सभी मतदाता से अपील हे कि 1 जून को मतदान करने जरूर जाए। भभुआ नगर परिषद क्षेत्र में कुल 40 मतदान केंद्र है। वहीं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय ने कहा कि जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में आज नगर परिषद भभुआ के मैदान से कलेक्ट्रेट होते हुए पूरे शहर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। इसके सात ही युवा मतदाता अमृता मौर्य ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए आज निकले है।

## विधानसभा स्तरीय भाकपा माले का कार्यकर्ता कन्वेंशन संपन्न

**अरवल (नि.सं.)।** अरवल सीपीआईएमएल के द्वारा बैदराबाद अशोक सम्राट भवन में अरवल विधानसभा स्तरीय भाकपा माले का कार्यकर्ता कन्वेंशन संपन्न हुआ। जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कन्वेंशन में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ सुरेंद्र यादव के पक्ष में वोट देने के लिए गांव अस्तर तक काम करने का संकल्प दोहराया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता भाकपा माले के प्रखंड सचिव महेंद्र प्रसाद ने की जबकि संचालन जिला परिषद सदस्य शाह शाद ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा माले के विधायक महानंद सिंह ने कहा कि देश के सामने जो संकट गहरा रहा है, इस बार गांव की जनता तक को समझ में आ गया है। मोदी सरकार मुद्दों की बात नहीं कर पा रही है। संविधान, लोकतंत्र को खतरा में डालने का इस बार का चुनाव है। इसलिए गांव के आम लोग अब संविधान बचाने, लोकतंत्र बचाने के लिए जनमत संग्रह करने का चुनाव अभियान शुरू किया है।

# पचास हजार का इनामी अपराधी को जहानाबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार किया है। एससीडीपीओ राजीव कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस कर बताया कि गॉड तिवारी नामक एक अपराधी कोढ़ा गैंग का सक्रिय सदस्यता इसके खिलाफ कई थानों में प्राथमिक दर्ज है। उन्होंने कहा कि जहानाबाद में कुछ दिन पहले एक व्यक्ति पैसा निकाल कर जा रहा था। उसी का पैसा छीनकर ये फरार हो गया। इस घटना में यह व्यक्ति शामिल था। इसके छापेमारी के लिए एक टीम का गठन किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि यह गांधी मैदान के पास मौजूद है। इसी के आधार पर पुलिस द्वारा गांधी मैदान से इसे गिरफ्तार किया गया है। इसके सरगना के बारे में पुलिस जांच कर रही है। इसके सरगना के कई लोगों को पूर्व में भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इस सरगना में इसके परिवार के कई सदस्य भी शामिल हैं। यह व्यक्ति पैसे लूट कर घर खरीदना था। पूरे परिवार कुछ पैसे से सामान खरीद कर रहा करता था। इसके खिलाफ बिहार और यूपी में भी कई कांड दर्ज है।

# मगही गीत गाकर अरवल डीएम ने की एक जून को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान करने की अपील

निज संवाददाता



**अरवल।** अरवल में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साइकिल रैली दूर तो दूर मतदाता जागरूकता के अलावा जिला पदाधिकारी मगही गीत गाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे।

जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने मगही गीत सुनहु जी वोट देव के बेरिया आई गेलई न चलहु चलहु अब मिलिके के अब वोट देवे न सरीखे मगही गीत गाकर मतदाताओं को एक जून को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान करने की अपील की। जिला पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर मगही गीत का वीडियो जारी किया। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन से लेकर विभिन्न प्रखंडों के अधिकारी व कर्मी लगातार अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे ताकि 1 जून को रिकॉर्ड मतदान हो। इसको लेकर स्वयं जिलाधिकारी वर्षा सिंह कभी सड़क पर मसाल जुलूस निकालकर तो कभी संध्या चौपाल लगाकर तो कभी डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को विगत एक माह से जागरूक कर रहे हैं।

डीएम के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में मगही गीत के माध्यम से जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है। डीएम का मगही गीत का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जिला अधिकारी द्वारा गाए गए गीत को लोग खूब सुन रहे हैं।

## आग लगने से पांच बीघा की नेवारी का कुट्टी जलकर राख

**जहानाबाद (नि. सं.)।** शकूराबाद थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव स्थित खलिहान में आग लग जाने के कारण 5 बीघा के नेवारी का कुट्टी जलकर राख हो गया ।मिली जानकारी के अनुसार किसान राम उदय शर्मा के दो बीघा व सिंटू राम के तीन बीघा खेत के नेवारी का कुट्टी काटकर खलिहान में रखा हुआ था ।दोपहर में अचानक कुट्टी से आग के लपटे निकलने लगी और जब तक ग्रामीण समझते तब तक आग बेकाबू हो गया और ग्रामीणों को पहुंचने के पहले ही पूरा कुट्टी जलकर राख हो गया। जिसके कारण दोनों किसानों के पशु चारा की समस्या उत्पन्न हो गई है ।हालांकि आग बुझाने के लिए ग्रामीण तत्पर हुए और खलिहान की ओर दौड़े तब तक दोनो किसान के खलिहान में रखा कुट्टी जलकर राख हो चुका था।

## पुलिस ने शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** उत्पाद विभाग की पुलिस ने मरिचाव गेट व खोरहरा पुल के पास से शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब कारोबारियों में सासाराम थाना क्षेत्र के बनरसिया निवासी विनोद बिंद के पुत्र जितेंद्र कुमार, यूपी के गाजीपुर जिला के करंडा थाना क्षेत्र के अवधू बिंद के पुत्र रामदरश बिंद व जमानिया थाना क्षेत्र के रामपुर सलेमपुर गांव निवासी भैया राम बिंद के पुत्र प्रद्युम्न बिंद शामिल हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सदर अस्पताल में उनकी मेडिकल जांच कराई। फिर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी राकेश कुमार व बमबम कुमार ने बताया कि मरिचाव गेट के पास से 11 लीटर शराब के साथ जितेंद्र कुमार तथा खोरहरा पुल के पास से एक पीस शराब के साथ रामदरश बिंद व प्रद्युम्न बिंद को गिरफ्तार किया गया। जितेंद्र सवारी गाड़ी से शराब लेकर आ रहा था, जबकि रामदरश व प्रद्युम्न बाइक से शराब लेकर आ रहे थे।

# जहानाबाद में दीपांकर सिंगर भट्टाचार्य ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में एक निजी होटल में दीपांकर सिंगर भट्टाचार्य ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि चुनावी चंदा को लेकर इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया है, उसमें भारी घोटाला हुआ है। बड़े-बड़े उद्योगपतियों से इसमें पैसा लिया गया है। इसकी जांच कराई जाए तो बहुत बड़ा घोटाला का पर्दाफाश होगा। इस देश के अंदर चुनावी चंदे के लेकर मोदी सरकार चला रहे हैं। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों से दबाव देकर चंदा वसूल गया है उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आधा काम कर दिया है आधा काम जनता को करना सुप्रीम कोर्ट के देखरेख में इसकी जांच होनी चाहिए। यह स्कीम घोटाले का एक तंत्र है मोदी सरकार भ्रष्टाचार मिटाने की बात करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब सत्ता निरंकुश होगी तो सरकार सही ढंग से काम नहीं करेगी इसलिए इस सरकार को उखाड़ फेंकना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में महागठबंधन की लहर चल रही है। जहानाबाद से जनता की काफी समझदार 1 जून को होने वाले चुनाव में जनता महागठबंधन प्रत्याशी को विजय बनाएगी। इस बैठक में बड़ी संख्या में कर सकता मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार से जनता ऊब चुकी है महंगाई चरम सीमा पर है बेरोजगारी को लेकर नौजवानों में रोष है।

# स्टेडियम बनाने को लेकर खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

निज संवाददाता




**नोखा (रोहतास)।** रोहतास के नोखा नगर परिषद में स्टेडियम बनाने की मांग को लेकर युवाओं और खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। स्टेडियम नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ प्रदर्शन किया। सभी बाजार समिति के मैदान में जुटे और इसके बाद स्टेडियम नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए प्रदर्शन किया गया। पूर्व खिलाड़ियों, वर्तमान खिलाड़ी और तैयारी करने वाले युवा छात्र ने एक स्वर में नारा लगाया कि स्टेडियम नहीं तो वोट नहीं देंगे। बाजार समिति के मैदान में स्टेडियम बनाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में लोग उपस्थित हुए और बैनर लगाकर के प्रदर्शन किया गया। पूर्व खिलाड़ियों के द्वारा भी युवाओं का समर्थन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पूरे नगर क्षेत्र में एक भी स्टेडियम नहीं है। खिलाड़ियों की खेलने की जगह नहीं है। प्रतियागी परीक्षा के परीक्षार्थी भी फिजीकल परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। कई बार नोखा बाजार समिति के मैदान में स्टेडियम बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारियों से मांग की गई है, लेकिन हम लोगों की माग को अनसुनी कर दी जाती है। इसी कारण यह निर्णय लिया गया कि युवा और खिलाड़ी वोट का बष्किार करेंगे। इस मौके पर स्टेडियम बनाओ संघर्ष मोर्चा के राजू तिवारी, अशोक चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता विजय सेठ, अजय चौधरी, मुरलीधर सिंह, संतोष कुमार, टुनटुन केसरी, मदन कुमार, अनुज कुमार, सुरजीत कुमार, ओम प्रकाश चौधरी, प्रोफेसर श्याम लाल सिंह, बाकन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गोपाल कुमार, सोनू कुमार, जय गोबिंद, मनोज कुमार, सहित कई लोगों उपस्थित रहे।

## आग बुझाने के दौरान व्यक्ति झुलसा

**मोहनिया (कैमूर) (नि. सं.)।** झोपड़ी में लगी आग बुझाने के दौरान एक व्यक्ति झुलस गया, जिसका इलाज मोहनिया अनुमंडल अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भभुआ थाना भभुआ थाना क्षेत्र के रतवार गांव निवासी कृष्णा पांडे के झोपड़ी में अचानक आग लग गई। झोपड़ी में एक गाय बांधी थी आग लगने के बाद गाय को झोपड़ी से बाहर निकालने के दौरान कृष्णा पांडे झुलस गए।

# एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने चुनावी मतदाताओं से अपने पक्ष में मत देने के लिए किया जनसंपर्क

निज संवाददाता

**इंद्रपुरी (रोहतास)।** डेहरी प्रखंड क्षेत्र के भलुआड़ी पंचायत के लक्ष्मण बीघा, भगवान बिगहा, धनी बीघा तथा पितांबरपुर गांव में एनडीए प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने चुनावी मतदाताओं से अपने पक्ष में मत देने के लिए जनसंपर्क किया। उन्होंने मौके पर तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों से अपील किया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यक्रम व योजनाओं को सराहा और कहा कि कोई भी ऐसा देश का व्यक्ति नहीं होगा जिसे मोदी जी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का सीधे लाभ नहीं मिल रहा हो। वहीं लक्ष्मण बिगहा में डॉ नवीन कुमार, भगवान बीघा में रवि कुमार, पीतांबरपुरा में कामेश्वर सिंह एवं घनी बीघा में संजीव कुमार के नेतृत्व में उपेंद्र कुशवाहा का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर कपिल कुमार, श्यामबिहारी राम, अनिल ओझा सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# जिले के गांवों के एक लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य

निज संवाददाता



**अरवल।** अरवल जिले में हर घर स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान अरवल मुख्यालय के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हो चुका है। जिले के सभी प्रखंडों के गांव में बिजली विभाग की पूरी टीम ने सभी ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पहले उन्हें प्रेरित किया। उसके बाद स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की गई। ग्रामीण इलाकों के क्षेत्र में तकरीबन एक लाख सोलह हजार बिजली उपभोक्ता हैं, जहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे इसके साथ ही अगर कोई मीटर नहीं लगाएगा तो उनके घर की बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिजली विभाग के पदाधिकारी के अनुसार पूरे अरवल नगर परिषद शहर में तकरीबन 16 हजार बिजली उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट मीटर लग चुका हैं, अब सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। अभी तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दो हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। जिले के करपी प्रखंड में करीब 618 से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाया गया है। सोनभद्र बंशी प्रखंड में 360 ए स्मार्ट मीटर लगाया गया है। कलेर प्रखंड में 400 से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं जबकि कुर्ता प्रखंड में भी 600 से ज्यादा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घर में लगाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जोर-शोर से स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। लोगों को मिलेंगी कई सुविधाएं स्मार्ट मीटर लगाने से कई फायदे हैं। मीटर रीडिंग हो जाती है और बिजली बिल की जानकारी घर बैठे मोबाइल पर अपडेट हो जाती है। लोगों को अब कई सुविधा मिलेगी, अब उन्हें बिजली बिल के लिए बिजली कार्यालय आना और चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। वहीं इस मौके पर बिजली विभाग के पूरे टीम अरवल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन एक लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं जिनका अब हर गांव-गांव में स्मार्ट मीटर अभियान की शुरुआत कर दी गई है, सभी जेईई को हर दिन 30 से 50 घर का टारगेट पूरा करने के साथ स्मार्ट मीटर तेजी से लगाया जा रहा है। क्यों लगाए जा रहे हैं स्मार्ट प्रीपेड मीटर? स्मार्ट प्रीपेड मीटर से यह होगा कि उपभोक्ता जितने रुपये का रिचार्ज करवाएंगे, उतनी ही बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। ये मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। घरों में इस मीटर के लगाए जाने के बाद बाइपास बिजली, मीटर से छेड़छाड़ आदि बिजली चोरी से जुड़े कार्य नहीं किए जा सकेंगे। यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करने का प्रयास भी करेगा तो मीटर से सीधे इससे संबंधित मेसेज विभाग के कंट्रोल रूम को मिल जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से उपभोक्ता बिजली का लाभ ठीक वैसे ही उठाएंगे, जैसे मोबाइल रिचार्ज कराकर बातचीत करने या इंटरनेट सेवा का लाभ उठाते हैं। ये मीटर उपभोक्ताओं के सीधे मोबाइल से जुड़ा होगा। उपभोक्ता को प्रतिदिन इसकी जानकारी होती रहेगी कि वह कितने यूनिट व कितने रुपये की बिजली इस्तेमाल कर चुके हैं। उपभोक्ताओं को भी बहुत फायदा अरवल विद्युत कार्यपालक अभियंता परवेज अहमद ने बताया कि कैसे स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को भी बहुत फायदा हुआ है। मीटर रीडिंग नहीं होना, गलत बिल आना, बिजली चोरी जैसी समस्याओं से अब निजात मिल गया है। मौजूदा समय में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। करीब जिले में 2000 से ज्यादा उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा चुका है दो वर्ष के अंदर सभी एक लाख उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# विपक्षी प्रधानमंत्री द्वारा बिहार लगातार हो रहे दौर से हताश हो गए हैं : भवन निर्माण मंत्री जयंत राज

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में लोकसभा का चुनाव अंतिम चरण में 1 जून को होना है। ऐसी स्थिति में जहानाबाद में नेताओं का जमावड़ा लगने लगा है। चुनाव के दौरान एक तरफ जहां बीजेपी बिहार के 40 की 40 सीट जीतने का पुरजोर दावा कर रही है। वहीं, उसके सहयोगी JDU का कहना है कि इस बार अच्छी संख्या में बिहार में हम और हमारे सहयोगी सीट जीतेंगे। 40 सीट जीतने के दवा पर जदयू के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा कि जहानाबाद में जदयू के प्रत्याशी के रूप में चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के मुख्य कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर पूछे जाने पर कहा कि हम लोग बिहार के 40 सीटों में इस बार अच्छी संख्या में सीट पर जीतेंगे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदाता NDA के समर्थन में एकजुट हैं। इस मौके पर बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि विपक्षी प्रधानमंत्री द्वारा बिहार लगातार हो रहे दौर से हताश हो गए हैं।

यही कारण है कि तेजस्वी प्रसाद यादव प्रधानमंत्री पर आरोप लगा रहे हैं कि मुद्दे की बात प्रधानमंत्री नहीं करते हैं। उन्होंने तेजस्वी प्रसाद यादव के इस बयान को खारिज करते हुए कहा कि बिहार अब आगे बढ़ चुका है। चरवाहा विद्यालय नहीं खोला जा रहा है, इसलिए तेजस्वी प्रसाद यादव को लग रहा है कि मुद्दे की बात नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के 40 की 40 सीट इस बार एनडीए जीतेगी। प्रधानमंत्री भारत के प्रधानमंत्री है और भारत में ही बिहार आता है ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री बिहार झारखंड बंगाल सभी जगह पर चुनाव प्रचार करने के लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के ताबड़तोड़ दौर से तेजस्वी प्रसाद यादव के पेट में दर्द होने लगा है। आने वाले 4 जून को तेजस्वी प्रसाद यादव को पता चल जाएगा कि बिहार में किस के पक्ष में जनता वोट करती है इस मौके पर जदयू भाजपा एवं उसके सहयोगी दल के कई नेता मौजूद थे।

# अंधकार में जीने को मजबूर हैं हरदिया के दर्जनों गांवों के लोग, भीषण गर्मी में जीना हुआ दुश्वार

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र समेत पूरे जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। इस दौरान यदि बिजली कट जाती है, तो लोगों बेहाल होकर बिजली विभाग के कार्यालय से लेकर सहायक अभियंता समेत अन्य पदाधिकारियों के पास फोन करके बिजली कटने के कारण और कब तक बिजली मिलेगी यह जानने के लिए दूरभाष के माध्यम से जानने की कोशिश करने लग जाते हैं। वहीं प्रखण्ड के हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के पास स्थित जमुनदाहा, नावाडीह, झराही, डेलवा, पिपरा, परतौनिया, झराही एवं चोरडीहा समेत दर्जनों गांवों में बीते कई वर्षों से बिजली आपूर्ति बाधित है। जिसके कारण लगभग हजारों घरों में 15000 लोग टेक्नोलॉजी के युग में भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। साथ ही भीषण गर्मी में भी उक्त गांवों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के कारण बच्चों की पढ़ाई एवं मोबाइल चार्ज करने में काफी परेशानी हो रही है। साथ ही भीषण गर्मी के वजह से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की तबियत बिगड़ रही है। जिसका इलाज गांव के स्थानीय मेडिकल प्रैक्टिशनर करते हैं। अथवा ज्यादा तबियत बिगड़ने पर रजौली स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। 1.नावाडीह के सकिन्द्र राम कहते हैं कि बीते दस वर्षों पूर्व गांव में सोलर प्लेट लगाया गया था, जो मात्र एक वर्ष ही सही रूप से कार्य किया। उसके बाद सोलर लाइट खराब हुआ है, जो अबतक खराब पड़ा हुआ है। गांव में दिन में तो चहल-पहल रहती है। किंतु जैसे ही शाम होता है, लोग घरों में दुबक कर बैठ जाते हैं। वहीं गांव के लोग लाइटों के लिए छोटे-छोटे चाइना सोलर लैम्प का उपयोग करते हैं, जो दो-तीन माह बाद खराब पड़ जाता है। जिसके कारण उन्हें पुनः नई चाइना लैम्प खरीदना पड़ता है। इसलिए लोग रात्रि का खाना दिन में ही बना लेते हैं, ताकि लाइट का कम से कम उपयोग हो और चाइना लाइट ज्यादा दिन तक चले।वहीं ग्रामीण को मोबाइल चार्ज करने के लिए बैटरी पर निर्भर रहना पड़ता है। जबकि कुछ ग्रामीण तो रजौली बाजार आकर मोबाइल चार्ज करते हैं।उन्होंने स्थानीय पदाधिकारी समेत जिलाधिकारी से बिजली मुहैया कराने की गुहार लगाई है। 2.जमुनदाहा गांव निवासी जितेंद्र सिंह कहते हैं कि फुलवरिया डैम के इस पार के लोगों के पास जीवन जीने के लिए किसी प्रकार का व्यवसाय नहीं है। इसलिए अधिकांश लोग जंगली जीवन जीने को मजबूर हैं। वहीं कुछ लोग जंगल में सूखे लकड़ियों को बेचकर जीवन जी रहे हैं, तो कुछ लोग रजौली आकर मजदूरी कर अपने परिजनों का पालन-पोषण कर रहे हैं।साथ ही कहा कि बिहार से झारखण्ड अलग हुआ तो कुछ वर्षों तक झारखण्ड से कुछ गांवों को बिजली मिलती रही एवं बाद में झारखण्ड से बिजली काट दी गई। जिसके बाद दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने बिजली विभाग, प्रखण्ड कार्यालय एवं अनुमण्डल कार्यालय समेत जनप्रतिनिधियों से बिजली आपूर्ति हेतु गुहार लगाई। किन्तु इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि हम आपके माध्यम से जिलाधिकारी से गुहार लगाते हैं कि वे हम गरीबों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए बाधित बिजली आपूर्ति पुनः बहाल करवाएं। ताकि हमसभी ग्रामीणों का जीवन खुशहाल हो सके। इस बाबत पर हरदिया पंचायत के मुखिया रहे पिन्टू साव ने कहा कि डैम के उस पार के लगभग दस गांवों में विगत कई वर्षों से बिजली नहीं है। जिससे लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि बिजली होती तो वहां के लोगों को भीषण गर्मी एवं रात्रि के नाधेरे से राहत तो मिलती ही। साथ ही पेयजल की समस्या का निवारण सुलभ तरीके से सम्भव हो पाता। उन्होंने कहा कि इसके लिए उनके द्वारा बिजली विभाग के पदाधिकारियों से कई बार बात की गई है। किंतु उनके द्वारा कहा जाता है कि वन विभाग जबतक एनओसी नहीं देता है, तब तक बिजली आपूर्ति नहीं किया जा सकता है। इस बाबत पर विद्युत कार्यपालक अभियंता यासिर हयात ने कहा कि बिहार सरकार के निर्णयानुसार हरेक गांव एवं घरों का विद्युतीकृत करना सुनिश्चित है। हरदिया पंचायत के डैम पार के दर्जनों गांवों में बिजली बहाल करने के लिए बिजली के खम्भों को गाड़ने एवं तारों का जाल बिछाने के लिए वन भूमि से होकर गुजरना पड़ेगा। इसके लिए बीते वर्ष 2022 के 25 अप्रैल को पत्रांक संख्या 345 से डीएफओ नवादा को पत्राचार कर एनओसी की मांग की गई थी। इसके बावजूद अबतक वन विभाग द्वारा अबतक एनओसी नहीं दिया गया है। जिसके कारण उक्त सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें वन विभाग द्वारा एनओसी मिलेगा। वैसे ही सुदूरवर्ती गांवों में बिजली पहुंचाने का काम शुरू किया जाएगा।

## वन कर्मियों की मनमानी से ककोलत आने वाले सैलानी परेशान

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले में भीषण गर्मी का सीतम जारी है। बिजली की आंख मिचौनी से हर कोई परेशान है। ऐसे में तपीश मिटाने का एकमात्र साधन जिले का ऐतिहासिक शीतल जल प्रपात ककोलत है जहां कुछ देर के लिए ही सही लेकिन लोग सुकून पाने की लालसा रखते हैं। वन विभाग ने पिछले तीन वर्षों से इसे बंद कर रखा है। बहाना सौन्दर्यीकरण का है। बावजूद स्थानीय लोग स्नान करने ककोलत पहुंच रहे हैं, लेकिन बाहर से आये सैलानियों को लौटाया जा रहा है। वन कर्मियों द्वारा चाहे कितनी ही सुबह हो जाने की ईजाजत नहीं दी जा रही है। आश्चर्य तो यह कि यह तब पता चलता है जब निकट लोग पहुंच जाते हैं। इसके पहले कहीं प्रवेश निषेध का कहीं बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। फिर सारा खर्च कर उन्हें वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ता है जिससे आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर स्थानीय लोगों को स्नान करने की अनुमति देने से वन कर्मियों की दोहरी नीति का पता चलता है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति रविवार सुबह देखी गयी। नवादा अंसार नगर के वार्ड पार्षद पति मो. तनवीर आलम उर्फ लड्डन अपने कुछ मुम्बई से आये दोस्तों के साथ अहले सुबह करीब साढ़े छह बजे थाली थाना के पास के पास पहुंचे लेकिन उन्हें जाने से रोक दिया गया। दूसरी ओर स्थानीय लोगों को प्रवेश की अनुमति से वे न केवल मर्माहत हुए बल्कि दोस्तों के साथ शर्मिंदगी का अहसास किया। वन कर्मियों की मनमानी पूर्ण रवैया पर अंकुश नहीं लगा तो वहां कभी भी बड़ी घटना को रोक पाना मुश्किल हो जायेगा। प्रशासन को इस प्रकार की दोहरी नीति पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।




## डायरिया की चपेट में आया बलवापर गांव, एक महिला की मौत, दर्जनों पीड़ित

निज संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के बलवापर-मंजौर गांव में डायरिया ने महामारी का रूप धारण कर लिया है। इसकी चपेट में आने से एक महिला की मौत होने की खबर है, जबकि 60-70 लोग इसकी चपेट में आकर इलाजरत हैं। कई दिनों से लोग इसकी चपेट में आ रहे थे। लेकिन शनिवार की शाम से इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़ने लगी। जब ज्यादा लोग इसकी चपेट में आए तो सूचना पीएचसी को दी गई। रविवार की दोपहर बाद करीब 1:30 बजे पीएचसी वारिसलीगंज से मेडिकल टीम गांव पहुंच राहत-बचाव के काम में जुट गई हैं। ग्रामीण ने मोबाइल के जरिए मामले की सूचना देते हुए बताया कि उर्मिला देवी पति दशरथ यादव की मौत डायरिया से हुई है। जबकि 60-70 लोग इसकी चपेट में हैं। कई मरीजों ने बताया की दो दिन पूर्व इसकी सूचना दी गयी थी लेकिन रविवार को इलाज की व्यवस्था की गई। जो लोग चपेट में आए हैं यंत्र-तत्र अपना इलाज करा रहे हैं। डायरिया का प्रसार कैसे हुआ इसके बारे में ग्रामीण कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। गांव में न तो कोई सामूहिक भोज हुआ है, न ही पूजा-पाठ का प्रसाद ही वितरित हुआ है। पानी भी लोग नल-जल आपूर्ति योजना का पी रहे हैं। मेडिकल टीम जांच-पडताल के बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। वैसे, संभव है कि हीट वेव से लोग प्रभावित हुए हों। फिलहाल, मेडिकल टीम गांव में कैंप कर पीड़ितों का इलाज कर रही है। बता दें कि नवादा जिले में मौसम का उतार चढ़ाव हो रहा है। कभी तीखी धूप तो कभी आसमान में बादल छाया रहता है। ऐसे में कई प्रकार के रोगों का फैलाव हो रहा है। आम जन-जीवन पर इस प्रकार के मौसम का बुरा असर हो रहा है। अभी फिलहाल में स्थिति सामान्य हो गई है। गांव में मौजूद पीएचसी प्रभारी डॉ. आरती अर्चना का कहना है कि किसी मरीज में डायरिया का प्रारंभिक लक्षण नहीं दिख रहा है। जो भी बीमार सामने आए हैं सभी अलग-अलग समस्याएं बता रहे हैं। गर्मी के कारण ऐसा हो सकता है।

## बाइक चोरी का आरोप लगाकर दो युवकों की पिटाई

**नवादा (नि.सं.)।** बाइक चोरी का आरोप लगाकर बंधक बनाकर दो दोस्तों की बेरहमी से पिटाई की गई जिससे दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। मारपीट का आरोप गांव के ही तीन लोगों पर है। घायलों में पूर्णाडीह ग्रामीण उमेश सिंह का पुत्र गगन कुमार व शंभु सिंह का पुत्र अभय कुमार शामिल है। गगन के पिता ने नगर थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। घायल गगन ने बताया कि शाम तकरीबन पांच बजे घर से बाहर खेलने निकला था तभी गांव के टेनी सिंह उसे बहला-फुसला कर नदी की तरफ ले गया और बाइक चोरी का आरोप लगाते हुए अपने दो सहयोगियों के साथ मिलकर बंधक बना लिया। इसके बाद लाठी-डंडे से बुरी तरह पिटाई कर दी। मारपीट करने वाले लोग चोरी गई बाइक के एवज में रुपये मांग रहे थे। इसी बीच दोस्त अभय उसे लेने के लिए पहुंचा तो उसे भी बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई कर दी। वे लोग कुल 25 हजार रुपये की मांग कर रहे थे।

## विवाहिता के शव को जलाने के पूर्व ही पुलिस ने किया बरामद

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के जोराबर बिगहा रजौर गांव के बधार में विवाहिता का शव जलाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया। घटना की सूचना पुलिस को शनिवार की रात तकरीबन एक बजे मिली। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ गांव पहुंचे, और दो घंटे तक कड़ी मेहनत के बाद तीन बजे महिला का शव को बरामद किया।मृतका जोराबर बिगहा निवासी दुलारचंद चौहान की 20 वर्षीय पत्नी ललिता देवी बताया जा रहा है। मृतका के मायके वालों का कहना है कि महिला की हत्या ससुराल के परिजनों ने कर दी। और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाने की तैयारी थी, लेकिन मायके के परिजनों व पुलिस की सक्रियता से ऐसा संभव नहीं हो सका। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के बधार में खटिया पर रखे शव को बरामद कर लिया। उसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शनिवार की देर रात में घटना होने की बात कही जा रही है। रविवार की अलसुबह शव की बरामदगी हुई।मृतका नारदीगंज थाना क्षेत्र के जोराबर बिगहा निवासी दुलारचंद चौहान की 20 वर्षीया पत्नी ललिता देवी बताई गई हैं। मायके वालों का कहना है कि गला घोंट कर हत्या की गई है। घटना के पीछे दहेज उत्पीड़न की बात कही जा रही है। मृतका का मायके इसी जिले के मुफस्सिल थाना इलाके का झुनाठी गांव बताया गया है। वह रामजन्म चौहान की बेटी थी। कहा गया कि एक वर्ष पहले ही हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी। शादी के समय उपहार स्वरूप में पल्सर बाइक, साढ़े सात लाख रुपए नगद समेत अन्य सामान दिया गया था। घटना की सूचना गांव वाले ने मायके वालों को दिया, सूचना मिलते ही तब उसके पिता के अलावा भाई चंद्रमौली चौहान, दलेलपुर निवासी मामा जयमंगल चौहान समेत अन्य लोग पहुंचे थे। उस घर में कोई नहीं मिले।घर में ताला लगा हुआ था। तब पुलिस की डायल 112 पर सूचना दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद, एसआई कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे, और शव की खोजबीन शुरू हुई। पुलिस को भर्मित करने के उद्देश्य से कोई कहे की शव डोहरा घाट में है,तो कोई कहे उस तरफ है। पुलिस परेशान होते रही। तब पुनः दूसरी बार 112 पर पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद मृतका का शव रजौर व जोराबर बिगहा गांव के बीच बधार में शव मिला। वहां शव को जलाने के लिए ले जाया गया था। खटिया (खाट) पर शव पड़ा था। तकरीबन तीन बजे भोर में पुलिस शव को जब्त किया है। कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के पति राजमिस्त्री का काम करते हैं। इधर, मृतका के ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि वह खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा हत्या व आत्महत्या का मामले का खुलासा पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद होगा। उन्होंने कहा मृतका के गले में गहरा काला निशान बना हुआ था। कहा परिजनों के आवेदन मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, वैसे पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल इस कांड में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## सफाईकर्मी एवं बाइक सवार मां व बेटा घायल, रेफर

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर बी के समीप एन.एच-20 पर काम कर रही एक सफाईकर्मी महिला से एक बाइक पर सवार मां व बेटा टकराकर डिवाइडर के दूसरी ओर जा गिरा। इस सड़क दुर्घटना में सफाईकर्मी समेत बाइक पर सवार रहे दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों ने सड़क पर किनारे लाकर एनएचएआई के एम्बुलेंस को डायल 1033 पर कॉल करके सड़क दुर्घटना की सूचना दी। सूचना पाकर सड़क निर्माण करने वाली गाबर कंस्ट्रक्शन कम्पनी के सुपरवाइजर राज बहादुर सिंह एवं प्रशांत कुमार के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने कहा कि घायलों में सफाईकर्मी की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के बड़की पसिया गांव निवासी माधो राजवंशी की पत्नी लक्ष्मीनिया देवी के रूप में हुई है। वहीं बाइक पर सवार रहे घायलों की पहचान पुरानी हरदिया निवासी रंजीत शर्मा की पत्नी नीतू देवी एवं पुत्र आकाश कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि महिला सफाईकर्मी के सिर में चोट रहने के कारण उन्हें सीटी स्कैन की सख्त आवश्यकता है।इसलिए सफाईकर्मी को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा भेजा गया है। वहीं घायल मां व बेटे का प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को एक्सरे के लिए सलाह दिया गया है। एक्सरे रिपोर्ट में यदि हाथ एवं पैर में फ्रैक्चर आने पर दोनों को नवादा अस्पताल रेफर किया जाएगा। अस्पताल में मौजूद सुपरवाइजर ने कहा कि सफाईकर्मी सड़क की सफाई कर रही थी। इसी बीच बाइक के चपेट मे आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई।वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बाइक सवार हरदिया की ओर से रजौली जा रहा था। इसी दौरान महिला सफाई कर्मी सड़क पर से धूल एवं कचरा उठाकर सड़क पार कर दूसरी ओर फेंकने जा रही थी। इसी बीच रजौली की ओर से जा रहे एक बोलेरो की डर से महिला सफाईकर्मी पीछे हटी और बाइक की चपेट में आ गई। हालांकि बाइकसवार ने महिला सफाईकर्मी को बचाने की कोशिश की। किन्तु महिला सफाईकर्मी से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए मोटरसाइकिल समेत सड़क के दूसरी ओर चला गया। साथ ही कहा कि घटना एवकदम फिल्मी अंदाज का सीन लग रहा था। वहीं अस्पताल परिसर पहुंचे परिजनों ने कहा कि भगवान की कृपा से दूसरी ओर से कोई और वाहन नहीं आया,नहीं तो अनहोनी को टाला नहीं जा सकता था। सड़क निर्माण कम्पनी गाबर कंस्ट्रक्शन के द्वारा सड़क की देखभाल एवं सफाई की जिम्मेदारी है। किंतु बिना सुरक्षा मानकों के सफाईकर्मियों द्वारा सड़कों की सफाई, डिवाइडर के बीच रहे पौधों में पानी डालना, कचरा फेंकना आदि कार्य कराया जा रहा है। बीते दो सप्ताह पूर्व ही सुरक्षा मानकों में कमी के कारण ट्रैक्टर में लगे पानी टैंकर से एक ट्रक की टक्कर हो गई थी, जिसमें चालक एवं उपचालक गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं रविवार को एक महिला सफाईकर्मी भी सुरक्षा मानकों की कमी के वजह से खुद भी दुर्घटनाग्रस्त हुई और उसके चपेट में बाइक पर सवार रहे लोग भी गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताते चलें कि बीते वर्ष अंधरबारी मोड़ के समीप भी एक सफाईकर्मी युवती की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

## निगरानी और परामर्शदात्री समिति की मासिक बैठक

**नवादा (नवादा) (नि.सं.)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सचिव कुमारी सरोज कीर्ति के कार्यालय प्रकोष्ठ में देशमुख, विशेष न्यायाधीश अनु. जाति/जनजाति, नवादा की अध्यक्षता में निगरानी और परामर्शदात्री समिति नवादा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कुमारी सरोज कीर्ति द्वारा रविवार को आयोजित होने वाले टॉपिक लिगल एवर्नेस प्रोग्राम बेनिफिट्स ऑफ प्लीया बार्गेनिंग/कम्पाउंडिंग ऑफ ऑफेंसेज एण्ड लिगल एवर्नेस प्रोग्राम ऑफ द टॉपिक ऑफ लोक अदालत एण्ड एडीआर सिस्टम मेडिएशन पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम हेतु पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया गया।

## 11 दिनों से बालू घाट बंद रहने हो रही राजस्व की काफी क्षति

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड के ढाढर नदी स्थित ब्लॉक नौ प्रतापपुर मणिडाक स्थान पीला बालू घाट के संवेदक मणिरानी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के ठीकेदार प्रीतम कुमार ने डीएम समेत अन्य पदाधिकारियों को आवेदन देकर बालू घाट का संचालन कराने की मांग की है, ताकि बालू का उठाव नहीं होने से काफी राजस्व की हो रही क्षति की भरपाई हो सके। उन्होंने कहा बालू घाट का संचालन सभी नियम शर्तो एवं बन्दोबस्ती को पूरा करते हुए दिनांक तीन मार्च 2024 को शुरू किया गया था। लेकिन लगभग दो वर्षों से निर्विदा नहीं होने के कारण पूर्व से ही वहां अवैध खनन हो रहा था। विभाग द्वारा कार्यादेश मिलते ही प्रशासन सशक्त सक्रिय होकर इन अवैध बालू तस्कर पर सख्त कार्रवाई की। जिससे बालू तस्कर परेशान होकर आस-पास के ग्रामीणों में आम जन को भ्रमित कर महिलाओं को आगे करते हुए अलग-अलग तरह के बनावटी आरोप ठीकेदार पर लगाते रहे, और उनके कर्मचारियों, मशीन,ट्रक ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ कई बार मार-पीट किया। लेकिन उन सभी बदमाशों ने छह मई को ज्यादा मारपीट किये थे, जिसमे कई व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, घायल कर्मी के द्वारा नारदीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज भी की गई थी। तब घटना के बाद पुलिस ने केस संख्या 121/24 दर्ज किया। उन्होंने कहा मुख्य रूप से इचुआ ग्राम के महिलाओं को सामने लाकर वे लोग यह घटना का अंजाम दे रहे हैं, उनका कहना कि प्रतापपुर बालू घाट का यह क्षेत्र नहीं है। इसी मुद्दे को बढ़ा हुआ देखकर नारदीगंज थानाध्यक्ष और खान निरीक्षक ने संयुक्त रूप से जांच मौजूदगी में हुई। अधिकारियों की उपस्थिति में घाट का सीमांकन नौ मई 2024 को कराया जा रहा था। लेकिन इचुआ गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन को सीमांकन नहीं करने दिया। जिस कारण तकरीबन 11 दिनों से बालू घाट का संचालन पूर्ण रूप से बंद है। जिससे भारी मात्रा में राजस्व की क्षति हो रही है। उस स्थान का भौगोलिक परिस्थिति परिवेश को अवलोकन करते हुए एवं जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए ठीकेदार जिला प्रशासन के नेतृत्व में ही घाट का संचालन शुरू करना चाहते हैं, ताकि आगे किसी भी प्रकार का घटना नहीं हो। इधर, ठीकेदार प्रीतम कुमार कहना राजस्व हित को देखते हुए अवैध कारोबारियों पर रोकथाम निष्पक्ष जांचोपरांत घाट के क्षेत्र का सीमांकन करते हुए जल्द से जल्द अपने नेतृत्व में घाट का संचालन शुरू करवा दें। जिससे भारी राजस्व की क्षति से बचा जा सकें।

## भीषण गर्मी में विद्यार्थियों को विद्यालय आवागमन में हो रही परेशानी, बीमार पड़ रहे बच्चे

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है।इसके बावजूद छात्र-छात्राओं के विद्यालय आने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार की सुबह हरदिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय हरदिया में पढ़ने वाले एक बच्चे के नाक से खून बहने लगा। जिसको लेकर प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार समेत शिक्षकगण भी काफी परेशान हो गए। हालांकि आनन-फानन में गांव में रहे स्थानीय चिकित्सक से नाक से खून बह रहे बच्चे का इलाज कर उसे पंखा के नीचे कुर्सी देकर बैठाया गया। दवाई लेने के बाद बच्चे की स्थिति में सुधार आई।वहीं प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी से पीड़ित बच्चा कचहरिया डीह के सुनील राजवंशी का पुत्र है, जो दूसरी कक्षा में पढ़ता है।गर्मी के दिनों में दूर से आने-जाने के कारण कई बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बच्चे को उल्टी तो कइयों को दस्त आदि की भी समस्या हो रहा है। जिससे बच्चों के अलावे उनके परिजन भी काफी परेशान हैं। ऐसे में कई परिजनों द्वारा शिक्षकों को भी भला-बुरा सुनना पड़ता है।वहीं ग्रामीण चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा भीषण गर्मी में पड़ने वाली छुट्टियां रद्द किया जाना गलत निर्णय है। बिहार सरकार व शिक्षा मंत्री के अलावे अपर मुख्य सचिव के के पाठक को इस बिंदु पर विचार करने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि अबतक गर्मियों में हमेशा छुट्टी मिलते आ रही थी, किन्तु इस बार स्कूलों में छुट्टी नहीं मिलना समझ से परे है।

## 24 घंटे में 32 फरार आरोपियों की गिरफ्तारी

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि 17 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गई हैं, जिसमें हत्या में 2, अनुसूचित जाति/जनजाति में 4, हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध में 4 एवं अन्य गिरफ्तारी 17 कुल 32 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 12 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 3 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 1 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 696 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 3 लाख 6 हजार 500 रूपया वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

## प्रचंड गर्मी में भी नही बन सका अनुमंडलीय अस्पताल का खराब चापाकल

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के इन दिनों गर्मी का पारा चरम पर है, चिलचिलाती धूप और लू से लोगों का हाल बेहाल है।बड़ी बात यह है कि भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र से अस्पताल आने वाले ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना ना पड़े। इसको लेकर शासन-प्रशासन भी पूरे जोर लगाए हुए है और पीएचईडी विभाग को खराब पड़े चापाकल को मरम्मती के लिए आदेश दिया गया है। ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल का संकट ना हो। लेकिन पीएचइडी विभाग के अधिकारी के मनमानी रवैया से रजौली अनुमंडलीय अस्पताल आने वाले लोगों के समक्ष पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में एक चापाकल है जो विगत कई दिनों से बंद पड़ा है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कई बार चापाकल मरमती के लिए पीएचइडी विभाग को पत्र लिखा गया लेकिन अब तक चापाकल का मरम्मती नहीं हो सका है। जिससे अस्पताल आने वाले सैकड़ो लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रभारी उपाधीक्षक अनुमंडलीय अस्पताल रजौली ने पीएचईडी विभाग रजौली को पहला पत्र 06 मार्च को लिखा और खराब चापाकल का मरम्मती का आग्रह किया लेकिन चापाकल मरम्मती में पीएचईडी विभाग ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। उसके बाद अस्पताल उपाधीक्षक ने दुबारा 03 अप्रैल को पुनः पत्र लिखकर चापाकल मरम्मती का आग्रह किया लेकिन अभी तक चापाकल का मरम्मती नहीं हो सका है। वहीं लोगों के जुबान पर चर्चा यह भी है कि जब अस्पताल में चापाकल खराब है और मरम्मती के लिए विभाग को दो बार पत्र भी लिखा गया लेकिन उसके बावजूद भी चापाकल का मरम्मती नहीं हो सका। जबकि शुक्रवार को ही नवादा जिलाधिकारी ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था तब भी अस्पताल का ये हाल है तो गर्मी के दिनों में जंगली क्षेत्र का क्या हालत होगा ये सोचनीय बात है। इस संबंध में पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि दो चापाकल खराब होने की शिकायत मिली थी जिसमे एक चापाकल को तुरंत बनाया गया है। एक अन्य चापाकल में कुछ टेक्निकल खराबी है जिसे भी बहुत जल्द ही बना दिया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 मई तक स्वीकार किए जाएंगे आवेदन

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय चार वर्षीय पाठ्यक्रम स्नातक सेमेस्टर वन सत्र, 2024-28 में नामांकन के लिए 26 मई तक ऑनलाइन आवेदन लेगा। पहले उक्त सत्र में नामांकन के लिए 20 मई तक आवेदन स्वीकार किए जाने थे। विश्वविद्यालय ने यह निर्णय सीबीएसई का रिजल्ट आने के बाद लिया है ताकि उन छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक मौका मिल सके। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को इतना आसान बनाया है कि अभ्यर्थी को आवेदन करने के लिए साइबर कैफे की मदद नहीं लेनी होगी। घर बैठे ही अभ्यर्थी अपने नजदीकी कॉलेजों में नामांकन लेने के लिए आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन शुल्क 300 निर्धारित किया गया।

### बिल व मीटर समस्या निदान के लगेगा कैम्प

**कोईलवर।** कोईलवर पावर स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली बिल व मीटर से सबंधित समस्याओं के निवारण हेतु सोमवार से अगले गुरुवार तक पीएसएस परिसर में कैंप का आयोजन किया जाएगा। लगातार दस दिनों तक चलनेवाले कैंप में उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्र सुधार, मीटर व अन्य समस्याओं के आन स्पॉट निवारण किया जाएगा। वरीय अधिकारियों ने बताया कि विद्युत शिकायत पोर्टल 1912 पर विद्युत उपभोक्ताओं से विपत्र एवं मीटर संबंधित अत्यधिक शिकायत प्राप्त होने को लेकर मुख्यालय ने विद्युत संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतों के आन स्पॉट निवारण हेतु कैम्प लगाए जाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि समस्याओं के अविलंब निवारण हेतु कैम्प में सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### 1028 मतदान केन्द्रों पर होगी लाईव वेबकास्टिंग

**बक्सर।** शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने बक्सर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में ब्रीफिंग किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में बक्सर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कुल 1941 मतदान केन्द्रों में से 1028 मतदान केन्द्रों पर 1 जून को चुनाव के दिन लाईव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जायेगी। स्टैटिक निगरानी टीम का गठन कर दिया गया है। जिलान्तर्गत कुल चेक पोस्टों की संख्या 17 है। कुल 51 दण्डाधिकारी एवं 51 पुलिस पदाधिकारी के साथ 1-4 बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। स्टैटिक निगरानी टीम द्वारा 7 मई से 17 मई तक 13 लाख 78 हजार 400 रूपए कैश की जप्ती, 428.76 ली0 शराब जिसका मूल्य 1 लाख 71 हजार 504 रूपए है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत कुल 8614 व्यक्तियों के विरूद्ध नोटिस निर्गत किया गया है। साथ ही कुल 5272 व्यक्तियों से औसतन 01 से 02 लाख तक बंध पत्र प्राप्त किया गया है। जिले में कुल शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी शस्त्रों की संख्या 2689 है। जिसमे कुल सत्यापित शस्त्रों की संख्या 2077, कुल जमा शस्त्रों की संख्या 858, कुल रद्द अनुज्ञप्तियों की संख्या 120, कुल शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी शस्त्रों की संख्या 2689, शस्त्र सत्यापान हेतु निर्धरित तिथियों को शस्त्र का सत्यापन नही कराने वाले 193, शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव 2024 का चार चरण समाप्त हो चुका है। हर चरण में वोटिंग प्रतिशत का नहीं बढ़ना चिंता का विषय बना हुआ है। मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल की ओर से जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बीते 3 मई को नगर भवन, बक्सर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने वोट की प्रतिशत को कैसे बढ़ाया जाय इस पर विस्तार से चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 54.16 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार के चुनाव में 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने पुरुषों के अलावा महिलाओं पर विशेष फोकस करते हुए कहा था कि घर से निकलें और मतदान कर योग्य उम्मीदवार को चुनें। आप सबों का एक-एक वोट सरकार बनाने में सहायक साबित होगा। वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करने व जोश भरने के लिए आगामी 25 मई को बिहार राज्य स्वीप आईकॉन मैथिली



ठाकुर बक्सर आ रही हैं। अपर मुख्य सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निर्देश एवं स्वीप कोषांग, बक्सर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त तिथि को नगर भवन, बक्सर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जिले के वोटरों को वोट देने के लिए जागरूक किया जाएगा। बता दें कि उक्त तिथि को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम करने की जिम्मेवारी सदर एसडीओ और डीएसपी को दी गई है। बिहार राज्य स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर के भ्रमण एवं आवासन का प्रबंध उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं नजारत उप समाहर्ता करेंगे। भ्रमण के लिए आवश्यकतानुसार वाहन की व्यवस्था की जाएगी। वहीं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को नगर भवन का हॉल, गैलरी एवं परिसर की समुचित साफ-सफाई की जिम्मेवारी सौंपी गई है। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिलेभर में विभिन्न तरह की गतिविधियां की जा रही है। जीविका, आईसीडीएस, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा, राजस्व समेत अन्य विभागों के द्वारा 1 जून को सभी लोग मतदान करें इसके लिए हर घर दस्तक अभियान, रैली, प्रभात फेरी, रंगोली प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान, शपथ कार्यक्रम आदि चलाया जा रहा है। वहीं मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर रैम्प, पहुंचपथ, स्वच्छ पेयजल, शेड, शौचालय, विद्युत, प्रतीक्षा के लिए कमरा एवं फर्नीचर की व्यवस्था की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी होने के बाद जमीन के निबंधन में आई तेजी

**बक्सर।** जमीन रजिस्ट्री को लेकर नए नियम को लागू किया है तब से राजस्व में लगातार घाटा हो रहा है। नए नियम के तहत जमीन के जमाबंदी रैयत के द्वारा ही जमीन की बिक्री कर सकता था। यह नियम लागू होने के बाद निबंधन कार्यालय में पूरी तरह सन्नाटा छाया हुआ था, लोग जमीन रजिस्ट्री कराने से परहेज करने लगे थे। इसके कारण 70 से 80 फीसदी तक निबंधन के कार्य में गिरावट आ गई थी। ग्रामीण इलाकों में लोग खेती पर निर्भर रहते है। अगर बेटी का शादी करना होता है या बेटे को उच्च शिक्षा दिलाना होता है या स्वास्थ्य के लिए मोटी रकम की जरूर होती है तो स्थानीय ग्रामीण के द्वारा जमीन को बेचकर इसका भरपाई किया जाता है। लेकिन नए नियम के बाद कई लोगों का कार्य रुक गया था। हालांकि अब सुप्रीम कोट ने राहत भरी खबर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पुराने नियम पर हीं जमीन रजिस्ट्री कराने का आदेश जारी किया है। वहीं नए नियम पर सुप्रीम कोर्ट सितंबर माह में सुनवाई करेगा। हालांकि विभागीय स्तर पर निर्देश प्राप्त होने का इंतजार है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद क्रेता और विक्रेता दोनों में खुशी की लहर है। बिहार सरकार ने जमीन विवाद में होने वाली लड़ाई-झगड़े को रोकने के लिए 10 अक्टूबर 2019 को नए नियम को लागू किया था। नए नियम के तहत जिनके नाम से जमाबंदी होगी, वही अपनी जमीन की बिक्री कर सकते थे। इसके खिलाफ कई लोगों ने हाई कोर्ट का शरण लिया, लेकिन हाईकोर्ट ने 25 अक्तूबर 2019 को सरकार के फैसले पर रोक लगा दी। तब से यह मामला चलता आया। 9 फरवरी 2024 को हाई कोर्ट ने सरकार के फैसले को सही बताते हुए लोगों का याचिका खारिज कर दिया। 22 फरवरी 2024 से जिनके नाम से जमाबंदी है, वही जमीन की बिक्री करने के नए नियम को लागू कर दिया गया था। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। न्यायमूर्ति एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की खंडपीठ ने पुराने नियम पर जमीन रजिस्ट्री करने का आदेश को सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट के जारी आदेश के बाद कातिव से लेकर आम लोगों तक में खुशी का माहौल है।

# छिनतई के दौरान अपराधियों ने युवक को मारी गोली, अहमदाबाद से आया था जख्मी

## स्टेशन से पैदल घर जाने के दौरान अपराधियों ने घेरा

निज संवाददाता। आरा



शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बायपास रोड स्थित तपेश्वर हिंदू महिला कॉलेज के पास रविवार की सुबह हथियारबंद अपराधियों ने छिनतई के दौरान अहमदाबाद से वापस घर लौट रहे एक युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाएं साइड सीने में लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। टाउन थाना गश्ती पुलिस ने उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

**आंत और छाती क्षतिग्रस्त हो गई थीः** जख्मी युवक गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी दसई यादव का 18 वर्षीय पुत्र रितेश यादव है। वह गुजरात के अहमदाबाद में रहकर खटाल में दूध दुहने का काम करता है। जबकि इलाज कर रहे सर्जन डॉ. विकाश सिंह ने बताया कि टाउन थाना अध्यक्ष देवराज राय ने फोन कर सूचना दी कि एक युवक को गोली लगी है। जख्मी युवक को गोली बाएं साइड सीने में बीचों-बीच लगी थी जो पीठ के पिछले हिस्से में फांसी हुई थी। गोली लगने के कारण उसकी बड़ी आंत और छाती क्षतिग्रस्त हो गई थी। तत्काल ऑपरेशन कर डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है और बुलेट को भी निकाल दिया गया है। अभी मरीज को तीन यूनिट ब्लड चढ़ाया जाएगा। मरीज की स्थिति अभी ठीक नहीं है। ब्लड चढ़ाने के बाद वह स्टेबल हो जाएगा।

**पैदल ही बाइपास की तरफ जा रहा थाः** रितेश ने कहा कि शुक्रवार को अहमदाबाद से गांव आने के लिए ट्रेन पकड़ी थी। शनिवार की रात करीब 12 बजे वह ट्रेन से आरा रेलवे स्टेशन उतरा और वहीं पर ठहर गया। रविवार की अहले सुबह करीब चार बजे वह आरा रेलवे स्टेशन से पैदल गांव जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह बायपास रोड स्थित तपेश्वर हिंदू महिला कॉलेज के पास पहुंचा। तभी एक काली रंग की स्कूटी पर सवार तीन हथियारबंद अपराधियों ने उसे घेर लिया। विरोध किया तो हाथापाई भी हुई। जिसके बाद उक्त अपराधियों ने गोली मार दी। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# हिमंत बिश्व शर्मा ने बक्सर में लालू पर साधा निशाना

निज संवाददाता। बक्सर



◆ बोले-5 जून के बाद जाएंगे पाकिस्तान, आनंद मिश्रा को लेकर कहा-इनको वापस असम लाएंगे

बक्सर के नियाजीपुर स्थित अर्जुनपुर हाईस्कूल के खेल मैदान में शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा पहुंचे। भाजपा उम्मीदवार मिथलेश त्तिवारी के समर्थन में जनसभा किया। इस दौरान लालू यादव, राहुल गांधी और निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा इस बार भाजपा को 400 सीटें जिताइए। पीएम मोदी वृंदावन और बनारस में अधूरे काम को पूरा करेंगे।

**5 जून के बाद लालू यादव जाएंगे पाकिस्तानः** इसके साथ ही लालू यादव को लेकर कहा कि 5 जून के बाद उनका पाकिस्तान का टिकट कटा देना है। आरक्षण की जरूरत पाकिस्तान के मुसलमानों को है। निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा पर भी तंज कसा और अपने 24 मिनट के भाषण 5 बार बक्सर के निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा का नाम लिया। उनको लेकर कहा कि राजद से सुपारी लेकर बक्सर से चुनाव लड़ने आए है। भाजपा के साथ मिलकर लोगों की सेवा करने के नाम पर वीआरएस लिया और यहां आकर भाजपा के ही विपक्ष में हो गए। इनको दुबारा असम लेकर जाएंगे यहां इनका कोई काम नहीं है। वहीं मंच से हिमंत बिश्व शर्मा ने लोगों को बताया कि 25 मई को पीएम बक्सर आएंगे। बता दे कि बक्सर सीट के लिए अंतिम चरण में चुनाव होना है। जीत के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस कड़ी में शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा पहुंचे थे।

# बगीचे में पेड़ पर बने फंदे से लटकी मिली लाश

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के पुराना भोजपुर में शख्स की संदिग्ध हालत में मौत हत्या-खुदकुशी के बीच उलझा मामला

बक्सर के पुराना भोजपुर के पश्चिम टोला स्थित बगीचे में एक पेड़ ले लटकते शख्स का शव मिला है। उसे देखने के लिए शनिवार की शाम बगीचे में भीड़ लग गई। हालांकि गांव का कोई भी आदमी अभी तक उसकी पहचान नहीं कर सका है। किसी ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। शव को फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया गया कि शनिवार की शाम गांव के कुछ युवक जब बगीचे की तरफ टहलने गए तो देखा कि पेड़ पर एक शख्स का शव लटक रहा है। यह देखते ही लोगों ने आसपास के लोगों को इकट्ठा कर इसकी जानकारी दी। पेड़ से लटके व्यक्ति की उम्र 40 साल के आसपास होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आशंका जताई जा रही कि उसकी गर्दन दबा कर कहीं और हत्या करने के बाद उसे लटका दिया गया है। वहीं कई लोगों द्वारा कहा गया कि किसी अवसाद में आकर आत्महत्या कर ली है। नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि शव को देखने से लग रहा कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ खुलासा हो सकेगा। मृतक के शिनाख्त की प्रयास लगातार जारी है। इसके साथ ही इस घटना की विभिन्न बिंदुओं से जांच भी शुरू कर दिया गया है।

# भोजपुर में चेस प्रशिक्षण का आयोजन, स्कूल के बच्चों को इंटरनेशनल नियमों के बारे में दी गई जानकारी

निज संवाददाता। आरा

चेस इन स्कूल योजना के अंतर्गत भोजपुर जिला शतरंज संघ द्वारा स्थानीय नोट्रे डेम हाई स्कूल के सभागार में 18 मई को एक दिवसीय शतरंज का प्रतिक्षण दिया गया। संघ के सचिव डॉ सैफ के अनुसार एक दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर में स्कूल के लगभग 60 से अधिक शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिन्हें प्रशिक्षण राष्ट्रीय शतरंज कोच बीरेंद्र कुमार उपाध्याय के द्वारा दिया गया। इस शिविर में शतरंज के खिलाड़ियों को शतरंज के इंटरनेशनल नियम और ओपनिंग गेम में इंग्लिश ओपनिंग, फ्रेंच डिफेन्स और गाएको पियानो गेम के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल के निदेशक अजित कुमार सिंह ने कहा कि शतरंज का खेल खेलने से छात्रों के मस्तिष्क का विकास होता है और एकाग्रता के लिए लगातार शतरंज ट्रेनिंग जरुरी है। उन्होंने कहा कि भोजपुर शतरंज संघ के तत्वाधान में शतरंज विद्यालय में कराया जायेगा।

**जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का होगा आयोजनः** इसके उपरांत विद्यालय में ही भोजपुर जिला शतरंज संघ के सहयोग तत्वाधान में स्कूल की आंतरिक और जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया जाएगा। वहीं शनिवार को शतरंज ट्रेनिंग प्रोग्राम में दर्श कुमार सिंह, आगम कुमार सिंह, रूद्र, शिशिर राज, अनुष्का, स्वरा, वेदांशी, आदर्श, अमन, कुणाल, आयुष, लोकेश, सौम्या, शाहिल, नमन, धृति, विश्वजीत, नारायणी, ओमकार, स्पर्श, आयांश, समीक्षा, शालग्या आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नोट्रे डेम हाई स्कूल के चेयरमैन रण विजय बहादुर सिंह, प्रिंसिपल शिव कुमार सिंह, पीटीआई राम नारायण शुक्ला और स्कूल समन्वयक आमिर खान साथ हीं भोजपुर जिला के सीनियर शतरंज खिलाड़ी अर्जुन उपाध्याय मौजूद थे।



◆ 60 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने लिया भाग

# हथियार के साथ दो नाबालिगों को पकड़ा, घटना को अंजाम देने जा रहे थे

निज संवाददाता। आरा



◆ विशेष छापेमारी अभियान में 111 की हुई गिरफ्तारी

टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत रमना मैदान जिला स्कूल के समीप से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी पिस्तौल के साथ दो नाबालिगों को पकड़ा। दोनों के पास से दो मोबाइल भी जब्त किया गया है। इसे लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। दोनों नाबालिगों की उम्र करीब 17 वर्ष के आसपास है। दोनों बाबू बाजार और महोदवा क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो लड़के पिस्तौल लेकर जा रहे हैं। किसी घटना को अंजाम दे सकते है। इसके बाद टीम गठित कर घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने रमना मैदान-जिला स्कूल के समीप दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने शराब पीने के आरोप में छह को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस ने 111 वांछितों को गिरफ्तार कियाः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फरार आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 111 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में सात, एससी-एसटी में एक, लूट कांड में एक, अपहरण में एक, पुलिस पर हमले में दो , वारंट में 16 और शराब मामले में 68 पकड़े गए हैं। अभियान के दौरान 16 शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 365 लीटर देसी और 221 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। करीब 11,00 लीटर शराब नष्ट की गई है। करीब 31 लंबित वारंट और एक कुर्की का निष्पादन किया गया। एक देसी कट्टा, चार मोबाइल, एक कार व दो बाइक जब्त की गई है। एससी-एसटी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को पकड़ा है।

**सरकारी काम में बाधा पहुंचाने वाले दो धराएः** बिहिया थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में दो को पकड़ा है। शाहपुर पुलिस ने अपराध की साजिश में एक को गिरफ्तार कर लिया। कोईलवर थाना पुलिस ने रंगदारी में आठ सौ रुपए के साथ एक को पकड़ा। शाहपुर पुलिस ने एक अपहृता को बरामद कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व 17 मई के अभियान में 61 गिरफ्तारी की गई है।

# कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर





जिले के मुफस्सिल थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान कई मामलों के अपराधी राहुल कुमार उर्फ बंटी यादव को को देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार की देर शाम ठोरा नदी पुल के पास पुलिस गहन जांच कर रही थी। तभी एक अपाचे बाइक पर सवार युवक बक्सर से चौसा की ओर जा रहे थे। पुलिस को देखते ही दो अन्य लोग भागने में सफल हो गए।जबकि एक गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में स्वर्ण व्यवसायी पर गोली चलाने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस ने जब पकड़े गए युवक की तलाशी लेनी शुरू की तो उसके पास से 315 बोर के एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पूछताछ में उसने बताया किया मुसाफिर गंज का रहने वाला है। पूर्व में भी इस पर मुफस्सिल थाने एवं बक्सर नगर थाने में कई अन्य आपराधिक मामले दर्ज है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष चंदन झा ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर विभिन्न जगहों पर जांच किया जा रहा है। इसी दौरान वह पकड़ाया गया है। गिरफ्तार युवक स्वर्ण व्यवसायी पर फायरिंग मामले में भी दोषी है। जिसने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है।इसके साथ भागने वाले दो अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## जगदीशपुर नगर में निकाला गया कैंडल मार्च

निज संवाददाता। आरा

जगदीशपुर में हुई व्यवसायी की हत्या को लेकर व्यवसायियों व अन्य लोगो ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च दूध कटोरा मोहल्ले से निकलकर रामगढ़िया मोड़ पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता माले नेता सह वार्ड पार्षद मोहम्मद राजन ने किया। मोड राजन ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार चल रही है, जो जंगल राज्य से भी बदतर स्थिति में है। बिहार में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है, खास कर व्यवसायी वर्ग। व्यवसायी हमेशा डर के साए में जी रहे हैं। जगदीशपुर में घटित के आलू व्यवसायी मुनमुन प्रसाद अपनी दुकान बंद कर जा रहे थे, तभी कुछ अपराधियों ने उनका बाइक से पीछा करके जगदीशपुर में गोली मारकर हत्या कर दिया हैं। हमारे निकम्मी सरकार सोइ रहती है, वह पूरी तरह से सिर्फ और सिर्फ चुनावी मोड में है। बिहार सरकार को आम जनमानस से कोई सरोकार नहीं है। हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और इस कैंडल मार्च के माध्यम से बिहार सरकार से उनके परिवार के लिए एक सरकारी नौकरी, 20 लाख रुपये मुआवजा और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग करते है। अन्यथा बाध्य हो कर आगे बड़े आंदोलन किया जाएगा। कैंडल मार्च में शामिल लोगो में मोड अली हसन, राज गौरव टाइगर, मोड सोहेल खान, मोड शहाबुद्दीन कुरैशी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।



## आलू व्यवसायी हत्या मामला, एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा

# दुकान बंद कर घर लौटने के दौरान अपराधियों ने मारी थी गोली, परिजनों से की पूछताछ

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बिहिया–पीरो स्टेट हाईवे-102 पर तीन मूर्तिया गांव के समीप गुरुवार की देर रात ऑटो से अपने घर लौट रहे एक आलू व्यवसाय की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस एक्टिव है। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच तेज की है। घटना को लेकर एसपी नीरज कुमार मौके पर पहुंचे। कॉल डिटेल्स और सीडीआर निकालकर अनुसंधान किया जा रहा है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई है। लेकिन अभी भी पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने जगदीशपुर मृतक के घर पहुंच घटना की जानकारी ली।

**जल्द सभी की गिरफ्तारी होगीः** घटनास्थल और बिहिया में व्यवसायी की आलू दुकान पर भी जायजा लिया। एसपी ने थानाध्यक्ष को हत्याकांड की घटना को जल्द से जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया है। इस हत्याकांड के बाद पुलिस बिहिया दुकान के समीप सहित घटनास्थल के आसपास जगहों के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। DIU टीम भी तकनीकी एंगल से घटना की जांच कर हमलवारों की पहचान करने में जुटी हुई है। एसपी नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच चुकी है। जल्द सभी की गिरफ्तारी होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# इस बार एनडीए का खेल बिगाड़ने की तैयारी में ओवैसी की पार्टी, सीटों पर उतारे हैं हिंदू उम्मीदवार

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार में अबकी बार विपक्ष के आइएनडीआइए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटर इंक्लूसिव अलायंस) से बाहर रहते हुए भी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने राजग के चुनावी खेल को बिगाड़ने की पटकथा लिख दी है। ओवैसी की रणनीति से राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के प्रत्याशियों की कठिनाइयां बढ़ गई हैं। बिहार में आठ संसदीय सीटों पर एआइएमआइएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन) ने प्रत्याशी उतारा है। अहम यह है कि पहले चरण में किशनगंज के बाद सीधे पांचवें, छठें और सातवें चरण में एआइएमआइएम ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इसमें मधुबनी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, गोपालगंज, महाराजगंज, पाटलिपुत्र और काराकाट जैसी लोकसभा सीट सम्मिलित हैं। चार सीटों पर मुसलमान तो चार पर हिंदू उम्मीदवार हैं। ओवैसी ने जिन सीटों पर हिंदू प्रत्याशी दिए हैं, उनमें शिवहर, गोपालगंज, महाराजगंज एवं काराकाट है। इसमें तीन पर ओवैसी के उम्मीदवार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। शिवहर में राणा रणजीत सिंह बतौर एआइएमआइएम प्रत्याशी अपने पिता दिवंगत सीताराम सिंह की हार का बदला लेने के लिए जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं। राणा रणजीत के भाई राणा रणधीर भी शिवहर लोकसभा क्षेत्र के मधुबन से भाजपा के विधायक हैं। यह बात दीगर है कि वह राणा रणजीत सिंह के समर्थन में नहीं हैं। रणधीर जहां जदयू प्रत्याशी लवली आंनद के लिए वोट मांग रहे हैं। वहीं, रणजीत का तर्क है कि रणधीर विधायकी बचाने के लिए गठबंधन धर्म के तहत राजग प्रत्याशी के लिए प्रचार कर रहे हैं। मतदान के आंकड़े बताते हैं कि सीताराम सिंह और लवली आनंद दोनों ही 2009 के संसदीय चुनाव में तीसरे एवं चौथे पायदान पर चले गए थे। छठे चरण के रण में महाराजगंज संसदीय सीट पर एआइएमआइएम से ताल ठोक रहे कुल 86 प्रत्याशियों में अखिलेश्वर प्रसाद सिंह तीसरे नंबर के धनवान लड़ाके हैं। ऐसे में 18वीं लोकसभा में पहुंचने के लिए अखिलेश्वर कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं, लेकिन वे भाजपा सांसद जर्नादन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश सिंह के बीच के मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। सुरक्षित सीट गोपालगंज में जदयू के सांसद डॉ. आलोक सुमन के सामने एआइएमआइएम ने दीनानाथ मांझी को उतारा है। हालांकि मांझी जदयू एवं राजद प्रत्याशी के बीच आमने-सामने की लड़ाई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अब देखना यह है कि मांझी को मतदाताओं का कितना आशीर्वाद मिलता है। वहीं, काराकाट सीट पर प्रियंका प्रसाद चौधरी को एआइएमआइएम ने प्रत्याशी बनाया है, जबकि मधुबनी में वकार सिद्दीकी, मुजफ्फरपुर में मो. अंजारुल हसन एवं पाटलिपुत्र में संसदीय क्षेत्र से फारूकी राजा बतौर एआइएमआइएम प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

## बिहार की हॉट सीट पर कौन करेगा खेला

निज संवाददाता

**पटना।** जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र का मतदान आखिरी चरण में एक जून को होना है। इस बार के आम चुनाव में जहानाबाद की चर्चा पिछले यानी 2019 के आम चुनाव मे हार-जीत के मार्जिन पर खूब हो रही। प्रत्याशी को लेकर वोटरों में बहुत अधिक माथा-पच्ची नहीं क्योंकि जो प्रत्याशी 2019 के आम चुनाव में उनके बीच थे वही इस बार भी मैदान में हैं। वर्ष 2019 के आम चुनाव में जदयू ने जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में बिल्कुल ही नया प्रयोग किया था। आम तौर पर जहानाबाद का ट्रैक रिकार्ड यह रहा है कि वहां से भूमिहार या फिर यादव जाति के प्रत्याशी को सफलता मिलती रही है। जदयू के टिकट पर अरुण कुमार और जगदीश शर्मा यहां से सांसद रहे हैं और दोनों भूमिहार जाति से आते हैं। वहीं, 2019 में जदयू ने नया प्रयोग करते हुए अति पिछड़ा समाज से आने वाले चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जहानाबाद से अपना प्रत्याशी बनाया। बड़ी मुश्किल से वह जीत पाए। इस बार भी जदयू ने चंद्रेश्वर चंद्रवंशी को ही अपना प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 के आम चुनाव में हार-जीत का जहानाबाद में जो अंतर रहा वह पूरे प्रदेश में अनोखा था। जदयू प्रत्याशी चंद्रेश्वर चंद्रवंशी की जीत मात्र 1751 मतों से जहानाबाद में हुई थी। हाल यह था कि जदयू प्रत्याशी को 42.17 प्रतिशत तथा राजद प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद यादव को 41.95 प्रतिशत वोट आए थे। इस अंतर पर 2019 में तो जमकर चर्चा हुई ही साथ में इस बार के आम चुनाव में भी चुनावी बहस के केंद्र में यह मार्जिन है। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए जो प्रत्याशी मुख्य रूप से मैदान में हैं, उनके बारे में प्रत्याशियों के बीच कोई अनभिज्ञता की स्थिति नहीं है। राजद के टिकट पर मैदान में मौजूद सुरेंद्र प्रसाद यादव यहां से 1998 में सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2019 के साथ-साथ 2014 के आम चुनाव में भी वह मैदान में थे। चंद्रेश्वर चंद्रवंशी को 2019 में जहानाबाद ने अपना सांसद चुना था और वह इस बार भी मैदान में हैं। अरुण कुमार दो बार जहानाबाद के सांसद रहे हैं। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में विगत दो आम चुनाव के दौरान यह ट्रेंड देखा गया कि वहां मतदान का प्रतिशत कम हुआ है।

# दीघा में छात्र हत्याकांड में बड़ा खुलासा, 10 मिनट का फुटेज मिटा और प्ले रूम का कैमरा खोल फंस गए मां-बेटे

निज संवाददाता



**पटना।** दीघा थाना क्षेत्र के बाटागंज की हथुआ कालोनी स्थित टिनी टाट अकादमी में चार वर्षीय आयुष की हत्या की कहानी सुनकर पुलिसकर्मियों के भी रोंगटे खड़े हो गए। स्कूल संचालक धनंजय झा और उसकी मां सह प्राचार्या वीणा झा उर्फ पुतुल झा ने पुलिस व आयुष के स्वजन को गुमराह करने का भरसक प्रयास किया, लेकिन मिटाए गए दस मिनट के फुटेज व प्ले रूम से हटे सीसी कैमरे ने उन्हें सलाखों के पीछे ढकेल दिया। स्वजन के दबाव में यदि पुलिस ने रात में स्कूल की दोबारा तलाशी नहीं ली होती तो साजिश के तहत मां-बेटे गटर (सेप्टिक टैंक) से शव निकाल कर गंगा में फेंक देते। स्कूल से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर नदी है। रविवार को पुलिस मां-बेटे को कोर्ट में पेश कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की अर्जी देगी। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। आयुष का परिवार मूरूप से नकटा दियारा का रहने वाला है। हालांकि, परिवार पालसन रोड में रहता है। उसके पिता शैलेंद्र राय की नासरीगंज में इंजीनियरिंग वर्क्स की फैक्ट्री है। आयुष दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई एक वर्ष का है। इसी स्कूल में आयुष की 12 वर्षीय चचेरी बहन भी पढ़ती थी। वह दूसरे आटो से आती-जाती थी। गुरुवार की शाम पांच बजे तक जब आयुष नहीं पहुंचा तो स्वजन ने उसकी खोजबीन शुरू की। बच्ची ने बताया कि उसे कुछ नहीं पता। इसके बाद स्वजन ई-रिक्शा पर आयुष की तस्वीर के साथ स्कूल के आसपास उद्घोषणा कराने लगे। शव मिलने के बाद बच्ची ने बताया कि प्राचार्या वीणा झा प्ले रूम में पोंछा लगा रही थी। उसने धमकी दी थी कि आयुष के बारे में कोई कुछ पूछेगा तो नहीं बोलना, वरना बुरा परिणाम भुगतना होगा। जब पुलिस ने स्कूल में लगे सीसी कैमरे दिखाने को कहा, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। मां-बेटे कहने लगे कि इंजीनियर आएगा, तभी दिखा पाएंगे। गुरुवार की रात लगभग 12 बजे आयुष के एक रिश्तेदार को इसकी जानकारी हुई। उसने बताया कि उसे फुटेज देखना आता है। स्वजन की आग्रह पर पुलिस दोबारा रात में स्कूल गई। उस युवक ने फुटेज देखना शुरू किया तो मालूम हुआ कि सुबह 11:49 के बाद 10 मिनट का वीडियो मिटा दिया गया है। सीधे 12:01 मिनट समय बता रहा था। इस बीच स्वजन की नजर प्ले रूम पर पड़ी। उन्होंने देखा कि वहां कैमरा लगा था, जो अब नहीं है। संदेह बढ़ने पर तलाशी शुरू की गई। निशांत ने बताया कि तलाशी के क्रम में आयुष कहीं नजर नहीं आया। प्ले रूम में गटर दिखा, जिस पर ढक्कन लगा था। उसे दरी (मोटे सूत का बिछावन) से भी ढक दिया गया था। वहां तक कोई न पहुंच पाए, इसलिए रास्ते में लकड़ी की तख्तियां और खिलौने रख दिए गए थे। देखने से ऐसा लग रहा था कि गटर को छिपाने की कोशिश की गई है। बाहर आने के बाद आयुष की मां गटर खोल कर देखने की जिद करने लगी। तब स्वजन वापस अंदर गए और गटर से ढक्कन हटाया कि आयुष का शव उपलाता दिखा। उसे देखते ही आयुष की मां चीख उठीं और बेहोश हो गई। तब पुलिस ने मां-बेटे एवं रात्रि गार्ड को हिरासत में लेकर थाने चली गई। गार्ड की भूमिका सामने नहीं आई, जिसके बाद उसे रिहा कर दिया गया। स्कूल में छात्र का शव मिलने की खबर शुक्रवार सुबह तक पूरे इलाके में फैल गई। नकटा दियारा से बड़ी संख्या शैलेंद्र के परिचित पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने बाटागंज पेट्रोल पंप के पास आगजनी कर रास्ता रोक दिया। पुलिस ने जब वहां से उन्हें हटाया तो दीघा-आशियाना मोड़ पर टायर जलाकर वाहनों का आवागमन बाधित कर दिया। साथ ही इसी रोड पर पालसन मोड़ के पास भी बांस-बल्ले से परिचालन ठप कर दिया। यहां से राजीव नगर थाना चंद मीटर ही दूर है। बावजूद इसके पुलिस काफी देर से पहुंची।

## दिनदहाड़े युवक की हत्या, मौके से मैगजीन बरामद

निज संवाददाता

**पटना।** में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े बीच सड़क पर एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना कदमकुआं थाना क्षेत्र के लंगर टोली मोड़ इलाके की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एक मैगजीन और खोखा बरामद हुआ है। आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। डीएसपी टाउन अशोक कुमार ने बताया कि लंगर टोली गली के अंदर युवक की हत्या हुई



है, जो नशे का आदी था। अपराधी प्रवृति का था। दो से 3 गोली मारने की बात सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई हत्या और लूट मामले में जेल भी जा चुका है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसको गिरफ्तार करेंगे। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। आपसी दुश्मनी थी या किसी और कारण से इसकी हत्या हुई है। जांच की जा रही है। मृतक पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम के आगमन को लेकर पटना पुलिस अलर्ट है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## हॉस्पिटल संचालक को सिर में मारी गोली

**पटना (नि.सं.)।** शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक हॉस्पिटल संचालक को सिर में गोली मार दी है। यह घटना राजाबाजार के मछली गली में रविवार की सुबह हुई। संचालक हॉस्पिटल के बाहर खड़े थे। आनन-फानन में जख्मी गुड्डू कुमार सिंह उर्फ अविनाश आनंद को पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया है कि मछली गली के आनंद हॉस्पिटल के संचालक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी है।

## छात्रा से छेड़खानी के आरोप में कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** बुद्धा कालोनी थाना इलाके में एक टीचर पर छेड़खानी का आरोप लगा है। कोचिंग चलाने वाले शिक्षक ने शिक्षा के मंदिर को नापाक हरकतों से तार-तार कर दिया है। हालांकि छात्रा ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। साथ ही पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बुद्धा कालोनी थानाध्यक्ष ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा की ओर से लिखित शिकायत दी गई है। आरएसएस कोचिंग संचालक राज चित्रकार मणि ने पढ़ाई के दौरान छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है। इसके आधार पर आरोपी चित्रकार राज मणि को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के दौरान पूर्व में भी एक छात्रा से छेड़खानी का मामला 2022 में बुद्धा कालोनी थाने में दर्ज है।

## तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी को लेकर दिया बड़ा बयान

निज संवाददाता



**पटना।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस एवं राजद के साथ ही आइएनडीआइए पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का सियासी खेल खत्म हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रेस्ट (आराम) देने वाले तेजस्वी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आप मोदी को रेस्ट देना चाहते हैं लेकिन जनता-जनार्दन ने केंद्र में 10 साल और बिहार में 15 साल से आपकी पारिवारिक पार्टी को रेस्ट दिया हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता फिर से आपको रेस्ट ही देगी। बस चार जून का इंतजार कीजिए। जोशी शनिवार को भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा कथित सामाजिक न्याय का नारा बुलंद करने पर चुटकी भी ली। कहा कि सामाजिक न्याय यह है कि भाजपा ने हमेशा आरक्षण का समर्थन दिया है, वहीं कांग्रेस ने हमेशा इसका विरोध किया और राजद उसके साथ मिल गया। कांग्रेस ने तो बाबा साहब आंबेडकर को भारत रत्न तक नहीं दिया, जबकि नेहरू और राजीव गांधी को भारत रत्न दिया गया। उन्होंने स्वाति मालीवाल के मामले पर भी निशाना साधा। जोशी ने कहा कि राजद के ही सहयोगी दल की एक राज्यसभा सदस्य के साथ मुख्यमंत्री के आवास पर दुर्व्यवहार किया जाता है और गठबंधन के सभी दल मौन धारण कर लेते हैं। यही है इनका 'बेटी वंदन' और महिलाओं के लिए सामाजिक न्याय। उन्होंने कहा कि भाजपा विरोधी दल होते हुए भी इसके खिलाफ आवाज उठा रही है और यही असली सामाजिक न्याय है। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता उषा विद्यार्थी एवं मीडिया संयोजक दानिश इकबाल भी उपस्थित थे।

## बाइक से लेकर जा रहे 90 लीटर शराब जब्त

निज संवाददाता



**मसौढ़ी (पटना)।** बिहार में शराब की तस्करी बढ़ती जा रही है। शनिवार की शाम एक बाइक से सुकठिया गांव से 90 लीटर देशी शराब लेकर जा रहे दो तस्करों को आबकारी पुलिस ने शराब व बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मनेर के रामजीचक निवासी विवान उर्फ मुकेश कुमार व शाहपुर थाना के सराय हथियाकंध निवासी अमित कुमार से आबकारी पुलिस पूछताछ कर रही थी। पूछताछ में दोनों तस्करों ने स्वीकार किया है कि बीते दो दिनों से यहां से देशी शराब लेकर तस्करी के लिए पटना जा रहे थे।शनिवार को तीसरे दिन आखिरकार आबकारी पुलिस ने उन्हे पकड़ लिया। पटना के श्रीकृष्णापुरी थाना अंतर्गत सरदार पटेल पथ स्थित माई ब्वायज हॉस्टल के एक कमरे से पुलिस ने शनिवार की दोपहर छात्र का शव बरामद किया। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना अंतर्गत दामोदरपुर चैनपुर निवासी दीपक कुमार (17) के रूप में हुई है। उसके पैर की अंगुलियों पर जख्म के गहने निशान मिले। वह पिछले वर्ष 14 नवंबर से यहां रहकर सीए की तैयारी करता था। हॉस्टल प्रबंधन ने पुलिस को बताया कि दोपहर दो बजे दीपक कोचिंग संस्थान से वापस आया था। इसके बाद खाना खाकर वह कमरे में चला गया। लगभग तीन बजे दीपक के साथ उसी कमरे में रहने वाला छात्र हॉस्टल आया। उसने दरवाजा खटखटाया, मगर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। तब उसने दूसरे लोगों को जानकारी दी। रोशनदान से झांकने पर मालूम हुआ कि दीपक ने फांसी लगा ली है। थानेदार पंकज कुमार ने बताया कि स्वजन को वारदात की सूचना दी गई है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला मान कर पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है।

## मां के सामने बेटी से रेप, मारपीट

**पटना (नि.सं.)।** राजधानी पटना में मां के सामने नाबालिग बेटी से रेप का मामला सामने आया है। मां का कहना है कि कंकड़बाग के दो युवकों ने जॉब देने के बहाने उसे बुलाया था। वो अपनी बेटी के साथ डुमरी रेलवे स्टेशन के पास गई। वहां पहले से वो दो लोग एक स्कॉर्पियो के पास खड़े थे। इसके साथ की गाड़ी के अंदर तीन और लोग बैठे हुए थे। उनलोगों ने जबरन गाड़ी में महिला और उसकी बच्ची को बैठा लिया। जिसके बाद दोनों के साथ मारपीट की गई। फिर बच्ची के साथ रेप किया गया। मारपीट से दोनों बुरी तरह घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपियों ने मां-बेटी को शेखुपरा पुल के पास सड़क किनारे फेंक दिया और फरार हो गए। रविवार की सुबह मां और उसकी बच्ची दोनों बेहोश पड़ी हुई मिलीं। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद डायल-112 को दी गई, जिसके बाद नौबतपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को पटना एम्स में भर्ती कराया गया।

# बिहार में एक क्षेत्र को जिला बनाना चाहती है कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष ने कर दिया वादा

निज संवाददाता



**लहलादपुर (सारण)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं, संविधान बचाने का है। एक तरफ मोदी हैं तो दूसरी ओर संविधान। हम लोग संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बार आप चुके तो देश में फिर कभी चुनाव नहीं होगा। वह शनिवार को जनता बाजार के श्री ढोढ़नाथ उच्च विद्यालय परिसर में महाराजगंज के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रतापगढ़ी ने कविता और शायरी से मोदी सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के प्रतिनिधि के रूप में आकाश कुमार सिंह महाराजगंज लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। आप लोग अगर इनको जिताते हैं तो आपको एक नहीं तीन-तीन सांसद मिलेंगे। इनके पिता और मैं पहले से ही राज्यसभा सदस्य हैं। आकाश कुमार सिंह को सांसद बनाकर सदन में भेजिए। महराजगंज में तीन तरफा विकास होगा। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने आमजन से वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनी तो महाराजगंज को अलग जिला का दर्जा देंगे। कांग्रेस की सरकार थी तो किसान के फसल का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया था। किसानों के 72 हजार करोड़ के ऋण को कांग्रेस की सरकार ने माफ कर दिया था। आकाश चुनाव जितते हैं तो वे महाराजगंज को जिला जरूर बनवाएंगे। सभा में एकमा विधायक श्रीकांत यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार, आदि थे।

# 10 हजार तो पाटलिपुत्र विवि में नामांकन के लिए आए 85 हजार आवेदन

निज संवाददाता



**पटना।** राजधानी पटना के प्रमुख विश्वविद्यालय पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय व पटना विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक (रेगुलर) एवं त्रिवर्षीय स्नातक (सेल्फ फाइनेंस) कोर्स में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इसमें शनिवार की शाम तक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के लिए 85 हजार आवेदन आए हैं, जबकि पटना विश्वविद्यालय के लिए 10 हजार आवेदन आए। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में स्नातक नियमित कोर्स के लिए 83 हजार आवेदन तो सेल्फ फाइनेंस कोर्स के लिए दो हजार आवेदन आए हैं। पटना विवि में आठ हजार नियमित स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए, जबकि दो हजार आवेदन सेल्फ फाइनेंस कोर्स के लिए आए हैं। पीयू आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित है, जबकि पीपीयू में अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित है। पीयू में विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को आवेदन की समीक्षा के बाद आवेदन की तिथि बढ़ाई जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी दोनों विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जाकर आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। पटना विश्वविद्यालय के अधीन कालेज में कुल चार हजार पांच सौ 31 सीटें निर्धारित हैं, जबकि पीपीयू में करीब एक लाख 20 हजार सीटें निर्धारित हैं। पटना हाईकोर्ट ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति (वीसी) से सीसीडीसी (कोर्डिनेटर ऑफ कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल) की नियुक्ति मामले में जबाब तलब किया है। न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद की एकलपीठ ने डॉ. नीरज की याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त आदेश दिया। आवेदक के वकील ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट ने सीसीडीसी के पद पर आवेदक को नियुक्त करने का आदेश दिया था। इस आदेश के आलोक में उन्हें नियुक्त कर दिया गया। लेकिन, उक्त पद पर नियुक्ति को लेकर तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया। कमेटी ने आवेदक को अपना जबाब देने का निर्देश दिया। इसी बीच सीसीडीसी के पद पर एक अन्य व्यक्ति की नियुक्ति कर दी गई। उनका कहना था कि ऐसी कार्यवाही अदालती आदेश की अवमानना है। विश्वविद्यालय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सीसीडीसी नियुक्त करने के एकलपीठ के आदेश को अपील दायर कर चुनौती दी गई है। लेकिन, कोर्ट ने अब तक एकलपीठ के आदेश पर रोक नहीं लगाई है। इस पर आवेदक की ओर से बताया गया कि केवल अपील दायर कर देने से अदालती आदेश पर रोक नहीं लग जाता।

## गंगा में पलटी नाव दो लोग लापता

**पटना (नि.सं.)।** में रविवार को लोगों से भरी एक नाव गंगा में पलट गई। नाव पर 12 लोग सवार थे। इनमें से 10 लोग हादसे के बाद तैरकर नदी के किनारे पहुंच गए। जबकि दो लोग अब भी लापता है। घटना मनेर थाना क्षेत्र के दियारा क्षेत्र की है। नाव पर बैठे लोग सब्जी और घास लाद अपने घर लौट रहे थे और इसी बीच यह हादसा हुआ। दरवेशपुर के किसान महावीर टोला घाट के सामने दियारा में सब्जी की खेती कर रखी है। रविवार को सब्जी तोड़कर नाव पर लाद बेचने के लिए ला रहे थे। नदी में तेज बहाव के कारण नाव पलट गई और डूब गई। हादसे में लापता लोगों की पहचान 59 वर्षीय बिजेंद्र कुमार राय और 34 वर्षीय रणवीर कुमार के रूप में की गई है। दोनों मनेर थाना के गौरैया स्थान नागा टोली निवासी है। वहां मौजूद लोगों ने इस बात की सूचना मनेर पुलिस को दी। सूचना पाकर मनेर पुलिस मौके पर पहुंच एसडीआरएफ की टीम को सूचित किया।

# सीटें जीत रहा इंडी गठबंधन तेजस्वी यादव ने कर दिया साफ, सियासी हलचल तेज

निज संवाददाता



**पटना।** लोकसभा चुनाव के बीच पक्ष और विपक्ष में सीटों को लेकर दावेदारी खूब हो रही। एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर भाजपा के तमाम नेता 400 पार की बात कर रहे हैं तो अब विपक्ष की ओर से भी तीन सौ सीट जीतने का दावा किया गया है। यह दावा किसी और नेता ने नहीं, बल्कि बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्वयं किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने और ओर एक्स पर लिखा कि खुशखबरी यह है कि आइएनडीआइए पूरे देश में 300 से अधिक सीटें जीत रहा है। देश की महान जनता जान चुकी है कि यह झूठ पर सच की जीत का चुनाव है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत चुनाव है। तेजस्वी सिर्फ एक्स पर ही दावा करके नहीं रुके। उन्होंने अपनी एक चुनावी सभा मे पहुंचने के पहले वीआइपी संस्थापक मुकेश सहनी से भी हेलीकॉप्टर में अपने विचार साझा किए। तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी एक हेलीकॉप्टर में बैठे हैं और दोनों के बीच बातचीत हो रही है। इस बातचीत में तेजस्वी यादव सनी को बता रहे हैं की चुनावी सभा में जो भीड़ आ रही है, वह यह संकेत दे रही है कि पब्लिक भाजपा के लोगों के भाषणों से पक चुकी है, थक चुकी है। इसलिए, वह बदलाव चाहती है। उन्होंने सहनी से दावा किया कि लोग 400 सीट का दावा भले करें, सब हवा हवाई है। महागठबंधन क्यों उम्मीदवारों को देश भर में 300 से अधिक सीट मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह जुमलों का नहीं हकीकत का चुनाव है। यह ग्लोबल नहीं स्थानीय मुद्दों का चुनाव है। यह खास का नहीं, आम आदमी का चुनाव है। वे कहते हैं यह बेरोजगारी नहीं, बल्कि नौकरी का चुनाव है। यह भाजपा वालों के संविधान बदलने जैसे नापाक इरादे जैसे नौकरी, संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिविन्यास कार्यक्रम में शामिल हुए बीएयू के नए शिक्षक

**भागलपुर**। बीएयू सबौर स्थित पौधा प्रजनन विभाग में नवनियुक्त शिक्षकों व वैज्ञानिकों के लिए शिक्षा अनुसंधान व प्रसार विषय पर दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ। इसमें डॉ. एस गोपाला कृष्णन, हेड डिविजन ऑफ जेनेटिक्स आईएआरआई नई दिल्ली विशेषज्ञ आए थे। डॉ. कृष्णन ने वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तावित नये अनुसंधान परियोजना प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण बैठक में भाग लिया। कार्यक्रम में 23 नए शिक्षक व वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि निदेशक अनुसंधान, प्राचार्य कृषि कॉलेज, अध्यक्ष पौधा प्रजनन विभाग, डायरेक्टर (आईक्यूएसी) ने भी अपने सुझाव दिए।

### अब छुट्टी होने के बाद शिक्षक प्रतिदिन तैयार करेंगे पाठ टीका

**भागलपुर**। अब और दिनों की तरह सरकारी स्कूल के शिक्षक दोपहर 12 बजे छुट्टी के बाद घर नहीं जाएंगे। अब रोज 12 से 1.30 बजे तक स्कूल में रहकर पाठ टीका तैयार करेंगे। पाठ टीका का अर्थ यह है कि अगले दिन स्कूल आने के बाद क्या करना है इसकी सूची तैयार करेंगे। इसके अलावा शिक्षक छुट्टी के बाद कापियों की जांच, साप्ताहिक मूल्यांकन, मासिक मूल्यांकन की कापियों की जांच करेंगे। यह निर्देश माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रधानाध्यापक दोपहर 12 से 1.30 बजे तक अतिरिक्त कार्य जैसे नामांकन एवं अन्य प्रशासनिक कार्य करेंगे। सारा काम पूरा करने के बाद 1.30 बजे घर जाएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि शिक्षकों की आठ घंटे की नौकरी है। फिर भी आधे घंटे पहले यानी 1.30 बजे छुट्टी दी जा रही है। स्कूलों में सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक पढ़ाई जारी रखनी होगी। पाठ टीका में शिक्षकों को कक्षा में पढ़ाए जाने वाले चैप्टर के बारे में लिखना होगा। इसके आधार पर शिक्षक अगले दिन पाठन कार्य करेंगे। इसमें यह लिखना होगा कि किस शिक्षक ने कितनी घंटी ली। पाठ टीका का स्पष्ट अर्थ कि शिक्षक प्रतिदिन कौन-कौन से कार्य किए हैं। अगले दिन क्या करना है इन सब की जानकारी अंकित करते हैं। ताकि ये सब बातें उन्हें याद रहे कि आगे क्या करना है। इस तरह से महीने भर का पाठ टीका तैयार किया जा सकता है।

### पीजी सेम-3 के रिजल्ट की जांच की मांग को लेकर विवि मुख्यालय पहुंचे छात्रों से हुई झड़प

**मुंगेर**। मुंगेर पीजी सेमेस्टर-3, सत्र 2022-24 के रिजल्ट की जांच की मांग को लेकर विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुंचे कोशी कॉलेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं से रजिस्ट्रार कर्नल विजय कुमार ठाकुर की झड़प हुई। झड़प के दौरान काफी हंगामा हुआ। हालांकि भागमदौड़ में कुछ छात्राएं चोटिल हुई। दरअसल रिजल्ट जांच की मांग पर अड़े छात्र-छात्राओं ने बात बनती ना देख दोपहर बाद करीब 4 बजे जब अधिकारियों कैंपस से बाहर जाते देखा, तो वे उन्हें घेरने लगे। इस बीच कुलपति प्रो. श्यामा राय की गाड़ी भी निकली। छात्र उनकी गाड़ी के पीछे जब तक दौड़ते, तब तक उनकी गाड़ी निकल गई। मगर कैंपस के अंदर रजिस्ट्रार एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमर कुमार को देखकर छात्र उन्हें घेरकर वार्ता के लिए लाने लगे। मगर छात्रों के अड़ियल रवैये से नाराज कुलसचिव कैंपस से बाहर जाने लगे। जिन्हें छात्र-छात्राओं ने दौड़कर गेट बंद कर रोकने की कोशिश की। छात्राएं उसमें आगे थी। जबतक वे बाहर निकल पाते छात्र-छात्राओं ने उन्हें घेर लिया और सड़क पर ही गरमागरम बहस होने लगी। इसी बीच मौका देख परीक्षा नियंत्रक कैंपस से अपनी कार में बैठकर निकल लिए। आखिरकार रजिस्ट्रार को अधिकारियों के साथ वापस कैंपस में लौटना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक शाम 04:45 बजे भी कैंपस में कई बार छात्रों और अधिकारियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। छात्र ने स्पष्ट कहा कि रिजल्ट की जांच होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कोशी कॉलेज के छात्रों की मांगों के साथ स्थानीय छात्र नेता सुमित कुमार, प्रिंस कुमार, मनीष कुमार, मो. अफजल, सरवन आदि सक्रिय देखे गए।

### नेशनल असेसमेंट टीम ने दो हेल्थ एंड वेलनैस सेंटर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतुष्ट

**मुंगेर**। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की नेशनल असेसमेंट टीम ने जिला के दो हेल्थ एंड वेलनैस सेंटर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतुष्टि जताई। डीपीएम मो. फैजान आलम अशरफी ने बताया कि एनक्यूएएस कि नेशनल टीम ने विगत 15 मई को संग्रामपुर के एचडब्ल्यूसी कहुआ और 16 मई को बरियारपुर कल्याणपुर एचडब्ल्यूसी करहरिया का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध संसाधन और मरीजों को 7 पैकेज के तहत दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार जायजा लिया। टीम में डॉ. राजेश पटेल और डॉ. प्रमोद मिश्रा सहित डेवलपमेंट पार्टनर जपाईगों के आरपीओ डॉ. आनंद दीक्षित, डा. नीलू , सीएचओ, एएनएम, आशा आदि शामिल थे। डीसीएम निखिल राज ने बताया कि असेसमेंट के बाद एचडब्ल्यूसी कल्याणपुर ने 83% और कहुआ ने 77% स्कोर के साथ सर्टिफिकेट प्राप्त किया था। डा. आनंद दीक्षित ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप सारा डिटेल्स रिपोर्ट लिया गया है। इस निरीक्षण के आधार पर यदि एनक्यूएएस के अनुरूप दोनों हेल्थ एंड वेलनैस सेंटर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेते हैं तो वहां मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा अगले तीन वर्षों तक सभी सात पैकेज पर प्रति पैकेज 18000 रुपए का सहायता राशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में मुंगेर सदर और जमालपुर प्रखंड में कार्यरत हेल्थ फैसिलिटी पर एनक्यूएएस असेसमेंट करवाया जाना है।

### केस रिव्यू करने को अनुसंधानकर्ता को मिला निर्देश

**भागलपुर**। भागलपुर साइबर ठगी के मामले में दर्ज केस के अनुसंधान में भागलपुर पुलिस पिछड़ रही है। लगातार पेंडिंग केस की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में पेंडिंग केस के निपटारे के लिए शनिवार को सभी अनुसंधानकर्ता को साइबर थाने बुलाया गया था। केस का रिव्यू करने के बाद संबंधित पदाधिकारी को वरीय पदाधिकारियों की ओर से अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मोजाहिदपुर थानेदार विनोद कुमार के साथ हबीबपुर थानेदार पंकज राउत समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बता दें कि आईटी एक्ट में दर्ज केस का अनुसंधान किसी इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को ही सौंपा जाता है। हाल में लोकसभा चुनाव को लेकर छह वर्ष से अधिक समय तक ड्यूटी करने वाले पदाधिकारी का ट्रांसफर होने के बाद नए पदाधिकारी को केस की जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में कई अनुसंधानकर्ता को दो माह बाद भी पता नहीं है कि किस केस के अनुसंधान का जिम्मा उनके पास है। वहीं, साइबर थाने में इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी की कमी के कारण दूसरे थाने के पदाधिकारी को भी साइबर थाने में दर्ज केस की जांच का जिम्मा दिया जाता है। साइबर थाने के प्रभारी थानेदार अकील अहमद ने बताया कि पेंडिंग केस के निपटारे के लिए संबंधित अनुसंधानकर्ता के साथ बैठक कर उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

### लापता लोगों को ढूंढने में पुलिस फेल

**मुंगेर**। जिला में पिछले दो वर्षों से लगातार लापता या अपहरण हो जाने का मामला थाना में दर्ज होते आ रहा है। जिसमें थाना में आए दिन परिजनों द्वारा नबालिग को अपहरण करने की आवेदन दिया जा रहा है। लेकिन लापता होने वाले को ढूंढने में पुलिस फेल हो रही है। जिसके कारण लापता हो गए बच्चों की या तो लाश मिलती या तो वह दलालों के हाथ लग जाता है। जिलेभर की बात की जाए तो ऐसे कई केस लापता से जुड़ी है, जिसका अबतक उद्भेदन नहीं हो पाया है। बताते चलें कि कोतवाली थाना में कार्यरत पुलिस जवान राहुल कुमार बीते साल 4 सितंबर से लापता है। जिसको पुलिस अब-तक नहीं खोज पाई है। पुलिस ने इसके ऊपर इनाम भी रखा है। जबकि कोतवाली थाना क्षेत्र के ही गांधी चौक निवासी शंकर प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र 26 मई 2023 से लापता है। जिसे पुलिस खोजने अब-तक असफल रही। इसके ऊपर अब 25 हजार का इनाम रखा गया है। वहीं वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के मंगल बाजार निवासी बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर अमित रंजन का 7 वर्षीय पुत्र अक्क्षज कुमार जो कि 15 मई को अपने घर से लापता था। 15 मई को परिजनों द्वारा थाना में आवेदन दिया गया। पुलिस ने इस पर शायद गंभीरता से काम नहीं किया। जिस कारण अक्क्षज का शव 16 मई को कष्टहरणी गंगा घाट से बरामद हुआ। हालांकि इसकी मौत कैसे हुई, इसका अब-तक मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# राज्य समन्वित किस्म परीक्षण की समीक्षा, पिछले वर्ष के परिक्षणों पर हुई चर्चा

## फसलों के सुधार और विकास के लिए चल रहे कार्यक्रम

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में विभिन्न फसलों के सुधार और विकास के लिए चल रहे राज्य समन्वित किस्म परीक्षण कार्यक्रम की संयुक्त समीक्षा बीएयू सबौर के मिनी सभागार में ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम की गई। खरीफ फसल- धान, मक्का और अरहर में चल रहे राज्य समन्वित किस्म परीक्षण कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। फसलों पर 2023 में राज्य के विभिन्न कृषि-जलवायु भोगोलिक क्षेत्रों में किए गए परीक्षणों के परिणामों पर चर्चा के साथ-साथ खरीफ 2024 में आयोजित होने वाले परीक्षणों का तकनीकी कार्यक्रम भी तय किए गए।




**कृषि अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरणः** अनुसंधान निदेशक, बीएयू सबौर, डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राज्य समन्वित किस्म परीक्षण की महत्ता की खरीफ और रबी मिलाकर कुल नौ महत्वपूर्ण फसलों में कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नई फसलों को इस कार्यक्रम में शामिल करने के लिए सरकार से दरख्वास्त की जाएगी। डॉ. डी. आर. सिंह, कुलपति, बीएयू सबौर की सोच है कि राज्य के किसानों के लिए सर्वश्रेष्ठ किस्म ईजाद की जाए। जिससे किसानों की आय बढ़े और राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण किया जा सके।

**उन्नतशील प्रभेदों को विकसित करने में मदद मिलतीः** कार्यक्रम राज्य के किसानों के लिए है क्योंकि इनके माध्यम से विभिन्न फसलों के नए और राज्य के लिए अनुकूल उन्नतशील प्रभेदों को विकसित करने में मदद मिलती है। बैठक में धान, खरीफ, मक्का और अरहर के अच्छे आनुवंशिक लाइनों की पहचान की गई जो आने वाले समय में उन्नत प्रभेदों के रूप में किसानों के खेत में लहलहाते नजर आएंगे। डॉ. ए. के. सिंह, अनुसंधान निदेशक, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविध्यालय, पूसा (समस्तीपुर) ने राज्य के किसानों की अपेक्षाओं पर खरे उतरने की बात कही। जिसमें राज्य समन्वित किस्म परीक्षण कार्यक्रम की महती भूमिका है।

### मंत्रियों ने सड़क बनाने का किया वादा, नहीं हुआ पूरा

**टेटिया बंबर**। प्रखंड क्षेत्र के बनगामा एवं धौरी पंचायत के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाना हो तो सड़क देखकर ही लोग सहम जाते हैं, क्योंकि मुख्य सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि सड़क गड्ढे में है या गड्ढे में सड़क, समझना मुश्किल हो जाता है। तारापुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान दर्जनों मंत्री एवं विधायक इस मार्ग से गुजरते हुए चुनाव प्रचार अभियान चलाए थे और चुनाव के दौरान ग्रामीणों से यह वादा किया था कि आप अपना मत देकर विजय बनाएं। यह सड़क छः महीने के अंदर ही बनकर तैयार हो जाएगी। ग्रामीणों ने अपना वादा पूरा कर दिया। लेकिन चुनाव के दौरान मतदाताओं से वादा करने वाले मंत्रियों ने शायद अपना वादा पूरा करना ही भूल गए। यही कारण है कि अब तक इस सड़क के निर्माण को लेकर कोई भी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है। बनगामा पंचायत के आधे दर्जन से अधिक गांव के लोग एवं धौरी पंचायत के ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय जाने वाली यह मुख्य सड़क है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने स्थानीय विधायक से इस मुख्य मार्ग को निर्माण कराए जाने को लेकर कई बार शिकायत की।

## आयोग की सिफारिश पर जिन्हें हटाया उन्हें बिना विज्ञापन कर दिया नियुक्त



निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू में संविदा पर बहाल मैकेनिकल इंजीनियर मुरारी मिलनारुण को हटाए जाने के मामले की शुरू हुई जांच में संविदा पर कनीय अभियंताओं (जेई) की नियुक्ति में तथ्यों का छिपाने के आरोप की भी जांच हो सकती है। मामला पूर्व प्रभारी कुलपति एनके वर्मा के समय ऐसे कुछ कर्मियों को जस्टिस अखिलेश चंद्रा कमेटी की अनुशंसा पर हटाने और बाद में पूर्व कुलपति एनके झा के समय बिना नया विज्ञापन जारी किए फिर बहाल कर लिए जाने का है। इस तरह की गड़बड़ी का आरोप विवि की सिंडिकेट सदस्य डॉ. रूबी कुमारी ने लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया था कि जस्टिस चंद्रा की जांच रिपोर्ट के आधार पर जिन आठ कर्मियों की सेवा राजभवन पे रद्द कर दी थी उन्हें 2017 में दोबारा बहाल कर लिया गया। इनमें दो अभियंता भी हैं। उन्होंने विवि से 2017 में हुई बहाली का जब विज्ञापन उपलब्ध कराने को कहा तो विवि ने 2006 का विज्ञापन उपलब्ध करा दिया। जब 2017 में दोबारा बहाली हुई तो इसके लिए विज्ञापन भी उसी समय जारी होना चाहिए था।

विवि ने सिंडिकेट सदस्य को पांच मार्च को हुई सिंडिकेट की बैठक में ये डॉक्यूमेंट दिए थे। पर सिंडिकेट सदस्य ने बाद में टीएमबीयू के कुलपति को पत्र देकर कहा था कि बैठक में दिए गए डॉक्यूमेंट पर उन्हें आपत्ति है इसलिए ये दोबारा उपलब्ध कराए जाएं। सिंडिकेट सदस्य ने विवि प्रशासन पर सिंडिकेट को गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए मैकेनिकल इंजीनियर को हटाने और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर की बहाली का मामला भी उठाया था। मैकेनिकल इंजीनियर को हटाने के मामले की जांच का निर्णय सिंडिकेट ने लिया था। जांच कमेटी की एक बैठक हो चुकी है और सोमवार को फिर बैठक होगी। बताया गया कि कमेटी इस पूरे मामले की पड़ताल करेगी।

# पानी के लिए सड़क पर उतरे बारा पंचायत के ग्रामीण, एक घंटा जाम

निज संवाददाता। पीरपैंती

पेयजल संकट से जूझ रहे प्रखंड की बाराहाट पंचायत के वार्ड 3 और चार के ग्रामीणों का सब्र टूट गया। शनिवार को गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतर गए और बाराहाट-कहलगांव रोड को एक घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि वार्ड चार में आठ माह से पानी नहीं मिल रहा है। लोग पानी के लिए परेशान हैं। पीएचईडी के अधिकारी को फोन करने के बाद भी संज्ञान नहीं लेते हैं। नाला बनाने के क्रम में नल-जल का पाइप टूट गया था। लेकिन आठ माह बाद भी पाइप को दुरुस्त कर बिछाया नहीं गया है। इससे पानी की घोर किल्लत हो गई है। वहीं वार्ड तीन में बोरिंग का मोटर धंसना गिर जाने से मिट्टी में दब गया है। इससे जलापूर्ति बाधित है। यहां नई बोरिंग कराने के बाद ही पानी मिलना संभव है। वार्ड पांच और 6 में भी पाइप टूटने से जलापूर्ति बाधित है। पंचायत के उपमुखिया बबलू शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी की किल्लत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। सड़क पर मजबूरीवश उतर गए। वहीं मुखिया



लालमणि साह ने कहा कि पीएचईडी की लापरवाही से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। कई बार शिकायत की गई, लेकिन विभाग संज्ञान नहीं ले रहा है। जाम की सूचना पर बीडीओ अभिमन्यु कुमार और इशीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बीडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीण माने। इसके बाद कहलगांव-बाराहाट रोड पर आवागमन शुरू हुआ। बीडीओ ने कहा कि पीएचईडी के सहायक अभियंता को जल्द पाइप ठीक कर जलापूर्ति बहाल करने कहा गया है।

कहलगांव | सन्हौला प्रखंड की सिलहन खजुरिया पंचायत में भी लोगों को नल का जल नहीं मिल रहा है। पंचायत के सिलहन, बैजनाथपुर, मुरली टोला, बेलडीहा गांव के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। कहीं पाइप फटने तो कहीं मोटर में खराबी आने से जलापूर्ति बाधित है। वहीं अधिकांश सरकारी हैंडपंप खराब हैं। किसी हैंडपंप से पानी निकल भी रहा है तो वह पीने लायक नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जिसके घर में निजी बोरिंग है वहां से बाल्टी, डिब्बे में पानी भर कर लाते हैं। पानी के आभाव में सही ढंग से स्नान नहीं कर पाते हैं। बैजनाथपुर के संजीव सिंह, फंटूश सिंह, निरंजन सिंह, बब्बन कुमार ने बताया कि संचालक सही तरीके से पानी नहीं चलाता है।नलों में टोटी नहीं है। कहीं पानी बहते रहता है तो कहीं पहुंचता ही नहीं है। कई घरों में पाइप से कनेक्शन दिया ही नहीं गया है।

पीएचईडी के जेई धीरज कुमार सिंह ने बताया कि बैजनाथपुर में टंकी बदल दी गई है। बेलडीहा में पाइप क्षतिग्रस्त की सूचना मिली है। ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है। कहलगांव-बाराहाट रोड जाम होने के कारण एक घंटे तक आवागमन बाधित हो गया। जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे। भीषण गर्मी और तेज धूप में जाम में फंसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे वाहन चालकों का कहना था कि पीएचईडी की लापरवाही के कारण ही लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। और इसका खामियाजा हमलोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## टीएमबीयू के मामलों में एबीवीपी ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू के कुछ कॉलेज इस बार विवि की जगह अपने स्तर से स्नातक के सत्र 2024-28 में ले रहे नामांकन में गड़बड़ी कर रहे हैं। विवि प्रशासन को ऐसी सूचना मिल रही है कि कुछ कॉलेजों में बिना एफिलिएशन वाले विषयों में भी छात्रों के नामांकन लिए जा रहे हैं। इसको लेकर कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने कहा है कि यह गंभीर मामला है। विश्वविद्यालय का कोई भी अंगीभूत या एफिलिएटेड कॉलेज बिना एफिलिएशन वाले विषयों में छात्रों का नामांकन लेता हैं तो उसके प्राचार्य पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन विषयों के नामांकन रद्द किए जाएंगे। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित कॉलेज के प्राचार्य की होगी। कुलपति ने कहा कि टीएमबीयू के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों की जांच सीसीडीसी करेंगे जबकि एफिलिएटेड महाविद्यालयों में कॉलेज इंस्पेक्टर जांच करके इसकी रिपोर्ट कुलपति को देंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी प्राचार्य पर कार्रवाई की जाएगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने टीएमबीयू में शैक्षणिक अराजकता,




भ्रष्टाचार और कुलपति पर भ्रष्ट नीतियां अपनाने का आरेप लगाकर शनिवार को डीएम को ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुणाल पांडेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शर्मा, नगर मंत्री गौतम साहू, नगर सह मंत्री प्रांजल बाजपेई और हर्षवर्धन मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा। साथ ही परिषद के आगामी आंदोलन की सूचना दी। कहा कि कुलपति हमारी आवाज को दबाने के लिए प्रशासनिक हथकंडे अपना रहे हैं। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि डीएम ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। 21 मई तक छात्र हितों की सभी समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो 22 मई को कुलपति का घेराव किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि विवि की प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था स्टेट्यूट में निहित नियम और परिनियम से ही संचालित होगी। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही और शिथिलता पर सीधे दोषी संस्था प्रधान पर कार्रवाई होगी। इधर, मामले को लेकर डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेंद्र कुमार ने भी निर्देश जारी किए हैं कि कॉलेज एफिलिएशन वाले विषयों में ही नामांकन लें। राजभवन से प्राप्त नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय कोर्स सीबीसीएस के लिए जारी नियम और अध्यादेश के अनुरूप ही नामांकन लिया जाएगा। इसमें राज्य सरकार की अद्यतन आरक्षण नियमावली का पालन करना अनिवार्य है। साथ ही नामांकन में मेधा सूची छात्रों के इंटर में प्राप्त अंक के आधार पर ही तैयार की जाएगी। बता दें कि पिछले सत्र में भी एक प्रमुख एफिलिएटेड कॉलेज ने हिंदी में कई छात्रों का नामांकन ले लिया था जबकि कॉलेज को हिंदी में एफिलिएशन प्राप्त नहीं था। मामला सामने आने के बाद संबंधित छात्रों का नामांकन उक्त कॉलेज से रद्द कर इन्हें दूसरे कॉलेज से टैग करना पड़ा था।

## आपसी रंजिश में कई राउंड चली गोली

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के औडाबगीचा के इंग्लिश टोला में पाठा को लेकर मोहनपुर गांव के युवकों ने फायरिंग की है। फायरिंग करके सभी लोग फरार हो गए। औडाबगीचा के इंग्लिश टोला निवासी पुलिस यादव की पत्नी ने बताया कि दो तीन दिन पहले बकरी का बच्चा गायब हो गया था, काफी खोजबीन के बाद मोहनपुर गांव में मिला। आज दोपहर मोहनपुर गांव के कुछ युवक हमारे घर आए और कहा कि बकरी का बच्चा हमारा है, जिसके बाद सभी मिलकर बकरी के बच्चे को ले जाने लगा तो हम महिला व परिवार वालों ने विरोध किया। उनसे कहा कि आप अपनी बकरी को लेकर आइए। अगर बकरी के साथ बच्चा चला जायेगा तो हम बकरी के बच्चे को दे देंगे। इसके बाद सभी लोग चले गए। एक घंटे के बाद सभी चार की संख्या में आए और



गोली चलाने लगे। गांव में अफरा-तफरी मच गई और सभी महिला घर में घुस गई। कलावती ने बताया कि मोहनपुर गांव के निर्भय सिंह और बच्चन सिंह का बेटा था जिसके साथ उसी गांव के दो अन्य युवक पत्थर सिंह और कुकुर्वा सिंह था। सभी शराब के नशे में धुत और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद धरहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। घटनास्थल पर अब तक चार खोखा बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि पाठा को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें गोलीबारी की घटना हुई है।

## 4 दिनों तक झमाझम बारिश के आसार, 2-3 डिग्री लुढ़केगा तापमान

निज संवाददाता। मुंगेर

भीषण गर्मी के कारण जिले का तापमान फिर से एक बार 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। उमस और भीषण गर्मी के बीच लोगों का जीना पूरी तरह मुहाल हो चुका है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत भरा मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। जारी पूर्वानुमान के अनुसार रविवार से बुधवार तक जिले में झमाझम बारिश की संभावना है। इस बीच तापमान में 2-3 डिग्री कि गिरावट भी आने की संभावना व्यक्त किया गया है। मालूम हो कि विगत एक सप्ताह से जिले का अधिकतम तापमान 40-43 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया



गया। इस बीच हवा कि गति काफी कम रहने से लोगों को पूरे दिन उमस का सामना करना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग कि मानें तो रविवार से बुधवार तक जिले में झमाझम बारिश कि संभावना है। प्रत्येक दिन जिले में 7 एमएम या इससे अधिक बारिश हो सकती है। इस दौरान जिले में 12 से 20 किमी कि रफ्तार से अगले दो दिन पछुआ हवा एवं इसके बाद पूरबा एवं दक्षिण पूरबा हवा चलेगी जो भीषण गर्मी से त्रस्त जन-जीवन को काफी राहत पहुंचाएगी। इस बीच आसमान में बादल छाए रहेंगे।

# उमस भरी गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौली से नगर वासियों को हो रही परेशानी

निज संवाददाता। तारापुर

नगर में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से नगर के साथ-साथ ग्रामीण के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त है। भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में नगर में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हालांकि ग्रामीण फीडर में 20 से



22 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। नगरवासियों में संतोष कुमार पोद्दार, चंदन साह, मनोज गुप्ता, गौतम कुमार का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। दिन में किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हर साल गर्मी के दिनों में विभिन्ना कारणों से विद्युत सप्लाई व्यवस्था प्रभावित होती है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। इस संबंध में जेई संतोष कुमार कहते है कि बीते एक सप्ताह से शहरी क्षेत्र के कई जगहों पर ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य प्रगति पर था। कई जगहों पर बिजली तार को दुरुस्त किया जा रहा है। क्षेत्र में 8 मेगावाट की जरूरत है, जो प्राप्त हो रही है। शनिवार देर संध्या तक बिजली दुरुस्त कर लोगों को निर्बाध बिजली दी जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# दस किलो अनाज

चुनावी शोर में यह नहीं भूलना चाहिए कि देश पर कितना कर्ज हो गया है। मुफ्त घोषणाओं में लगी हर पार्टी को अर्थव्यवस्था के प्रति सजग रहना होगा। अनेक लोगों के लिए चुनाव विचारधारा, समस्या और मुद्दों को परखने का मौका है, तो बहुत से लोग मुकम्मल तौर पर बस यह जानना चाहते हैं कि उन्हें क्या मिलेगा? इसी कड़ी में भाजपा की घोषणा है कि आने वाले पांच वर्ष तक 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त मिलता रहेगा, इससे आगे बढ़ते हुए कांग्रेस ने घोषणा की है कि इंडिया ब्लॉक की सरकार अगर बनी, तो पांच के बजाय दस किलो अनाज मुफ्त दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में यह महत्वपूर्ण घोषणा की है। मतदान के चार चरण बाद की गई इस घोषणा का आने वाले तीन चरणों पर अब क्या असर होगा, यह देखने वाली बात है। क्या ऐसी घोषणा इंडिया ब्लॉक की ओर से पहले नहीं हो सकती थी या क्या किसी आशंका की वजह से अब घोषणा की गई है? वजह चाहे जो हो, इस वादे का महत्व है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत कोरोना महामारी और लॉकडाउन की वजह से की गई थी और अब यह योजना सभी राजनीतिक दलों या सरकारों के लिए मजबूरी बन गई है। विपक्ष में ऐसे लोग भी हैं, जो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के आलोचक रहे हैं। दो वजहों से इस योजना को निशाने पर लिया जाता है। पहली वजह बताई जाती है, लोगों को रोजगार चाहिए, मुफ्त अनाज नहीं। दूसरी, जब देश में गरीबों की संख्या घट गई है, तब वे कौन 80 करोड़ लोग हैं, जिन्हें मुफ्त अनाज की जरूरत पड़ रही है? वैसे, इसमें शक नहीं कि इस योजना की शुरुआत 2020 में एक साल के लिए हुई थी, मगर अब पांचवां साल शुरू होने वाला है। यह योजना देश की एक सफलतम योजना है और बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो इसका लाभ ले रहे हैं। महामारी का असर पीछे छूट गया है, पर वास्तव में ज्यादातर लाभार्थी यह नहीं चाहेंगे कि यह योजना बंद हो जाए। अतः इंडिया ब्लॉक ने अगर पांच किलो मुफ्त अनाज को दस किलो करने का वादा किया है, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हां, इंडिया ब्लॉक अगर यह घोषणा पहले करता, तो शायद उसे ज्यादा सियासी लाभ मिलता। यह बात अलग है कि मुफ्त अनाज योजना का आर्थिक दबाव देश और उसके लोगों पर ही पडेगा। मुफ्त की योजनाओं को शुरू करना और चलाते रहना आसान नहीं है। अगर मुफ्त देना इतना ही आसान होता, तो तमाम राज्य सरकारें दिल्ली सरकार की तरह मुफ्त बिजली और पानी की सुविधा दे रही होतीं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ही दिल्ली की सीमा में किसी का बिजली बिल शून्य आता है, तो उससे बमुश्किल पचास कदम दूर उत्तर प्रदेश में चार हजार रुपये! मतलब, मुफ्त योजनाएं असंख्य लोगों के लिए जरूरत और सियासी मजबूरी हैं, पर उनमें तार्किकता होनी चाहिए। मुफ्त योजनाएं अच्छी होती हैं और अच्छी लगती भी हैं, पर उनका असर जब महंगाई के रूप में लौटता है, तब नाराजगी नहीं होनी चाहिए। आज हर पार्टी को पता है कि देश पर कितना कर्ज है और घोषणाओं में लगी हरेक पार्टी को अर्थव्यवस्था के प्रति सजग रहना होगा। साल 2022 की बात करें, तो भारत पर जीडीपी के हिसाब से 81 प्रतिशत ऋण था, जबकि जापान पर 260.1 प्रतिशत और अमेरिका पर 121.3 प्रतिशत। ऋण तब बुरा नहीं है, जब उसका सदुपयोग सुनिश्चित हो। ऋण हों या मुफ्त की योजनाएं, अगर देश खुशहाल हो रहा हो, तो स्वागत है।

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

**(ललित गर्ग)**

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं। दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली

*देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला।*

लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है। पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी। भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है। दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं।

# केजरीवाल की कवायद के मायने

**(राहुल वर्मा, फेलो, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च )**

जब से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है, तब से ही अटकलों का बाजार गरम है कि विशेषकर दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के चुनावी नतीजों पर आप संयोजक का प्रचार अभियान क्या असर डालेगा? दिल्ली और हरियाणा में एक साथ 25 मई को मत डाले जाएंगे, जबकि पंजाब में 1 जून को चुनाव होगा। आम आदमी पार्टी बीते कुछ समय से तेजी से उभर रही थी। खासतौर से 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद कई हलकों में ऐसा लग रहा था कि 2024 के आम चुनाव में वह मजबूती से सामने आएगी। इसकी एक वजह यह भी थी कि दिसंबर, 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन न करने के बावजूद उसे 15 प्रतिशत के आसपास मत मिले थे। मगर 2023 के विधानसभा चुनावों से जो राजनीतिक परिदृश्य बना, उससे पंजाब और दिल्ली को छोड़कर शेष जगहों पर आप के प्रति आकर्षण कम नजर आया। दिल्ली में यह दल 2015 से ही अनवरत सत्ता में है, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में वह तीसरे नंबर की पार्टी थी। हालांकि, 2023 के दिल्ली निगम चुनावों में उसने जीत दर्ज की है। वहीं, पंजाब में 2019 के आम चुनाव में उसे महज एक सीट मिली थी, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए उसने 42 फीसदी मत हासिल किए और सरकार भी बनाई। अभी वह पंजाब में सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसका वहां किसी दल से समझौता नहीं है। जबकि, शेष भारत में वह 'इंडिया ब्लॉक' से साथ है। दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन संसदीय सीटों पर लड़ रही है, जबकि हरियाणा में यह अनुपात एक और नौ का है। ऐसे में, सवाल प्रासंगिक है कि इन राज्यों में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी या अंतरिम जमानत से क्या कोई असर पड़ने वाला है? निस्संदेह, केजरीवाल की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है, खासकर दिल्ली और पंजाब में। जमानत पर बाहर आने के बाद से वह लगातार रैलियां कर रहे हैं और चुनावी हवा को अपने पक्ष में करने की कोशिश में भी हैं। उन्होंने मतदाताओं को 10 गारंटी भी दी है। हालांकि, इनमें से चार गारंटी- दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा, देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम व गरीबों को मुफ्त बिजली, हर बच्चे की मुफ्त व अच्छी शिक्षा और गांव-मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक व जिले में मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल का निर्माण दिल्ली सरकार के पुराने वायदों की ही अगली कड़ी है। बाकी चार गारंटी- एक साल में दो करोड़ रोजगार, भ्रष्टाचार का अंत, कारोबारियों के लिए अच्छी व्यवस्था और स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार किसानों को फसलों के वाजिब दाम जैसे वायदे भी कमोबेश सभी दल करते ही हैं। हां, शेष दो गारंटी ऐसी जरूर है, जिस पर आप ने पहले अपने विचार नहीं रखे थे। इनमें से एक है, चीन से निपटने के लिए सेना को खुली छूट देना और दूसरी है, अग्निवीर योजना का अंत। हालांकि, आप ने भले पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर अपनी बात बतौर गारंटी रखी है, लेकिन इन मुद्दों की चर्चा भी देश की विपक्षी पार्टियां करती रही हैं। इसीलिए यह देखना होगा कि अपनी गारंटी से आप इन राज्यों में अपने पक्ष में महौल बना पाती है या नहीं? यहां कांग्रेस को लेकर उसकी दुविधा भी उल्लेखनीय है। पिछले आम चुनाव में दिल्ली का करीब 55 प्रतिशत मत भाजपा को मिला था। इस बार कांग्रेस और आप के एक साथ आ जाने से कागज पर तो यह गठबंधन मजबूत दिख रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर आपसी सामंजस्य पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पिछले दिनों कुछ इसी तरह के आरोप लगाकर भाजपा का दामन थाम लिया। ऐसे में, अरविंद केजरीवाल बेशक एक तरफ अपने जेल जाने की सहानुभूति बटोरने और दूसरी तरफ, भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व योगी आदित्यनाथ पर हमलावर होकर चुनावी अभियान को धार देना चाह रहे हैं, लेकिन जमीन पर वह आप और कांग्रेस के बीच सामंजस्य बनाकर यहां का मुकाबला कितना कठिन बना सकेंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5375

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5374

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5375

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | 5 | 6 | | 7 |
| 8 | 9 | | 10 | ■ | 11 | | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. टेस्ट मैचों में विश्व का सर्वाधिक रन स्कोर बनाने वाला वेस्टइंडीज का क्रिकेटर (अप्रैल 2004, 400 रन)(5)
5. शिकवा, उपलंभ, उलाहना (4)
8. फहराना, कंप युक्त गति होना (4)
11. व्यंग्यपूर्ण या छल भरी बात (3)
12. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (3)
15. यूनानी रीति से चिकित्सा करने वाला (3)
16. पश्चिमी अफ्रीका का एक देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
17. पडौसी, प्रतिवेशी, हमसाया (4)
19. बुनियाद, जड़, नींव, आदि कारण (2)
20. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
21. किसी त्यौहार व विशेष पर्व के अवसर पर लगा लोगों का जमघट या समूह (2)
23. मिथ्या संवाद या झूठी खबर (2)
24. परवरिश करना, भरण-पोषण करना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. विश्व का एक मात्र देश जिससे भूमध्य रेखा और मकर रेखा दोनों की गुजरती है (3)
2. विलास चेष्टा, नाज-अदा, चोचला (3)
3. पुंज (2)
4. काबिल, योगय (3)
6. पैदल यात्रियों का समूह या दल (3)
7. करीने से काटना या कतरना (4)
9. जिद, दुराग्रह, दृढ प्रतिज्ञा, अटल संकल्प (2)
10. ठीक सामने की स्थिति को यह कहते है (6)
13. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
14. ब्राह्मण, पुरोहित (2)
15. बयार, पवन, वायु, समीर (2)
16. मिलावट, अनुचित मेल, गड्मगड्ड (4)
18. नृत्य में एक प्रकार की गति (3)
22. उपस्थित करना, ले आना (2)

### वर्ग पहेली 5374 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दि | रा | गां | धी | ■ | स्वा | न |
| त | न | ■ | व | ■ | आ | ग | म |
| जा | मा | ■ | ■ | आ | ज | त | क |
| म | न | भा | व | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | टा | ■ | बा | ज | ■ | रा |
| सा | ग | ■ | ज | न | म | ■ | म |
| त | ज | ■ | रि | ■ | घ | ना | ■ |
| ■ | ब | का | या | ■ | ट | न | ■ |

# आज का राशिफल

## मेष

आज का दिन परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेंगे। सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। शाम के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। रात में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका सम्मान बढ़ेगा।

## वृष

आज आपको राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। समाज के प्रति दायित्व भी आप भरपूर निभाएंगे। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और कोई रुका कार्य पूर्ण होने से हर्ष होगा। शाम को आपका वक्त मेहमान और दोस्तों के साथ बीतेगा। खानपान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें। दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

## मिथुन

आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। ऑफिस में किसी जूनियर के साथ आपका विवाद हो सकता है और आपको नुकसान हो सकता है। तनाव बढ़ सकता है। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें। वरना आपका पैसा फंस सकता है।

## तुला

आज किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी। बेहतर होगा किव्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक आपका दिन खुशी में बीतेगा। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें। महान पुरुषों के दर्शन से आपको लाभ होगा। पत्नी पक्ष से भी वांछित सिद्धि हो सकती है।

## वृश्चिक

आज लाभ का दिन है और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। सेवा और पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आपके परिवार के लोगों को आपका साथ मिलेगा और हर कार्य आपका समय से पूर्ण होगा। आपका भाग्य साथ दे रहा है।

## धनु

आज लाभ का दिन है और करियर में आज आपकी स्थिति बेहतर होगी और कारोबार में आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपके मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शीघ्रता और भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर आपको परेशानी हो सकती है। शाम से देर रात तक आनंद में वृद्धि होगी।

## कर्क

आज आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति आपकी पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम के वक्त आपको कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अकस्मात खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

## सिंह

आज दिन काफी बिजी रहेगा। भागदौड़ की वजह से आपके सामने अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय माता की सेहत में सुधार होगा। पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा। आपको कुछ दौड़ना अधिक पड़ सकता है।

## कन्या

आज आनंद में बीतेगा। आज पास और दूर की यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई काम की बात पता चल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा।

## मकर

आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नये स्रोत बनेंगे। वाक् पटुता आपको विशेष सम्मान दिलायेगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

## कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आज आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। परिवार के लोगों की आपको आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है।

## मीन

आज करियर में खुशखबरी मिल सकती है। आज का दिन परोपकार में बीतेगा और दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। रात में भाई की सेहत को लेकर कुछ परेशानी हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### जानकी महोत्सव धूमधाम से मनायी गयी, भजन कीर्तन भंडारे का हुआ आयोजन

**तोरपा, एजेंसी।** जनकसुता माता जानकी का प्राक्टय दिवस शनिवार को तोरपा महावीर मंदिर में विधि विधान से मनाया गया। विहिप के तत्वावधान में दिन भर कई धार्मिक अनुष्ठान हुए। पंडित कृष्णा पाढ़ी ने विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु यजमान के रूप में शामिल हुए। पूजा-अर्चना, हवन, आरती के बाद खीर प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर में प्रयागराज उत्तर प्रदेश से आए पंडितों ने सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया। शाम में आरती के बाद सीता पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शाम में भंडारे में खिचडी महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप के प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह, मातृशक्ति संयोजिका सीमा देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका भानुमति, बजरंग दल संयोजक मोहित जायसवाल, संगीता ठाकुर, पल्लवी किरण, रूपा देवी, दुलारी देवी, बबीता देवी, रिंकी देवी, पिंकी देवी, देवंती देवी, भारती देवी, रंजू देवी, प्रमिला देवी, मंजू देवी, रीना देवी, शोभा देवी आदि ने सहयोग किया।

### टीडब्ल्यूयू की कार्यशाला में शामिल हुए 100 कमेटी मेंबर

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित कमेटी मेंबरों के लिए आयोजित अभिज्ञान कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रथम बैच में करीब 100 कमेटी मेंबरों ने इसमें भाग लिया। बिष्टूपुर स्थित एसएनटीआइ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला के अंतिम दिन शुक्रवार को सेफ्टी, डायवर्सिटी एंड इंक्लूजन, सस्टेनेबिलिटी, हेल्थ एंड वेलनेस समेत आठ मुद्दों पर टीम ने प्रजेंटेशन दिया। जेडीसी के जरिए इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कार्यशाला में कुल 15 विषयों की पढ़ाई हुई। कमेटी मेंबरों को कंपनी का विजन बताया गया। साथ ही कंपनी की कार्य संस्कृति, यूनियन और प्रबंधन के बीच के संबंधों, ज्वाइंट कंस्लटेशन सिस्टम, कंपनी और यूनियन का इतिहास बताया गया। अंतिम दिन क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में कंपनी के चीफ जुबिन पालिया, राहुल दुबे, उत्कर्ष भारद्वाज, संजीव कुमार चौधरी टुन्नू, सतीश सिंह व अन्य ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कमेटी मेंबरों के दूसरे और अंतिम बैच के लिए कार्यशाला 20 मई से होगी।

### डंडई में पीएचइडी विभाग पर जलमीनार लगाने के लिए रिश्वत लेने का आरोप

**डंडई , एजेंसी।** पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा गांव-गांव व टोलों में करोड़ों रुपए की लागत से लगाई जा रही जलमीनार निर्माण में स्थल चयन व जलमीनार लगाने के नाम पर रिश्वतखोरी का मामला प्रकाश में आया है। जरही गांव के एक परिवार ने अपने घर के पास अपनी जमीन में जलमीनार लगाने के लिए मुंशी, वार्ड सदस्य व अन्य एक व्यक्ति को कुल 20000 रुपए दिए। जब जलमीनार उसके घर के पास उसके खेत में नहीं लगी तो अब वह परिवार पैसा दिलवाने के लिए गुहार लगा रहा है। ग्राम जरही हरिजन टोला निवासी एक ही परिवार के मुन्नी राम पार्वती देवी तथा प्रकाश राम ने बताया कि पीएचईडी विभाग द्वारा मेरे गांव में जलमीनार लगाई जा रही है। जलमीनार लगाने के लिए मेरे घर के पास मेरा जमीन का चयन किया गया, लेकिन वार्ड सदस्य ममता देवी पति मनीष यादव तथा जलमीनार का निर्माण कराने वाले संवेदक के मुंशी गिरधारी राम, जलमीनार निर्माण में काम करने वाले कर्मी प्रगास चौधरी हम लोगों से बोले की बिना पैसा दिए जलमीनार का बोर आपकी जमीन में नहीं होगा। तभी हम लोग ममता देवी पति मनीष यादव वार्ड सदस्य को 10000 जलमीनार में काम करा रहे मुंशी गिरधारी राम को 5000 तथा एक अन्य कर्मी प्रकाश चौधरी को 5000 समूह से लोन लेकर दे दिए। इसके बाद महीना बीत गया फिर भी हमारे घर के पास हमारे जमीन में जलमीनार नहीं लगी। जबकि जलमीनार लगाने के लिए मेरे घर के पास का जमीन का चयन किया गया था। पीड़ितों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के वरीय पदाधिकारियों और जिले के उपायुक्त से मांग की है कि दिए गए रिश्वत की पैसों को वापस कराते हुए इसकी जांच कराई जाए।

# संजीव लाल व जहांगीर आलम की कोर्ट ने बढ़ाई रिमांड अवधि,

## ईडी ने दोनों पर सूचना छुपाने का किया दावा



**रांची, एजेंसी।** टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल व संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम से 11 दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने शनिवार को पीएमएलए की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि दोनों जानबूझकर सूचना छुपा रहे हैं, पूछताछ पूरी नहीं हो पाई है इसलिए रिमांड अवधि बढ़ाया जाय। ईडी ने कोर्ट से दोनों के लिए तीन दिनों की रिमांड बढ़ाने का आग्रह किया।

इस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने ईडी के तर्क को जायजा माना और दोनों की रिमांड अवधि और तीन दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब दोनों से 21 मई तक ईडी रिमांड पर पूछताछ करेगी।

ईडी ने कोर्ट को बताया है कि दोनों की रिमांड के दौरान ही केस में नया मोड़ सामने आया, जब ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी हुई है।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि आलमीर आलम रिमांड पर हैं। पूछताछ में नए तथ्य सामने आए हैं, कुछ डिजिटल उपकरण भी बरामद हुए हैं, जिसका सत्यापन जारी है।

जहांगीर के फ्लैट से बरामद 32 करोड़ 20 लाख रुपये नकदी के बारे में जो जानकारी सामने आई है कि ये रुपये मंत्री आलमगीर आलम से संबंधित थे।

आलमगीर आलम के ये रुपये संजीव लाल के कहने पर जहांगीर आलम ने वसूले थे। इसके लिए संजीव लाल, जहांगीर को आलमगीर आलम के सामने बैठाकर पूछताछ की आवश्यकता है।

ईडी ने यह उम्मीद जताई है कि रिमांड पर पूछताछ में रुपयों के स्रोत, अपराध की आय की जानकारी के साथ-साथ अवैध धन का खुलासा भी होगा। पीएमएलए कोर्ट ने ईडी के सभी तर्क को नियम सम्मत मानते हुए संजीव लाल व जहांगीर से और तीन दिनों तक पूछताछ की अनुमति दे दी है।

ईडी संजीव लाल, नौकर जहांगीर आलम व मंत्री आलमगीर आलम की चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्यौरा जुटा रही है। आरोपितों ने कब कितनी संपत्ति बनाई, ले रही है हिसाब।

ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ईडी की रिमांड पर हैं। उन्हें ईडी ने 15 मई को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 17 मई से मंत्री आलमगीर आलम ईडी की रिमांड पर हैं।

अब ईडी मंत्री आलमगीर आलम के सामने संजीव लाल व जहांगीर आलम को बैठाकर पूछताछ कर अब तक की जांच में सामने आए तथ्यों का सत्यापन करवाएगी। ईडी को गिरफ्तार तीनों ही आरोपित मंत्री आलमगीर आलम, उनके निजी सचिव संजीव लाल व नौकर जहांगीर आलम के मोबाइल से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं हैं। कमीशन की राशि के लिए संजीव लाल जहांगीर के मोबाइल का इस्तेमाल करते थे, ताकि किसी को शक न हो।

ईडी को जहांगीर के मोबाइल से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं हैं, जिसके आधार पर टेंडर कमीशन घोटाला गिरोह में शामिल आरोपितों के बारे में ईडी जानकारी जुटा रही है।

## प्रतिदिन घंटों लगता है जाम, बेसमेंट में चल रहे मॉल व दुकानों में अगलगी से बचाव के लिए भी व्यवस्था नहीं



**रामगढ़ , एजेंसी।** रामगढ़ शहर में इन दिनों जगह-जगह भवन मालिकों द्वारा छावनी परिषद के नियमों की अनदेखी कर बेसमेंट में पार्किंग के नाम पर मॉल व व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित कए जा रहे हैं, जिससे कोयलांचल व अन्य स्थानों से आकर मॉल में शॉपिंग करने वालों को पार्किंग के अभाव में अपने वाहन को सड़क के किनारे खड़ा करना पड़ता है। इसके कारण शहर के थाना चौक, गोलरोड, बिजुलिया, कॉलेज रोड सहित कई स्थान प्रतिदिन सड़क जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

इससे वाहन चालकों को भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं बेसमेंट में संचालित हो रहे मॉल में ग्राहकों की सुरक्षा व्यवस्था का भी घोर अभाव है। वहीं, बेसमेंट में संचालित विशाल मेगा मार्ट जैसे मॉल में भी अगलगी की घटना से बचाव के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। ग्राहकों के प्रवेश व निकासी का द्वार भी एक ही है। लोगों की परेशानी व सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने वर्ष 2022 में छावनी परिषद के अधिशाषी अधिकारी से बेसमेंट में संचालित हो रही दुकानों व भवन मालिकों पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं, वर्ष 2024 में भी कमल महतो नामक एक व्यक्ति ने बेसमेंट में चल रहे मॉल व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद करने व पार्किंग की व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल दायर किया है। बेसमेंट में संचालित हो रही दुकानों में अगलगी की घटना से बचाव को लेकर सुरक्षा के संबंध में सुरक्षा पदाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि कई बार मॉल संचालकों व बेसमेंट में संचालित दुकानदारों को अगलगी की घटना से बचाव को लेकर अग्निशामक यंत्र लगाने व इमरजेंसी द्वार खोलने का निर्देश दिया गया, लेकिन शहर के चट्टी बाजार स्थित श्रीश्याम कॉम्प्लेक्स (बगड़िया), सिटी स्टाइल सहित एक-दो मॉल संचालकों ने ही अग्निशामक यंत्र अपने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगाए हैं।

छावनी परिषद के जेई पिंटू कुमार ने बताया कि बेसमेंट में चल रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद करने व पार्किंग की व्यवस्था को लेकर छावनी परिषद ने लगभग एक माह पूर्व ही तीस भवन मालिकों को नोटिस भेजा है, जिसमें स्पष्ट निर्देश है कि वे बेसमेंट में व्यवसायिक कार्य बंद कर पार्किंग की व्यवस्था करें।

## जेम्को व तार कंपनी यूनियन को मिलाकर बनेगी नई यूनियन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** तार कंपनी यूनियन में जेम्को वर्कर्स यूनियन का प्रस्ताव पारित होने के बाद शुक्रवार को जेम्को वर्कर्स यूनियन ने भी तार कंपनी में विलय का प्रस्ताव पारित कर दिया। शुक्रवार को जेम्को वर्कर्स यूनियन की कमेटी मीटिंग हुई, जिसमें यह प्रस्ताव पेश किया गया। इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

दोनों यूनियनों का विलय होने के बाद एक नई यूनियन का गठन किया जाएगा। इसके अलावा कमेटी मीटिंग में यह मुद्दा उठा कि कांबी मिल जेम्को की जमीन पर स्थापित हो रहा है। इसके लिए जेम्को कर्मचारियों के क्वार्टर को ध्वस्त किया गया। इसलिए कांबी मिल में जेम्को के कर्मचारी पुत्रों की बहाली होना चाहिए। कमेटी मीटिंग में जॉब फॉर जॉब स्कीम के अलावा मेडिकल सेपरेशन स्कीम पर भी चर्चा की गई। कुछ कर्मचारी अनफीट हैं। इन कर्मचारियों को मेडिकल सेपरेशन स्कीम का लाभ देकर उनके एक आश्रित को नौकरी देने पर बात हुई। कमेटी मीटिंग में ग्रेड रिवीजन पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने मीटिंग में बताया कि एक सप्ताह के भीतर ग्रेड रिवीजन समझौता कर लिया जाएगा। इस मुद्दे पर प्रबंधन के साथ वार्ता चल रही है। प्रबंधन 8000 रुपये तक मासिक वृद्धि करने के लिए तैयार है। कमेटी मेंबरों ने कहा कि पिछले ग्रेड रिवीजन में 9200 रुपये की वृद्धि हुई थी। इसलिए इस बार इससे कम मंजूर नहीं है। मीटिंग में इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कमेटी मीटिंग में अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, महासचिव अमित सरकार, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, मनोज कुमार, समीर महतो, रमेश कंवर, रविंद्र सिंह समेत सभी कमेटी मेंबर उपस्थित थे।

# 15 जून से 600 होमगार्ड संभालेंगे रांची का ट्रैफिक, हाईकोर्ट का फैसला



**रांची , एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में रांची की लचर यातायात व्यवस्था में सुधार करने के लिए दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान गृह विभाग की ओर से बताया गया कि राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था होमगार्ड के जवानों को सौंपी जाएगी। 15 जून से उन्हें यह जिम्मेदारी दी जाएगी।

सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने अदालत को बताया कि 15 जून से 600 होमगार्ड के जवानों को यातायात व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। 15 जून तक सभी को पोस्ट पर नियुक्त कर दिया जाएगा। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया था कि रांची में पंडरा और डोरंडा सहित चार नए यातायात थाना बनाया जाना है। रांची में चौक-चौराहों पर 1052 सीसीटीवी लगाए गए हैं।

सुनवाई के दौरान बताया गया था कि गोंदा, लालपुर और चुटिया यातायात थाना ने अब तक 21 हजार चालान काटे हैं। मेन रोड में सबसे अधिक चालान काटा गया है। इसके अलावा 600 होमगार्ड जवानों को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए पोस्टिंग की जाएगी। शहर की यातायात व्यवस्था ठीक करने के लिए पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय सिंह ने गुरुवार को बैठक की। यातायात को सुदृढ़ करने के लिए पुलिसकर्मियों की उपलब्धता और आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

रांची में कोलकाता की तर्ज पर ट्रैफिक जिला बनाने से पूर्व के प्रस्ताव की भी समीक्षा की गई। निर्णय हुआ कि जल्द 3 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी अध्ययन के लिए उन शहरों में जाएगी, जहां ट्रैफिक व्यवस्था काफी बेहतर है। डीजीपी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि यातायात संधारण में होमगार्ड के जवानों का भी उपयोग करें। बैठक में एडीजी डॉ संजय आनंद राव लाटकर, आईजी मनोज कौशिक, अखिलेश झा, पंकज कंबोज आदि थे।

## रांची विश्वविद्यालय में पीजी विभाग की परीक्षा के एडमिट कार्ड ऑफलाइन होंगे उपलब्ध

**रांची, एजेंसी।** रांची विश्वविद्यालय पीजी सत्र 2022-24 के सेमेस्टर चार की परीक्षाएं 28 मई से निर्धारित की गई हैं।

रेगुलर पीजी विभागों के छात्रों का प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) ऑनलाइन डाउनलोड न हो कर उनके संबंधित विभागों में ही मिलेगा।

18 मई को विश्वविद्यालय के सभी 30 पीजी विभागों के विभागाध्यक्षों ने कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से आग्रह किया कि छात्रों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने के बजाय, उन्हें विभाग में बुला कर प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाए।

क्योंकि तय परीक्षा तिथियों के अनुसार छात्रों के शोध प्रबंध और प्रोजेक्ट विमर्श के लिए कम समय उपलब्ध है। ऐसे में विभाग में प्रवेश पत्र के लिए आने पर छात्रों को शोध प्रबंध तथा प्रोजेक्ट जैसे कार्यों पर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जा सकेगा।

कुलपति ने सभी विभागाध्यक्षों के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया है। वहीं कॉलेजों में संचालित पीजी विभागों एवं पीजी वोकेशनल विभागों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) पूर्व की तरह ही ऑनलाइन ही डाउनलोड होंगे।

कॉमर्स, जियोलाजी, बाटनी, फिजिक्स, जूलोजी, मैथ, इकोनॉमिक्स के एडमिट कार्ड 21 मई को साढ़े 11 बजे से साढ़े तीन बजे तक मिलेंगे।वहीं, कमेस्ट्री, अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली, संस्कृत, उर्दू के एडमिट कार्ड 22 मई को 11 बजे से एक बजे तक मिलेंगे। वहीं, 22 को ही भूगोल, इतिहास, जनजातीय भाषा, दर्शन, मानव विज्ञान, होम साइंस, सोशियोलॉजी, पॉलिटिकल, साइंस, साइकोलॉजी के एडमिट कार्ड डेढ़ से तीन बजे तक दिए जाएंगे।

# धनबाद सिविल कोर्ट में बनेगा हाइकोर्ट का एक्सटेंशन काउंटर

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद सिविल कोर्ट आधुनिक सुविधाओं से लैस पूरी तरह वातानुकूलित एवं हाईटेक होनेवाला है। कोर्ट के डिजिटाइजेशन करने की प्रक्रिया में तेजी से कार्य किया जा रहा है। सभी लोग अपने मुकदमे की कार्रवाई में भाग ले सकें, इसके लिए कोर्ट परिसर में सारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। सिविल कोर्ट को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड हाईकोर्ट को जोड़ दिया जाएगा, जिससे सिविल कोर्ट में बैठकर ही अधिवक्ता तथा लिटिगेंट्स अपने मुकदमे को दाखिल तथा झारखंड हाईकोर्ट में सुनाई कर सकेंगे। उक्त बातें शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहीं।

उन्होंने बताया कि दिव्यांग तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए व्हीलचेयर के अलावे लिफ्ट, ठंडा पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की जा रही है। कोर्ट परिसर में निर्बाध बिजली मिले, इसके लिए सोलर पैनल तथा अलग से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि खूंटी, रामगढ़ के बाद धनबाद में भी सोलर पैनल के जरिए पूरे कोर्ट की विद्युत आपूर्ति की जा रही है। वहीं ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 500 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है। दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, वरिष्ठ वादकारियों, अधिवक्ताओं को कोर्ट रूम तक जाने के लिए व्हीलचेयर, अधिवक्ता , वादकारियों के लिए लिफ्ट की व्यवस्था अलग से की जा रही है ताकि किसी को न्यायिक प्रक्रिया में भाग लेने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। वादकारियों, पोक्सो एक्ट के गवाहों के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

### हाईकोर्ट का एक्सटेंशन काउंटर जल्द शुरू होगा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि कोर्ट परिसर में ई-सेवा केंद्र बनाया गया है, जहां मुकदमों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जल्द ही झारखंड हाईकोर्ट का एक्सटेंशन काउंटर यहां काम करना शुरू करेगा, जहां से अधिवक्ता हाई कोर्ट में अपने मुकदमे मे बहस कर सकेंगे और यही से हाईकोर्ट में आवेदन दाखिल किए जा सकेंगे। न्यायालय भवनों का भी सौंदर्यीकरण की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

## परिवार नियोजन बीमा योजना की राशि में हुआ इजाफा, नसबंदी कराने में असफल होने पर मिलेंगे इतने रुपये

**धनबाद, एजेंसी।** छोटा परिवार, सुखी परिवार होता है। इसी को लेकर केंद्रीकृत योजना परिवार नियोजन को अब और सरल किया जा रहा है। परिवार नियोजन बीमा योजना की राशि अब सरकार ने बढ़ा दी है।

इसके साथ बंध्याकरण कि बाद 60 दिनों तक यदि किसी भी प्रकार की परेशानी होती है, तो इसके इलाज के लिए 50000 दिया जाएगा। सदर अस्पताल धनबाद में इस संबंध में प्रचार प्रसार किया जा रहे हैं।

परिहार नियोजन के काउंसलर प्रीति सिंह ने बताया कि गुणवत्ता पूर्वक परिवार नियोजन हो इसके लिए लगातार कोशिश हो रही है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की राशि में बढ़ोतरी की जा रही है। तो दूसरी और डॉक्टर और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

परिवार नियोजन ऑपरेशन के दौरान अथवा इसके 7 दिन के बाद तक यदि महिला या पुरुष की जान चली गई। तो इसके लिए 400000 देने का प्रावधान तय किया गया है। लेकिन यह ऑपरेशन के 7 दिनों के अंदर होना चाहिए।

नसबंदी को लेकर पुरुष जिले में हमेशा से पीछे रहे हैं। लगभग 20त्न थी लक्ष्य के अनुपात में उपलब्धि हो रही है। धनबाद के अलावा यह स्थिति राज्य के दूसरे जिलों में भी है। पहले नसबंदी के लिए 2000 प्रोत्साहन राशि प्रोत्साहन राशि दी जा रही थी, अब इसे बढ़ाकर 3000 कर दी गई है।

## अमन श्रीवास्तव गैंग के 11 सदस्यों पर अब चलेगा यूएपीए के तहत मुकदमा

**रांची, एजेंसी।** अपराधी अमन श्रीवास्तव गैंग के 15 सदस्यों में से 11 की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। गैंग में शामिल अमन श्रीवास्तव के भाई अभिक श्रीवास्तव, बहनोई चंद्रप्रकाश राणू समेत 11 आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम(यूएपीए) की सुगंत धाराओं के तहत अब मुकदमा चलेगा। सक्षम अथॉरिटी ने अमन गैंग के 11 सदस्यों पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अभियोजन स्वीकृति दे दी है। मामले में अब जल्द ही नए सिरे से आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित किया जाएगा।

झारखंड पुलिस की आंतकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आरोपियों के खिलाफ 17 जनवरी 2022 को भादवि की धाराओं के साथ यूएपीए की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। लेकिन, यूएपीए के तहत अभियोजन स्वीकृति की प्रार्थना को सक्षम प्राधिकार ने इसे अस्वीकार कर दिया था, तब एटीएस कोर्ट ने मामले में आरोपियों पर 19 अप्रैल 2023 को भादवि की धाराओं के तहत ही आरोप गठित किया था। इसके बाद मामले में अभियोजन की ओर से गवाही जारी थी, जिसे फिलहाल रोक दिया गया है।

अमन श्रीवास्तव गैंग पर रंगदारी व लेवी से पैसे जुटाने और उससे हथियार खरीदकर आतंक कायम करने के लिए गोली-बारी व आगजनी कर व्यवसायियों-ठेकेदारों में खौफ कायम करने का आरोप है। अमन श्रीवास्तव गुर्गों-सहयोगियों के माध्यम से दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी व आगजनी की घटना को अंजाम दिलाता था। रंगदारी के रूप में मिलने वाली राशि हवाला के माध्यम से रिश्तेदारों तक पहुंचता था।

# यात्रियों को हो रही परेशानी, छोटे सवारी वाहन लेते हैं मनमाना किराया




**घाटशिला , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घाटशिला में 19 की सभा होने की वजह से सड़क पर वाहन कम चल रहे हैं। इससे यात्रियों की फजीहत हो रही है। बसों की छत पर बैठकर लोग सफर करने को मजबूर है। भीड़ इतनी है कि ट्रेनों में चढ़ना मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा तथा मतदान के चलते अधिकांश यात्री बसों के अधिग्रहण करने से यात्रियों को दिनभर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मतदान दल को रवाना करने के लिए प्रशासन ने यात्री बसों के अलावा अन्य वाहनों को अधिग्रहण किया है। इससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई को होना है। इसके अलावे 19 मई को घाटशिला में पीएम की सभा है। इस वजह से सभा में लाने के लिए बसों को बुक कर लिया गया है। दूसरी ओर कई वाहनों को मतदान के लिए अधिग्रहण किया गया है। ऐसी स्थिति में सड़क पर बहुत कम वाहन चल रहे हैं। जो वाहन चल रहे हैं उस पर ऊपर से नीचे तक खचाखच यात्री भरे हुए हैं। सुबह बस स्टैंड पर एक भी ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाली बसें नहीं थीं।

जो बसें अधिग्रहण से बच गई थीं वे अपने निर्धारित समय पर बस स्टैंड पर आकर सवारी लेकर रवाना हो गई थीं। बहरागोड़ा रूट की बसों के नहीं होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बसों के नहीं रहने से यात्रियों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह घाटशिला -मुसाबनी-डुमरिया रूट पर चलने वाली बसें भी काफी कम संख्या में चल रही थीं। जो बसें चल रही है उसमें यात्रियों की भीड़ समा नहीं रही थी। घाटशिला स्टेशन पर यात्रियों की भीड़।

झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से 11वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें कुल 98.48 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं जो पिछले वर्ष से .18 प्रतिशत कम है। पिछले वर्ष कुल 98.66 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए थे। वहीं पूर्वी सिंहभूम जिले की बात करें यहां का रिजल्ट प्रतिशत 98.10 प्रतिशत है जो पिछले वर्ष .8 प्रतिशत अधिक है। जिले के कुल 22256 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी इसमें से 21835 परीक्षार्थी प्रमोट हुए हैं जबकि 419 मार्जिनल हैं जबकि 344 अनुपस्थित।

अगर लड़के व लड़कियों के रिजल्ट की बात करें तो यहां 10784 लड़कों ने परीक्षा दी थी इसमें 97.52 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। वहीं 11472 छात्राओं ने परीक्षा दी थी और इसमें से 98.35 प्रतिशत पास हुई हैं। ऐसे में 11वीं की परीक्षा में छात्राओं ने छात्रों को पछाड़ दिया है। 9वीं में 97.67 प्रतिशत रहा रिजल्ट ~अगर 9वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम की बात करें तो जिले के 97.67 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के 24725 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 24413 सफल हुए हैं।

यात्री बस कम चलने की वजह से लोकल ट्रेनों में भी यात्रियों की काफी भीड़ दिख रही है। भीड़ इतनी है कि ट्रेनों पर चढ़ पाना मुश्किल हो रहा है। ट्रेनों की बोगी खचाखच यात्रियों से भरी हुई है। इसमें खासकर महिला तथा बुजुर्ग को ट्रेन में चढ़ने में काफी परेशानी हो रही है। सुबह 10 बजे खड़गपुर जानेवाली लोकल ट्रेन में इतनी भीड़ थी कि चढ़ नहीं पाने के कारण कई यात्रियों को वापस लौटना पर रहा है।

# जेल से बाहर आने के लिए छटपटा रहा गुरमीत राम रहीम, हाई कोर्ट में बोला- पैरोल का हकदार हूं

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** दुष्कर्म और हत्या के मामलों में रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम एक बार फिर जेल से बाहर आना चाहता है। उसने पैरोल या फरलो देने पर रोक के आदेश को हटाने के लिए पंजाब एवम हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष गुहार लगाई है। डेरा प्रमुख के अनुसार इस साल उसके पास अभी भी 41 दिन की पैरोल बची हुई है और वह इसका लाभ उठाना चाहता है। इससे पहले 29 फरवरी को हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को भविष्य में अदालत की अनुमति के बिना डेरा प्रमुख को पैरोल देने से रोक लगा दी थी। दिलचस्प यह है कि लोकसभा चुनाव के समय राम रहीम ने परोल मांगी है। पंजाब और हरियाणा की कई सीटों पर डेरा इफेक्ट रहता है।



डेरा प्रमुख ने अर्जी में कहा है कि वह इस साल 20 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो सहित कुल 41 दिनों की रिहाई का हकदार है। 29 फरवरी के आदेशों पर रोक हटाने की मांग करते हुए डेरा प्रमुख ने अब दलील दी है कि पैरोल और फरलो देने का उद्देश्य सुधारात्मक प्रकृति का है और दोषी को परिवार और समाज के साथ अपने सामाजिक संबंधों को बनाए रखने में सक्षम बनाना है। 29 फरवरी का आदेश डेरा प्रमुख के अधिकारों को नुकसान पहुंचा रहा है क्योंकि वह अधिनियम के अनुसार इस वर्ष 20 दिनों के लिए पैरोल और 21 दिनों के फरलो के लिए पात्र है और जैसा कि अन्य समान रूप से रखे गए दोषियों को दिया गया है।

डेरा प्रमुख ने यह भी कहा है कि हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परी रिलीज) एक्ट 2022 के तहत पात्र दोषियों को हर कैलेंडर वर्ष में 70 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो देने का अधिकार दिया गया है। राम रहीम ने दलील दी है कि नियम ऐसे किसी भी दोषी को पैरोल और फरलो देने पर रोक नहीं लगाते हैं, जिसे आजीवन कारावास और निश्चित अवधि की सजा वाले तीन या अधिक मामलों में दोषी ठहराया गया हो और सजा सुनाई गई हो। डेरा प्रमुख को हर कैलेंडर वर्ष में 70 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो देना पूरी तरह से कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद संबंधित वैधानिक प्रावधान के अनुसार है।

डेरा प्रमुख को बार बार दी जा रही पैरोल के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस में हरियाणा सरकार पर नियमों को ताक पर रख अपने फायदे के लिए उसे बार बार पेरोल देने की बात कही गई थी। इस पर फरवरी में कोर्ट ने डेरा प्रमुख को भविष्य में कोर्ट की इजाजत के बगैर पैरोल या फरलो देने पद रोक लगा दी थी। राम रहीम को मिलने वाली पैरोल को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया था। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि राम रहीम को अदालत से पूछे बिना पैरोल ना दी जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी पूछा कि इस तरह और कितने लोगों को अब तक पैरोल दी गई है। राम रहीम को डेरा की दो साधवियों के साथ दुष्कर्म के आरोप में 20 साल की जेल हुई है। 2021 में राम रहीम को डेरा के एक प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के मामले में 4 अन्य के साथ दोषी ठहराया गया था। डेरा प्रमुख और 3 अन्य को 2019 में पत्रकार रामचन्द्र छत्रपति की हत्या के मामले में 16 साल की जेल हुई थी। पिछले दो साल में राम रहीम को 6 महीने से ज्यादा की पैरोल मिल चुकी है।

## जेल ट्रांसफर के बहाने हो सकती है मेरी हत्या; अबू सलेम को सता रहा एनकाउंटर का डर

**मुंबई एजेंसी।** जेल में बंद 1993 के बॉम्बे सीरियल बम विस्फोटों के दोषी अबू सलेम को अपनी जान का डर सताने लगा है। उन्हें इस बात का डर है कि जेल ट्रांसफर के बहाने उसकी हत्या ना कर दी जाए। इसके लिए उसने स्पेशल कोर्ट में याचिका दाखिल की थी और जेल ट्रांसफर नहीं करने के लिए आदेश देने की अपील कोर्ट से की है। कोर्ट ने उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए तलोजा जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अगले आदेश तक अबू सलेम का जेल ट्रांसफर नहीं करें।

19 साल पहले पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद से जेल में बंद अबू सलेम को आशंका है कि जैसे-जैसे जेल से उसकी रिहाई करीब आ रही है, उसे अन्य जेलों में स्थानांतरित करके उसे मारने की साजिश रची जा रही है। उसे अपनी जान पर खतरा महसूस हो रहा है। सलेम ने पिछले दो हमलों का भी हवाला दिया, जिनमें आर्थर रोड जेल में गैंगस्टर और इसी मामले में एक और दोषी मुस्तफा दोसा की हत्या कर दी गई थी।

आपको बता दें कि छोटा राजन के सहयोगी मुंबई सेंट्रल जेल, औरंगाबाद सेंट्रल जेल, अमरावती सेंट्रल जेल और कोल्हापुर सेंट्रल जेल जैसी विभिन्न जेलों में बंद हैं। अबू सलेम को आशंका है कि वे जेल अधिकारियों को रिश्वत देंगे और दबाव डालेंगे। उस पर हमला करो। अधीक्षक के जवाब के लिए मामले को 28 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

सलेम की याचिका में कहा गया है कि तलोजा जेल के अंडा सेल के अधिकारी सुरक्षा कारणों से अंडा सेल के टूटने या मरम्मत के बहाने उसे स्थानांतरित करने की योजना बना रहे हैं। याचिका में कहा गया है, भले ही इसे सच माना जाए और मरम्मत की आवश्यकता है, सलेम को आसानी से तलोजा सेंट्रल जेल के अंदर किसी अन्य सर्कल या बैरक या सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है, क्योंकि यह बहुत विशाल जेल है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व रेलवे के जमालपुर स्टेशन ने राजस्व में किया नया कीर्तिमान स्थापित

**कोलकाता (वि.सं.)।** पूर्व रेलवे अपने बुनियादी ढांचे और परिचालन में निरंतर सुधार, यात्रियों की संतुष्टि, सुरक्षा और सुचारू ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ विभिन्न खंडों से आय अर्जित करने के लिए भी समर्पित है। अपने सक्रिय पहल का प्रदर्शन करते हुए, पूर्व रेलवे के जमालपुर स्टेशन ने चार दिनों की अवधि में टिकट बिक्री से महत्वपूर्ण राजस्व अर्जित किया है। 11 मई से 14 मई, 2024 की अवधि के दौरान, जमालपुर जंक्शन स्टेशन ने 18,895 यात्रियों को टिकट बेचकर कुल 797,240 रुपया सफलतापूर्वक अर्जित किया है। राजस्व और यात्री संख्या का दिन-वार विवरण इस प्रकार है। 11 मई को, पूर्व रेलवे ने 5,111 यात्रियों से 19,2595 रुपये की आय हुई। अगले दिन, 12 मई को 3,652 यात्रियों से 178,225 रुपये की आय हुई। 13 मई को 3,062 यात्रियों से 143,430 रुपये की आय हुई। अंत में, 14 मई को 7,070 यात्रियों से 282,990 रुपये की आय हुई। यह उल्लेखनीय प्रदर्शन जमालपुर जंक्शन स्टेशन पर कुशल और ग्राहक-केंद्रित संचालन को उजागर करता है, जो पूर्व रेलवे के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देता है। जमालपुर जंक्शन स्टेशन पर सफलता, रेलवे द्वारा अपने राजस्व स्रोतों को अनुकूलित करने के लिए की गई कड़ी मेहनत और रणनीतिक पहल का प्रमाण है।

### 2500 किमी दूर चेन्नई में धड़केगा 12 वर्षीय सयोगता का दिल, 6 लोगों की जिंदगी को कर गई रोशन

**चेन्नई, एजेंसी।** 12 साल की बच्ची जिसने अभी दुनिया ठीक से देखा भी नहीं था, वह दुनिया को अलविदा कह गई, लेकिन दुनिया से-जाते-जाते वह छह लोगों की जिंदगी को रोशन कर गई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव मुंडिया की 12 वर्षीय सयोगता का दिल 2500 किलो मीटर दूर चेन्नई में धड़केगा। सयोगता का दिल चेन्नई स्थित एमजीएम हेल्थकेयर अस्पताल में भर्ती छह वर्षीय बच्ची को ट्रांसप्लांट किया गया है। सयोगता 12 मई को हिमाचल के बद्दी में सड़क हादसे में घायल हो गई थी। उसे उपचार के लिए पीजीआइ में भर्ती किया गया था, लेकिन 17 मई को डाक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषितं कर दिया। परिवार ने सयोगता के अंगदान करने का फैसला किया, जिसके बाद पीजीआई में भर्ती पांच मरीजों को कार्निया, लिवर और किडनी प्रत्यारोपित्त किए गए और उसका दिल चेन्नई भेजा गया, जहां बच्ची को ट्रांसप्लांट किया गया है। पीजीआई निदेशक प्रो. विवेक लाल ने सयोगता के परिवार की तरफ से उसके अंगदान के फैसले की सराहना करते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिवार के फैसले से न केवल जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे लोगों की जान बचाई है, बल्कि मानवता और करुणा का एक गहरा उदाहरण भी दिया है।

### शालीमार एक्सप्रेस के डिब्बों पर गिरा बिजली का पोल, मासूम समेत तीन यात्री घायल



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से बड़े हादसे की खबर आ रही है। यहां कलकत्ता से रायपुर आ रही शालीमार एक्सप्रेस की स-6 कोच समेत 2 से 3 डिब्बों पर बिजली का खंभा गिर गया। बोगी पर बिजली का खंभा गिरने से ट्रेन में सवार यात्रियों को चोटें आई है। इस हादसे में ट्रेन में सवार एक मासूम समेत तीन यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जीआरपी, आरपीएफ समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। रायपुर और उरकुरा स्टेशन के बीच हादसा हुआ है।

## घर में 43 लड़कियों को देख पुलिस हुई हैरान, शक के बाद ऐक्शन; 62 लड़के भी मिले

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड पुलिस को सूचना मिली कि एक घर में दर्जनों लड़कियों और लड़कों को बंधक बनाया गया है। इनपुट मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां 100 से ज्यादा लड़के-लड़कियां मौजूद थे। पुलिस को एक साथ इतने लड़के-लड़कियों को देखकर संदेह हुआ। पुलिस ने 43 लड़कियों का रेस्क्यू किया। लेकिन सभी लड़कियां वापस उसी जगह आ गई और पुलिस पर परेशान करने का आरोप भी लगाया। यह रामगढ़ का मामला है।

दरअसल, कांकेबार स्थित एक निजी आवास से प्रशासन और पुलिस की ज्वाइंट टीम ने गुरुवार देर रात को कुल 43 युवतियों को रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि कांकेबार स्थित एक आवास में सैकड़ों युवक और युवतियों को बंधक बना कर रखा गया है। जब पुलिस की टीम वहां पहुंची तो देखा गया कि सैकड़ों युवक और युवती वहां मौजूद हैं। जिसे देख सभी को संदेहास्पद प्रतीत हुआ।

तत्काल अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने सभी युवतियों को वहां से सखी वन स्टॉप सेंटर में ले जाने का निर्देश दिया। इसके बाद महिला थाना प्रभारी ने सभी 43 युवतियों को वहां से रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया। जहां से जांच के बाद शुक्रवार देर शाम सभी युवतियों को छोड़ दिया गया। इसके बाद सभी युवतियां वापस उसी स्थान पर पहुंच गई हैं।

मामले को लेकर युवतियों ने बताया कि वे मार्केटिंग कंपनी के लिए काम करती हैं। लेकिन अचानक देर रात पुलिस आती है और उनके साथ बुरा बर्ताव करते हुए बिना उनका पक्ष जाने जबरन सभी को ले जाती है। उन्होंने बताया कि वे गरीब परिवार से आती हैं, जिस कारण रोजगार के चलते यहां पर काम करने आई हैं। रामगढ़ के एसडीओ आशीष गंगवार ने बताया कि गुरुवार देर रात में सूचना मिली थी कि कांकेबार स्थित एक निजी आवास में सैकड़ों युवक युवती बंधक बनाए गए हैं। सूचना पर वहां जाने पर देख गया कि दर्जनों युवक युवती आवास के छत पर बैठे हुए थे।

# ममता से लड़ना है तो राम के घर आओ; खड़गे की चेतावनी के बाद अधीर रंजन को भाजपा का ऑफर

**कोलकाता , एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ममता बनर्जी को लेकर हमेशा आक्रामक होने के कारण अपनी ही पार्टी में अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। ममता और टीएमसी के अन्य नेताओं ने बार-बार अधीर को भाजपा एजेंट करार दिया है। ममता ने हाल ही में कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो टीएमसी भी समर्थन देगी। टीएमसी सुप्रीमो के बयान पर अधीर रंजन ने कहा था कि ममता पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि ममता को लेकर जो भी फैसला होगा वह खड़गे खुद या आलाकमान सोनिया गांधी करेंगी।



खड़गे के बयान के बाद बीजेपी ने इस मौके को लपका और लगे हाथ बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने अधीर रंजन चौधरी को पार्टी बदलने का ऑफर दे दिया। शनिवार को प्रचार के दौरान एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सुकांत मजूमदार ने कहा, मैं अधीरदा से यही कहूंगा कि अगर आप ममता बनर्जी से लड़ना चाहते हैं तो कोई उपयुक्त जगह ढूंढ लीजिए। जिस घर में आप हैं वह भयावहता से भरा है। भयावहता का घर छोड़ो। राम के घर चलो।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पहले ही एक फर्जी मैसेज फैल चुका है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि अधीर चौधरी जून में बीजेपी में शामिल होंगे। हालांकि अधीर ने वायरल मैसेज का खंडन किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अधीर को दी गई चेतावनी के बाद फिर कयासों का बाजार गर्म हो गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अधीर चौधरी को सख्त संदेश देते हुए ममता मुद्दे पर कहा, अधीर रंजन चौधरी फैसला नहीं लेंगे, हम फैसला लेंगे, कांग्रेस पार्टी फैसला लेगी। हम हाईकमान हैं। हम जो कहते हैं उसे मानना होगा, नहीं तो हमें जाना होगा। इसके अलावा खड़गे ने ममता के इंडिया ब्लॉक में होने को लेकर कहा, ममता बनर्जी शुरू से ही बाहर से समर्थन की बात करती रही हैं और बाहर से समर्थन कोई नई बात नहीं है। सबसे पहले यूपीए सरकार को वामपंथियों का भी बाहर से समर्थन प्राप्त था। हालांकि बाद में ममता ने यह भी कहा कि वह इंडिया गठबंधन में हैं और सरकार बनने पर उसमें शामिल होंगी।

खड़गे की चेतावनी के बाद अधीर रंजन ने बहरामपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह संभव नहीं है कि कोई कांग्रेस को नष्ट कर देगा। एक पार्टी सिपाही के तौर पर मैं इस लड़ाई को नहीं रोक सकता। मेरा विरोध नैतिक विरोध है। मेरे विरोध से मेरी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपनी पार्टी को बचाने के लिए लड़ रहा हूं।

## पाकिस्तान से लेंगे श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर, पंजाब में जमीन नहीं खरीद पाएंगे बाहरी लोग : अकाली दल



**जालंधर , एजेंसी।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने कहा कि अगर जनता हमें सेवा का अवसर देती है तो हमारी प्राथमिकता राज्य में ऐसा कानून लेकर आने की रहेगी, जिससे दूसरे राज्यों के लोग यहां पर कृषि जमीन नहीं खरीद सकेंगे।

इसके अलावा श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर भारत को दिलाने और इसके बदले में पाकिस्तान को कहीं अन्य जगह पर जमीन देने का करार किया जाएगा। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि पाकिस्तान के लिए वह टूरिस्ट हब हो सकता है, लेकिन भारतीयों के लिए आस्था का केंद्र है। सुखबीर बादल ने कहा कि अगर पंजाब के लोग जम्मू-कश्मीर या फिर हिमाचल प्रदेश जाकर जमीन नहीं खरीद सकते है तो फिर उन्हें पंजाब में कृषि जमीन खरीदने की आजादी क्यों दी गई है। इस मौके पर सुखबीर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता पंजाब में नई इंडस्ट्री लगवाने व उनमें 75 प्रतिशत पंजाबियों को नौकरी देने का प्रविधान करने की भी रहेगी। राज्य के किसानों की जमीनों पर कब्जों को रोकने के लिए कानून लाने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमृतसर स्थित वाघा, फाजिल्का व फिरोजपुर सीमा खोलने की मांग लोकसभा में रखी जाएगी। ऐसा करने से देश का कारोबार निश्चित रूप से बढ़ेगा। सुखबीर ने कहा कि राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। शिअद की सरकार के दौरान पठानकोट के क्षेत्र धारकलां को टूरिस्ट हब के रूप में विकसित करने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया था, लेकिन इस दौरान सरकार बदल गई थी। खासकर धारकलां से डल्हौजी व दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश की तरफ जाने वाली रोड पर टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। पंजाब में रही अकाली सरकार की उपलब्धियों को तस्वीरों के माध्यम से बयां किया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ नेताओं की तस्वीरें प्रकाशित करके पार्टी का इतिहास दिखाया गया है।

## अफेयर के शक में हैवान बना पति, पत्नी के प्राइवेट पार्ट में कील ठोकी; लगाया ताला

**मुंबई एजेंसी।** पति के दिमाग पर अपनी पत्नी के किसी और से अफेयर के शक का बीज इस कदर हावी हो गया कि उसने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। मामला महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवाड़ इलाका है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी के गुप्तांग पर कील ठोक दी। इतना ही नहीं प्राइवेट पार्ट में पीतल का ताला भी लगा दिया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना बीती 11 मई की बताई जा रही है। महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवड़ में 30 वर्षीय नेपाली युवक ने अपनी पत्नी के साथ कथित तौर पर हैवानित की सारी हदें पार कर दीं। उसने पहले अफेयर के शक में 28 साल की अपनी बीवी को बुरी तरह मारा और फिर उसके निजीं अंगों को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने हैवानियत की सारी सीमाएं पार कर दीं। उसने अपनी नेपाली पत्नी के प्राइवेट पार्ट में दो कील ठोक दी और फिर वहां पीतल का ताला लगाा दिया। आरोपी शकी दिमाग का शख्स बताया जा रहा है। उसे अपनी पत्नी का किसी और से बातचीत करना बिल्कुल पसंद नहीं था। उसे लगता था कि उसकी बीवी का किसी और से अफेयर चल रहा है। पति के बेशर्म हमलों के बाद महिला मदद के लिए चिल्लाने लगी और खून से लथपथ फर्श पर लेटकर दर्द से कराह रही थी। बिल्डिंग के लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महिला ने गंभीर चोटें लगने के बावजूद बाद में पति के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पति चौकीदारी का काम करता है जबकि महिला गृहिणी है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें धारा 326 (खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाना), 506 (2) (आपराधिक धमकी), और 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने के लिए सजा) शामिल है।

# काश मनीष सिसोदिया यहां होते, तो..., 13 मई की घटना को लेकर छलका स्वाति मालीवाल का दर्द

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप पर उसके साथ मारपीट के आरोपी बिभव कुमार को बचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सीएम आवास पर लगे सीसीटीवी फुटेज को गायब करने की भी बात कही।इसके साथ ही स्वाति ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को भी याद किया। बता दें, बिभव कुमार को कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर भेज दिया है।

स्वाति मालीवाल ने ट्वीट किया- किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे। आज 12 साल बाद सड़क पर निकले हैं, एक ऐसे आरोपी को बचाने के लिए जिसने सीसटीवी फुटेज गायब किए और फोन फॉर्मेट किया। काश इतना जोर मनीष सिसोदिया जी के लिए लगाया होता। वो यहां होते तो शायद मेरे साथ इतना बुरा नहीं होता! बता दें, स्वाति मालीवाल ने बिभव पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बिभव ने उनको थप्पड़ मारा, पेट पर लात मारी और सिर को टेबल पर पटका। हालांकि आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों से इनकार किया है और इसके पीछे बीजेपी की साजिश करार दिया है।



**हमला इतना खतरनाक कि मालीवाल की जान पर बन आती... दिल्ली पुलिस ने बिभव की रिमांड के लिए कोर्ट को बताया:** आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को 5 दिन की रिमांड में भेड दिया गया है। पुलिस ने बिभव की 7 दिन की हिरासत की मांग की थी। शनिवार देर शाम दाखिल की गई रिमांड अर्जी में कहा गया था यह एक गंभीर मामला है जिसमें बेरहमी से किया गया हमला घातक हो सकता था।

बिभव को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजने वाले मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल से जांच एजेंसी ने कहा कि केजरीवाल के सहयोगी पुलिस के साथ सहयोग नहीं कर रहे और जवाब देने से बच रहे हैं। रिमांड अर्जी में कहा गया है, यह एक बहुत ही गंभीर मामला है जिसमें एक सार्वजनिक हस्ती, संसद सदस्य पर बेरहमी से हमला किया गया जो घातक हो सकता था। सवाल किए जाने के बावजूद आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया है और वह जवाब देने से बच रहा है।''

रिमांड अर्जी में कहा गया है कि मजिस्ट्रेट के सामने मालीवाल की गवाही की मेडिकल सबूतों ने पुष्टि की है। अर्जी में कहा गया है कि मालीवाल के आरोपों के अनुसार, बिभन ने उन पर बेरहमी के हमला किया, उन्हें घसीटा और उनका सिर मेज पर मारा इसके अलावा वह उन पर चिल्लाए, उन्होंने उन्हें धमकाया और उनके लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इसमें कहा गया है कि इस मामले में सबसे अहम सबूत घटनास्थल का डिजिटल वीडियो रिकॉर्ड (डीवीआर) है जिसे अभी तक पुलिस को मुहैया नहीं कराया गया है।

पुलिस हिरासत का अनुरोध करने वाली अर्जी में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के आवास के एक जूनियर इंजीनियर ने स्वीकार किया था कि उसकी उस स्थान तक पहुंच नहीं है जहां डीवीआर और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं लेकिन बाद में उसने डाइनिंग रूम का वीडियो उपलब्ध कराया लेकिन कथित घटना के समय के इसमें कोई फुटेज नहीं हैं। अर्जी में कहा गया है कि बिभव मुख्यमंत्री के आवास पर शनिवार को मौजूद थे और पूछताछ किए जाने पर उन्होंने टालमटोल करने वाले जवाब दिए। इसमें कहा गया है, ''अपराध स्थल पर उनकी मौजूदगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत अहम सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की प्रबल संभावना पैदा करती है। आरोपी एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वह एक आधिकारिक पद पर नौ साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार



## हैदराबाद ने पंजाब को 4 विकेट से हराया

**● पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंची**

**● अभिषेक का अर्धशतक, नटराजन को 2 विकेट**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में रविवार को हुए डबल हेडर के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदाराबाद ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। इसी के साथ पॉइंट्स टेबल में 17 अंक के साथ टीम दूसरे नंबर पर आ गई है। राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। पंजाब किंग्स ने 5 विकेट खोकर पहली पारी में 214 रन बनाए थे। जवाब ने हैदराबाद ने 6 विकेट खोकर 19.1 ओवर में टारगेट चेज कर लिया। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जमाया। उन्होंने 28 बॉल में 66 रन की पारी खेली। उनके अलावा हेनरिक क्लासन नेभी 25 बॉल में 42 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में टी नटराजन ने 2 विकेट लिए।

## महेंद्र सिंह धोनी की भावुक विदाई!



**● आंखों में दिखे आंसू, सबके बीच रहकर भी अकेले पड़ गए माही**

**बेंगलुरु, एजेंसी।** गत विजेता और पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी। घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने करो या मरो के मैच में चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। मैच के बाद अब एकबार फिर सारी निगाहें धोनी की ओर टकटकी लगाए देख रही है। जिस तरह एक के बाद एक इशारे मिल रहे थे, उसकी कड़ियों को जोड़ने पर यही लगता था कि धोनी आखिरी बार आईपीएल खेल रहे हैं। इसके बाद शायद संन्यास ले लेंगे। येलो आर्मी अगर चैंपियन बनती या फाइनल में भी पहुंचती तब तो ऐसे बिग इवेंट धोनी को ग्रैंड विदाई मिलती।

मगर अब एकबार फिर से कयासों का दौर शुरू हो चुका है। आरसीबी से हार के बाद धोनी की एक दिल तोड़ने वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जब जीत की उम्मीदें धीरे-धीरे धुंधली पड़ रही थी। टीम को तीन गेंद पर 11 रन की जरूरत थी। धोनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाने के बाद दूसरी पर आउट हो चुके थे। डगआउट में वापस जाकर दोबारा मैदान पर नजर गड़ाने की कोशिश कर रहे थे। सिर पीछे झुकाए, जो छुट गया उसके बारे में सोच रहे थे। आंखों में नमी थी। चेहरे पर खामोशी थी। एक अजीब सी शांति, जिसके भीतर जज्बातों का तूफान पल रहा था। शायद धोनी बखूबी जानते हैं कि वह 42 साल की उम्र में शानदार फॉर्म के बावजूद फाइनल के नजदीक पहुंचाने का मौका गंवा चुके हैं।

### चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराया

# सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता




**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया।

पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था।

सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

### बॉक्सिंग

# निकहत-मीनाक्षी ने स्वर्ण जीता

### एलोरडा कप में भारत के नाम 12 पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

शनिवार को भारतीय टीम ने एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया। निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे।

निकहत (52 किग्रा) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए कजाकिस्तान की जजीरा उराकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपने प्रभावशाली करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। मीनाक्षी ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ।

अनामिका ने मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनीषा को कजाकिस्तान की विक्टोरिया ग्राफीवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

### आईपीएल 2024

# यश दयाल के शानदार प्रदर्शन से बेंगलुरु की चेन्नई पर 27 रन की जीत



**बेंगलुरु, एजेंसी।** एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल ने 42 रन देकर 2 विकेट लिए, जिसमें एम.एस. धोनी को अंतिम ओवर में सात रन पर आउट करना भी शामिल था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स पर 27 रन की शानदार जीत के साथ प्लेऑफ में प्रवेश करने का हौसला बनाए रखा।

कप्तान फाफ डु प्लेसिस (54), विराट कोहली (47), रजत पाटीदार (41) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 38) की सामूहिक बल्लेबाजी में 218/5 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने सीएसके को शुरू से ही परेशानी में डाले रखा। हालांकि रचिन रवींद्र ने 61 रन बनाए और रवींद्र जडेजा-एमएस धोनी ने 27 गेंदों पर 61 रन की साझेदारी की, लेकिन यह पर्याप्त नहीं थी, क्योंकि सीएसके प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए 191/7 पर ही सीमित थी।

आरसीबी को लगातार छठी जीत मिली। अब वह 23 मई को अहमदाबाद में एलिमिनेटर खेलेगी। सीएसके शुरू से ही 219 रन का पीछा करने की कोशिश में नहीं थी। ग्लेन मैक्सवेल की शॉर्ट फाइन लेग पर सीधे शॉर्ट बॉल को टॉप-एज करने के बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ गोल्डन डक के शिकार हो गए।

डेरिल मिशेल कुछ खास नहीं कर सके और यश दयाल के खिलाफ मिड-ऑफ में गेंद गंवाने से पहले केवल छह गेंदों तक टिके रहे। रचिन ने अपने कट और पुल के साथ अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 66 रनों की साझेदारी करके सात चौके लगाकर शुरुआती झटकों के बाद सीएसके के जहाज को संभाला। लेकिन आरसीबी के स्पिनरों द्वारा बनाए गए दबाव का मतलब था कि अजिंक्य रहाणे लॉकी फर्ग्यूसन की पहली गेंद पर नियंत्रण करना चाहते थे, लेकिन 22 गेंदों में 33 रन बनाकर वाइड मिड-ऑफ पर आउट हो गए।

रचिन ने फर्ग्यूसन को डीप मिडविकेट पर छक्का लगाकर 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है। किस्मत सीएसके के साथ जा रही थी, जब सिराज ने लॉन्ग-ऑन पर शिवम दुबे का कैच छोड़ दिया। लेकिन उसी ओवर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई और रवींद्र 37 गेंदों में 61 रन बनाकर रन आउट हो गए।

हालांकि ग्रीन की गेंद पर दिनेश कार्तिक ने जडेजा का कैच छोड़ दिया, लेकिन आरसीबी ने स्ट्राइक करना जारी रखा, क्योंकि दुबे ने फर्ग्यूसन की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट किया, जबकि फाफ डु प्लेसिस ने मिड-ऑफ पर एक हाथ से छलांग लगाकर मिशेल सेंटनर को सस्ते में आउट कर दिया।

सीएसके को 200 के पार ले जाने के लिए जडेजा और धोनी ने आपस में नौ शानदार चौके लगाए, लेकिन अंतिम ओवर में दयाल के आउट होने के बाद मैच आरसीबी के पक्ष में आ गया। सीएसके को अंतिम दो गेंदों पर क्वालिफाई करने के लिए 10 रनों की जरूरत थी, लेकिन दयाल ने एक भी रन नहीं देकर मैदान में जश्न का माहौल बना दिया।

**संक्षिप्त स्कोरः**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 20 ओवर में 218/5 (फाफ डु प्लेसिस 54, विराट कोहली 47, शार्दुल ठाकुर 2-61, मिशेल सेंटनर 1-23) ने चेन्नई सुपर किंग्स को 20 ओवर में 191/7 (रचिन रवींद्र 61, रवींद्र जडेजा 42 नाबाद) यश दयाल 2-42, कैमरून ग्रीन 1-18) 27 रन से हराया।

## धोनी ने मारा आईपीएल 2024 का सबसे लंबा छक्का, स्टेडियम के बाहर गई गेंद




**बेंगलुरु, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 68वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने बाजी मारकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की। वहीं, एमएस धोनी ने इस मैच में एक जुझारू पारी पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस पारी में एमएस धोनी ने एक छक्का जड़ा, जो स्टेडियम के बाहर गया। ये छक्का इस सीजन का सबसे लंबा छक्का था।

एमएस धोनी ने इस मैच में 13 गेंदों पर 25 रनों की पारी खेली। उन्होंने 192.31 की स्ट्राइक रेट से 3 चौके और 1 छक्का जड़ा। धोनी ने इस पारी के दौरान तेज गेंदबाज यश दयाल की गेंद पर इस सीजन का सबसे लंबा छक्का लगाया। यश दयाल ने पारी के आखिरी ओवर की पहली गेंद फुलटॉस गेंद फेंकी थी।

धोनी ने फाइन लेग के ऊपर से यह गेंद स्टेडियम के बाहर मारी। इस छक्के की लंबाई 110 मीटर था। इसी के साथ धोनी ने दिनेश कार्तिक को पीछे छोड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इसी मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 108 मीटर लंबा छक्का लगाया था।

**आईपीएल 2024 के सबसे लंबे छक्के**

एमएस धोनी - 110 मीटर
दिनेश कार्तिक - 108 मीटर
शिम्रोन हेटमायर - 106 मीटर
हेनरिक क्लासेन - 106 मीटर
निकोलस पूरन - 106 मीटर
वेंकटेश अय्यर - 106 मीटर
जॉनी बेयरस्टो - 105 मीटर



## चंडीगढ़ के दो शूटर्स को मिला पेरिस ओलंपिक का टिकट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** शहर से जुड़े दो शूटर्स ने शनिवार को पेरिस ओलिंपिक का टिकट हासिल किया। डीएवी -10 में पढ़ने वाले सरबजोत सिंह और पूर्व छात्र अर्जुन बबूता ने ओलिंपिक जाने वाली भारतीय निशानेबाजी टीम में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। पुरुषों की एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह ने 584 का स्कोर कर ओलिंपिक चयन ट्रायल (टी4) क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया।

अर्जुन सिंह चीमा 583 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वरुण तोमर (577) तीसरे, रविंदर सिंह (576) चौथे और नवीन (574) पांचवें स्थान पर रहे। वहीं पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में, नतीजों का स्टैंडिंग पर कोई असर नहीं पड़ा। संदीप सिंह (628.3 के साथ चौथे) और अर्जुन बबूता (624.7 के साथ पांचवें) ने कुल स्कोर में अपने शीर्ष दो स्थान बनाए रखे। ऐसे में यह सुनिश्चित है कि यह दोनों खिलाड़ी पेरिस ओलिंपिक की 10 मीटर प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पेरिस ओलंपिक गेम्स के लिए भिंड की पूजा ओझा का चयन

### कायकिंग कैनोइंग में लेंगी हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के भिंड की रहने वाली पूजा ओझा का चयन पेरिस पैरालंपिक खेल के लिए हुआ है. पूजा कायकिंग कैनोइंग में हिस्सा लेगी. देशभर से चयनित चार खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश से तीन महिला पैरा खिलाड़ियों में भिंड की रहने वाली पूजा ओझा, ग्वालियर से प्राची यादव, रजनी झा शामिल हैं. बता दें कि पेरिस पैरालंपिक खेल का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त, 2024 तक किया जा रहा है. दरअसल, पैरा खेलों में बेटियों को पहचान दिलाने के लिए जिले में साल 2017 में स्थानीय गौरी सरोवर स्थित वोट क्लब पर पहला केनो, कयाक सेंटर स्थापित किया गया. इसी क्लब में प्रशिक्षण लेकर पूजा ओझा प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनी है. खेल प्रशिक्षक राधे गोपाल यादव ने कहा कि यहां विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है. आज देश के चार खिलाड़ियों में से तीन महिला और एक पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं. इन खिलाड़ियों में भिंड से पूजा ओझा, ग्वालियर से प्राची यादव और रजनी झा शामिल हैं. वहीं आगरा





के यश तोमर का भी ओलंपिक खेल में चयन हुआ है. गौरतलब है कि ये सभी खिलाड़ी भिण्ड के वोट क्लब में ही प्रशिक्षण लिया है.

**30 खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बना चुके पहचान**

राधे गोपाल यादव ने कहा कि भिण्ड के लिए ये गौरव का विषय है कि यहां से प्रारंभ हुआ यह खेल इन सबके लिए वरदान साबित हुआ. उन्होंने बताया इस क्लब के निर्माण के बाद से लगभग 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं. आगे आने वाले समय में पूजा ओझा से प्रेरणा लेकर भिंड में और प्रतिभाएं निकल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरेंगी.

**बेटियों की हत्याओं के लिए था बदनाम**

दरअशल, भिंड की तस्वीरें अब लगातार बदल रही है. समय के साथ ही भिंडवासियों की सोच भी बदली. कभी ये जिला नवजात बेटियों की हत्याओं के लिए बदनाम रहा, लेकिन अब लड़कों की तरह हर क्षेत्रों में आगे आ रही है. साथ ही यहां की बेटियां कई स्तर पर अपने जिले का नाम रोशन कर रही है.

## एक नजर

### पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात सहरसा गांव में छापेमारी करते हुए फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि सहरसा गांव निवासी विनय सिंह बहुत दिनो से फरार है। वह घर पर आया हुआ है। उसे छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

### एचओपीसी ने की अगलगी पीड़ित परिवार की सहायता

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** ओबरा प्रखंड में डिहरा पंचायत के लबदना गांव निवासी राजू पासवान के घर में अगलगी की घटना की जानकारी मिलने पर हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के सदस्यों पीड़ित के घर पहुंचकर परिवार को राहत सामग्री प्रदान की।एचओपीसी के सदस्य संगठन के संरक्षक एवं लोजपा( रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा के निर्देश पर संगठन के मानवीय पहल 'राहत' के तहत मदद के रूप में रेडक्रॉस किट के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं वाली राहत सामग्री ले कर पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर सहायता प्रदान की। वही डॉ. चंद्रा ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने इस नेक कार्य के लिए एचओपीसी की टीम के सदस्य दीपक राज, मुखिया संतन सिंह, आलोक कुमार एवं रंजू देवी की सराहना की है।

### हीमोफीलिया मरीजों के बेहतर उपचार पर हुआ मंथन

**पटना (नि.सं.)।** राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं हीमोफीलिया सोसायटी, बिहार के संयुक्त बैनर तले रविवार को एक होटल में बिहार हीमोफीलिया कॉन्क्लेव-2024 का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में राज्य के हीमोफीलिया के मरीजों के बेहतर उपचार के लिए मंथन किया गया। इसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ-साथ राज्य के विभिन्न डे केयर सेंटर एवं सभी जिलों के नामित नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। हीमोफीलिया मरीजों के इलाज से संबंधित विकसित नई तकनीक से सभी चिकित्सकों को अवगत कराया गया ताकि वे राज्य के सभी हीमोफीलिया के मरीजों को बेहतर सेवा दे सकें। उद्घाटन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक अनिल कुमार ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर बीमारी है जिसमें व्यक्तियों में रक्त का थक्का सामान्य रूप से नहीं जमता है एवं खून ठीक से नहीं जमने के कारण चोट लगने की स्थिति में शरीर के बाहर या अंदर बहुत ज्यादा खून बहता है। इस बीमारी का इलाज तो हो सकता है लेकिन इससे पूर्णतः ठीक नहीं किया जा सकता है तथा यह बीमारी लंबे समय तक या सारी जिंदगी रह सकती है। वर्तमान में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार की वेबसाइट पर कुल 1374 हीमोफीलिया के मरीज निबंधित हैं एवं हीमोफीलिया सोसायटी, बिहार अन्तर्गत कुल 1900 की संख्यां में हीमोफीलिया के मरीज निबंधित हैं जिन्हें बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

### केके पाठक के निरीक्षण के दौरान स्कूल से गायब मिले कई शिक्षक

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** बिहार में एक बार फिर शिक्षकों पर केके पाठक का डंडा चला है। औरंगाबाद में निरीक्षण के दौरान स्कूल से बिना छुट्टी के गायब 25 शिक्षकों पर शिक्षा विभाग की गाज गिरी है। स्कूल से गायब पाए गए सभी शिक्षकों का वेतन काटने के आदेश शिक्षा विभाग ने जारी कर दिया है। दरअसल, डीपीओ ने बताया कि बीते 13 मई को स्कूलों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान औरंगाबाद जिले के अलग-अलग स्कूलों से 25 शिक्षक ड्यूटी से गायब पाए गए। सभी 25 शिक्षकों की अनुपस्थिति अवधि का वेतन काटने का निर्देश शिक्षा विभाग ने दिया है। इसके साथ ही सभी स्कूलों के हेडमास्टर को यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में इसे दर्ज किया जाए। स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षकों में बारुण प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तेलडीहा के शिक्षक अजीत कुमार सिंह, श्वेता कुमारी, मदनपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय खिरियावां की संगीता कुमारी, औरंगाबाद प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नेतलाल बिगहा की गीता, उज्जवल कर्ण, डिंपल कुमारी, नबीनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझियावां की संजू कुमारी, हरिनारायण व कौशल किशोर, उच्च विद्यालय हसपुरा के कुमारी उषा, श्रीकांत कुमार, अमोद कुमार, संजीत कुमार, अशोक कुमार प्रियदर्शी, संजीव रंजन, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी और चंद्रशेखर सिंह शामिल हैं।

# सड़क हादसे में युवक की हुई मौत परिजनों ने लगाई मुआवजे की गुहार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 19 पर रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां ओरा गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के बलियारी गांव निवासी रकीबुल्लाह आलम के पुत्र मो। रईस आलम के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रईस आलम अपने घर से शेरघाटी के हेमजापुर गांव गया हुआ था। जहां वह किसी काम से औरंगाबाद जा रहा था। इसी बीच वह जैसे ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के पास पहुंचा, किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी मुफस्सिल थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटनास्थल पर भीड़ जमा होने और यातायात बाधित होने से बचाने के लिए पुलिस शव को सदर अस्पताल ले आयी। सूचना पाकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर चीखने-चिल्लाने लगे। परिजनों की चीख-पुकार से सदर अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से फर्द बयान लिया और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने बताया कि ओरा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक दो भाइयों में छोटा था। पिछले साल उनके पिता का भी निधन हो गया। घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया वहीं गांव में भी मातम पसर गया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# डायन का आरोप लगाकर लाठी-डंडे व रॉड से की पिटाई, आधा दर्जन जख्मी

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के बनारसी बिगहा गांव में डायन का आरोप लगाकर एक परिवार पर घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों में बिंदेश्वर राम, योगेन्द्र राम, विकास राम, बिंदा देवी, मुकेश कुमार और प्रमिला देवी शामिल हैं। आरोप है कि मारपीट के दौरान घर में रखे सामान व वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। रविवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मियों ने बताया कि पड़ोसियों की ओर से हमेशा बेवजह डायन का आरोप लगाया जाता है। पूर्व में भी कई बार मारपीट की घटना घटी है। कई बार समझौता भी हुआ, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बताया कि पूरा परिवार खाना खाकर घर में सोये थे। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग डायन का आरोप लगाते हुए लाठी-डंडे, लोहे के रॉड व धारदार हथियार लेकर घर में घुस आये। जब तक उक्त लोगों से कुछ पूछताछ करते, तब तक उन लोगों ने पूरे परिवार के ऊपर हमला कर दिया, जिससे परिवार के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये। इस मारपीट के दौरान उक्त लोगों ने घर में रखे सामान व वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना को अंजाम देकर सभी लोग मौके से फरार हो गये। मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति रही। शोरगुल की आवाज सुनकर अन्य ग्रामीण पहुंचे और सभी जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया। इधर, जानकारी मिली कि प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने योगेंद्र राम की स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन योगेंद्र राम को लेकर बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना चले गये। माली थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बनारसी बिगहा गांव में मारपीट की सूचना मिली है। जख्मियों की ओर से प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। इस मामले में सात-आठ लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पूर्व विधायक ने किया एनडीए के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** लोकसभा चुनाव को लेकर गोह में राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए)के कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज शर्मा व पूर्व विधायक रणविजय शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर मौजूद एनडीए में सभी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक मनोज शर्मा व पूर्व विधायक रणविजय शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वशिष्ठ शर्मा ने की जबकि संचालन भाजपा के जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में कई ऐतिहासिक काम हुए है।

इस मौके पर गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजू कुमार विद्यार्थी, दधपी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सतीश शर्मा, दीपक उपाध्याय, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रदेश प्रभारी इंदल चंद्रवंशी, ब्रजेश पासवान, दिनेश चंद्रवंशी एवं बिट्टू सिंह समेत दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुलजारबाग-रतन खाप के बीच हुई गोलीबारी का पुलिस ने किया उद्भेदन

निज संवाददातता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना के गुलजारबाग-रतनखाप के बीच 16 मई को हुए गोलीकांड का खुलासा औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 अमित कुमार ने किया है। उन्होंने बताया कि 16 मई की रात गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर रफीगंज पुलिस पहुंची। गोलीबारी में पंकज कुमार को तीन गोली लगी थी। उसको सदर अस्पताल ले जाया गया। बाद में घायल से पूछताछ की गई तो बताया कि हमलोग जन्मदिन के अवसर पर अपने दोस्त चरकुपा गांव के गौतम कुमार के घर गये गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में घात लगाकर दो-तीन बाइक से छह से सात अपराधी वहां पर बैठे हुए थे। जैसे ही हमलोग पहुंचे तो मेरे उपर गोलीबारी शुरू की। साथ में रहे तीन दोस्त जान बचाकर भागे। इस घटना पर औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक एसआईटी का गठन किया गया, जिसके नेतृत्व में रफीगंज की पुलिस निरीक्षक मधु कुमारी, थानाध्यक्ष गुफरान अली, एएसआई कविता कुमारी, एसआई कुशो कुमार, परमजीत मंडल एवं वर्षा कुमारी ने छापेमारी की। साजिशकर्ता गौतम कुमार ही है, जो अपने दोस्त को जन्मदिन के लिए बुलाता है और एक तरीके से सूचना पहले ही अपराधी को दे देता हैं। पहले ही अपराधी को पता होता है कि पंकज कुमार इसी रास्ते से इतने समय में लौटने वाला है। इंटरेस्टिंग बात यह है कि पहले ही पंकज कुमार किसी कांड में वादी है। उसका वह अभियुक्त है। इस मामले में उसने छह लोगों का नाम बताया। अभी तक दो लोग गौतम और अजीत को गिरफ्तार किया गया है।

## बिजली के शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति राख

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में रविवार की सुबह पांच बजे बिजली की शार्ट सर्किट से एक घर में अचानक आग लग गई जिससे हजारों रुपए की संपति जलकर राख हो गई। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे अन्य घरों को आग के चपेट में आने से बचा लिया गया। पीड़ित परिवार के सुलतान अंसारी ने बताया कि सुबह पांच बजे पूरा परिवार दूसरे रूम में चौकी पर सोया हुआ था कि अचानक पड़ोसियों न आग लगने की आवाज लगाई।हमलोग जागे तो देखा कि मेरे ही घर के चारो तरफ आग लगा हुआ है। हमलोग घर से बाहर निकलकर पास के मोटर को चालू कर आग बुझाना शुरु किया। पत्नी आयशा खातून, मां कौशर बानो, भाई मंजर अंसारी एवं ग्रामीण इख्तेयार अंसारी, बिटना, कारू अंसारी, विष्णुदेव राम, इम्तियाज आलम, नेयाज अहमद, फिरोज आलम सहित अन्य लोगो ने घंटो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक घर में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, बिजली के उपकरण सहित लाखों के सामान जल कर खाक हो गए। आग लगने के बाद पीड़ित परिवार के सामने दो वक्त की रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने सरकार से मिलने वाली सहायता राशि की मांग है।

# डीआरओ ने लो वीटीआर इलाकों में वोटरों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालयसंवाददाता



**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में के विभिन्न प्रखंडों संबंधित क्षेत्रों में सभी वर्गों की मतदान में शत प्रतिशत प्रतिभागिता एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि तथा लो वीटीआर के मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निर्देश पर औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियो का दल मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलने के अतिरिक्त जागरूकता कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त मतदाताओं से मिलकर लो वीटीआर के विभिन्न कारण के साथ-साथ समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री दाउदनगर प्रखंड में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा नबीनगर विधानसभा के बारुण ब्लॉक के पौथु पंचायत में बूथ संख्या 39, 40, 41-मध्य विद्यालय, पौथु एवं बूथ नं. 34, 35-मध्य विद्यालय, तमोली में मतदाताओं से मिलकर उनके समस्याओं को सुनते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गई और प्रजातंत्र में मतदान के महत्व को बताते हुए जागरूक भी किया गया।

इस मौके पर औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बारूण के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जीविका के प्रखंड प्रबंधक आदि उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि जीविका दीदी के द्वारा डोर टू डोर संपर्क अभियान से मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है। लो वीटीआर के क्षेत्र में जीविका दीदी प्रत्येक गांव के घर-घर में जाकर मतदाताओं से मिलकर अधिक से अधिक संख्या में लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए अनुरोध करेंगी। उन्होंने अपील किया कि प्रजातंत्र को मजबूत करने के लिए इस महापर्व में अधिक से अधिक लोग भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

## उनके लटके झटके व स्टार्स उतारने से मेरी चुनावी सेहत पर कोई फर्क नहीं : उपेन्द्र कुशवाहा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैंदान में आ जाने से काराकाट की संसदीय सीट बिहार की हॉट सीट बनी हुई है। इस हॉट सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान पवन सिंह के लटके-झटके भी खूब दिखा रहे है। साथ ही पवन चुनाव प्रचार में भोजपुरी एक्टर्स की फौज भी उतारने जा रहे है। पवन सिंह की चुनावी सभाओं में भी काफी भीड़ उमड़ रही है। इसके बावजूद काराकाट से सर्वाधिक गंभीर उम्मीदवार के रूप में जाने जा रहे एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाहा के चेहरे पर कोई शिकन नहीं दिख रही है। वें चुनाव प्रचार के दौरान हर जगह गंभीरता दिखा रहे है। कोई भी उल्टा सीधा बयान नहीं दे रहे है। उनकी सभाओं में भी पवन सिंह की सभाओं के समान ही भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके बावजूद चुनाव प्रचार में वें एक्टर्स और फिल्मी कलाकारों को उतारने से परहेज कर रहे है। उपेंद्र कुशवाहा ने साफ तौर से ऐलान कर दिया है कि उनको चुनाव प्रचार में एक्टर्स उतारने दीजिएं, हम नही उतारेंगे। एक्टर्स के प्रचार में आने से उनकी चुनावी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ने जा रहा है।

## अपराधियों ने दिनदहाड़े अस्पताल संचालक को सिर में मारी गोली

**पटना (नि.सं.)।** राजधानी पटना में अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। रविवार को शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के राजा बाजार के मछली मार्केट इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक हॉस्पिटल संचालक पर सरेआम फायरिंग की। इस फायरिंग में अस्पताल संचालक के सिर में गोली लगी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक अस्पताल संचालक गुड्डु कुमार पर बाइक सवार दो अपराधियों ने उस वक्त जानलेवा हमला कर दिया जब वह अपने अस्पताल के पास मौजूद थे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433